# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






पुतिन का विमान

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन के भारत आगमन पर दिखी अतिथि देवो भवः की झलक

# पुतिन जैसे ही विमान से बाहर आए...पीएम मोदी ने गले लगाया और एक ही कार में सवार होकर पीएम आवास गए

**नई दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर ठीक साढ़े 6 बजे लैंड हुआ पुतिन का विमान**

**आज 23वीं भारत-रूस शिखर वार्ता में शामिल होंगे पुतिन**



एयरपोर्ट में पीएम मोदी ने पुतिन का स्वागत किया

### पीएम मोदी ने दोस्त पुतिन के लिए तोड़ा प्रोटोकॉल, रूस भी हुआ हैरान

*जिगरी दोस्त सामने हो तो उसे गले लगाने के लिए कोई प्रोटोकॉल का ध्यान नहीं रहता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपने दोस्त रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मिलने के लिए उत्सुक थे। और उन्होंने प्रोटोकॉल का भी ध्यान नहीं रखा। उनका विमान पालम एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। ब्लैक सूट-बूट पहने पुतिन जैसे ही विमान से बाहर निकले। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरप्राइज कर दिया।रूसी राष्ट्रपति के विमान से उतरते ही पीएम मोदी ने उन्हें गले लगा लिया। पीएम मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़कर एयरपोर्ट पहुंचकर उन्हें रिसीव किया। पीएम मोदी के इस कदम से रूस चौंक गया।*

### आज के रूसी राष्ट्रपति के कार्यक्रम

- 5 दिसंबर सुबह 11 बजे- राष्ट्रपति भवन में स्वागत
- सुबह 11.30 बजे - राजघाट पर महात्मा गांधी की समाधि पर माल्यार्पण करेंगे
- 11.50 बजे - हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी के साथ मीटिंग
- दोपहर 1.50 बजे - हैदराबाद हाउस में प्रेस स्टेटमेंट्स
- शाम 7 बजे- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ राष्ट्रपति भवन में पुतिन की मीटिंग
- रात 9 बजे - रूस के लिए भारत से रवाना

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गुरुवार शाम को दो दिन के दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे। इस यात्रा का उद्देश्य लगभग आठ दशक पुरानी भारत-रूस साझेदारी को और मजबूत करना है, एक ऐसी साझेदारी जो जटिल भू-राजनीतिक माहौल के बावजूद स्थिर बनी हुई है।

एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति का भव्य स्वागत किया। रूसी राष्ट्रपति का विमान शाम करीब साढ़े छह बजे के आसपास नई दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। कुछ देर बाद विमान से उतरे पुतिन को पीएम मोदी ने रिसीव किया ।



पीएम मोदी ने एक्स पर शेयर की फोटो

### पीएम मोदी पुतिन को अपनी ही कार में लेकर गए

पुतिन का विमान गुरुवार को दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर लैंड हुआ है। पीएम मोदी खुद पुतिन को रिसीव करने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे थे। पीएम मोदी पुतिन को एयरपोर्ट से सफेद रंग की टोयोटा फॉर्च्यूनर गाड़ी में लेकर गए। ये गाड़ी फॉर्च्यूनर की सिग्मा 4 एमटी वैरिएंट थी। ये गाड़ी महाराष्ट्र नंबर की थी।

### ▶▶ अपने मित्र पुतिन का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है- पीएम मोदी

रूसी राष्ट्रपति का स्वागत करने के बाद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट किया है। जिसमें उन्होंने लिखा- मुझे अपने मित्र राष्ट्रपति पुतिन का दिल्ली में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। मैं हमारी बैठकों को लेकर आशान्वित हूं। भारत और रूस की दोस्ती समय की कसौटी पर खरी उतरी है, इससे हमारे लोगों को अपार लाभ हुआ है।

### पुतिन के दिल्ली पहुंचते ही आई खुशखबरी

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत पहुंचते ही रूस के आर्थिक विकास मंत्री मैक्सिम रेशेतनिकोव ने कहा कि रूस अपने बाजार में भारतीय वस्तुओं की आपूर्ति बढ़ाना चाहता है। उन्होंने कहा कि व्यापारिक संबंधों के संदर्भ में रूस व्यापार आदान-प्रदान बढ़ाने में रुचि रखता है। हम रूसी बाजार में भारतीय उत्पादों की आपूर्ति बढ़ाने और व्यापार संतुलन बनाने में रुचि रखते हैं, क्योंकि वर्तमान में रूसी सामान भारतीय बाजार में बहुत अधिक मात्रा में हैं, जबकि भारतीय सामान रूसी बाजार में उस अनुपात में नहीं हैं। रेशेतनिकोव ने कहा कि हम भारत से उत्पाद खरीदने में बहुत रुचि रखते हैं। हम इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी के लिए आभारी हैं, जिसमें दोनों देशों के कई मंत्री शामिल हैं। यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन है, जिससे हमारे नेताओं की वार्ता सफल होगी और 100 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य की प्राप्ति की उम्मीद जगेगी।

### राष्ट्रपति पुतिन के भारत दौरे से जागीं कई उम्मीदें

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन थोड़ी देर में भारत पहुंच गए हैं। उनकी यह यात्रा आर्थिक सहयोग को बहुत मजबूत करने में लंबा रास्ता तय करेगी। राष्ट्रपति पुतिन बड़ी संख्या में व्यापारिक प्रतिनिधियों के साथ यात्रा पर आए हैं। भारत-रूस के साथ व्यापार घाटे को कम करने की उम्मीद कर रहा है।भारतीय निर्यात बढ़ाने के लिए कई रास्ते तलाशे जा रहे हैं, विशेष रूप से दवाइयों, ऑटोमोबाइल, कृषि उत्पादों (समुद्री उत्पादों सहित) के क्षेत्र में। भारतीय कारोबारियों और उत्पादों को रूस में बड़ा बाजार मिलेगा, जिससे रोजगार सृजन को बल मिलेगा और हमारे किसानों की समृद्धि बढ़ेगी। जहाजरानी, स्वास्थ्य सेवाओं, उर्वरकों और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में कई समझौते और एमओयू होने की उम्मीद है। जन-जन के बीच संबंधों, मॉबिलिटी पार्टनरशिप, संस्कृति एव वैज्ञानिक सहयोग के क्षेत्र में भी अधिक सहयोग देखने को मिलेगा।







संसद के शीतकालीन सत्र का चौथा दिन
संसद के बाहर जमकर हुआ हंगामा




# दिल्ली वायु प्रदूषण को लेकर विपक्षी सांसदों का मास्क लगाकर प्रदर्शन
# सोनिया बोलीं- मेरे जैसे कई बुजुर्ग और बच्चे परेशान, सरकार कुछ करे

सांसदों ने 'प्रदूषण पर चर्चा करो' के नारे लगाए

**वायु प्रदूषण** की स्थिति पर चर्चा की मांग रखी



विपक्षी सांसदों ने मास्क पहनकर और 'मौसम का मजा लीजिए' वाला बैनर लेकर संसद परिसर में प्रदर्शन किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कई अन्य विपक्षी सांसदों ने वर्तमान शीतकालीन सत्र में वायु प्रदूषण की स्थिति पर चर्चा की मांग करते हुए गुरुवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। संसद के मकर द्वार के निकट प्रदर्शन करने वाले विपक्षी नेताओं ने मास्क पहन रखा था और एक बड़ा बैनर ले रखा था, जिस पर 'मौसम का मजा लीजिए' लिखा हुआ था। इस बैनर पर पीएम नरेंद्र मोदी की तस्वीर भी थी। दरअसल, पीएम मोदी ने शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा था कि आप लोग भी मौसम का मजा लीजिए। विपक्षी सांसदों ने उनकी इस टिप्पणी को दिल्ली और कई शहरों में वायु प्रदूषण की स्थिति से जोड़कर उन पर कटाक्ष किया। संसद परिसर में प्रदर्शन करने वाले सांसदों ने 'प्रदूषण पर चर्चा करो' के नारे भी लगाए। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी भी संसद भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं। इससे पहले आज, कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने प्रदूषण को लेकर सरकार की आलोचना की और बताया कि विपक्षी सांसद केंद्र का ध्यान आकर्षित करने के लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

## वायु प्रदूषण की स्थिति चिंताजनकः सोनिया

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने वायु प्रदूषण की स्थिति पर चिंता



जताते हुए कहा कि यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इससे निपटने के लिए कुछ करे। उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह कुछ करे। दमा से पीड़ित छोटे-छोटे बच्चे सांस नहीं ले पा रहे हैं, मेरे जैसे बहुत सारे बुजुर्ग हैं, उनके लिए भी मुश्किल है।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने वायु प्रदूषण के हालात को लेकर पीएम मोदी पर



कटाक्ष करते हुए कहा कि किस मौसम का मजा लें। बाहर देखें कि क्या स्थिति बनी हुई है, जैसे सोनिया जी ने कहा कि छोटे-छोटे बच्चे सांस नहीं ले पा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि हर साल स्थिति बिगड़ रही है, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता। प्रियंका ने कहा कि ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

### भाजपा का '400 पार' का नारा सफलः सुलता देव

शून्यकाल के दौरान बीजू जनता दल की सुलता देव ने कहा कि दिल्ली में तो वायु



प्रदूषण खतरनाक रूप ले चुका है और यहां पर एक्यूआई 400 पार हो चुका है। उन्होंने कटाक्ष किया कि सत्तासीन दल का '400 पार' का नारा सफल हो गया और दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) '400 पार' जा चुका है।

### दिल्ली सरकार 305 'मिस्ट स्प्रेयर' लगाएगीः सीएम



दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए 'मिस्ट स्प्रे' तकनीक को लागू करने के मकसद से एक व्यापक योजना तैयार कर रही है। दिल्ली के नौ प्रमुख प्रदूषण स्थलों पर 305 मिस्ट स्प्रेयर स्थापित करने का काम किया जा रहा है।

**सत्तापक्ष ने संसद में कई प्रश्नों के दिए जवाब**

### एक साल के अंदर पूरे देश में 'इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन': गडकरी

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि टोल संग्रह की मौजूदा प्रणाली एक साल के भीतर समाप्त हो



जाएगी और इसकी जगह एक इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली लेगी, जो राजमार्ग से गुजरने वालों की निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करेगी। नई प्रणाली 10 स्थानों पर शुरू की गई है और एक साल के भीतर पूरे देश में इसका विस्तार किया जाएगा। एक साल के अंदर पूरे देश में 'इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन' लागू कर दिया जाएगा। फिलहाल देश भर में 10 लाख करोड़ रुपए की 4,500 राजमार्ग परियोजनाएं जारी हैं।

### अहमदाबाद प्लेन क्रैश की जांच जारीः मोहोल

सरकार ने कहा कि जून में अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया प्लेन क्रैश की जांच अभी



भी चल रही है। जांच की फाइनल रिपोर्ट अभी जारी नहीं हुई है। इस मामले में सिविल एविएशन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो, एयरक्राफ्ट नियम- 2025 के तहत जांच कर रहा है।

### 10 साल में रेलवे में दी 5.08 लाख भर्तियां: अश्विनी

केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण मंत्री तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री



अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में कहा कि कैलेंडर वर्ष 2024 और 2025 में भारतीय रेलवे ने 1,20,579 रिक्तियों के लिए भर्ती निकाली हैं। साथ ही बताया कि 2014-15 से लेकर 2024-25 में 5.08 लाख लोगों को नौकरी दी है।

### मानव तस्करी मामले में पंजाब आगेः जयशंकर

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने राज्यसभा को बताया कि देश में मानव तस्करी के सबसे अधिक मामले पंजाब में सामने आए हैं। पंजाब सरकार ने मानव तस्करी के मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) और



एक फैक्ट फाइंडिंग कमेटी गठित की है। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार के अनुसार 58 अवैध ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ 25 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं, और 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।' उन्होंने कहा, 'हरियाणा में, 2,325 मामले दर्ज किए गए हैं और 44 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं तथा 27 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गुजरात राज्य द्वारा एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

### रुपए की कीमत घट रही, देश की आर्थिक स्थिति ठीक नहींः खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि रुपए की कीमत घट रही है। इसका मतलब है कि इस देश की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। वे (पीएम मोदी) हमेशा कहते हैं कि हम विकास कर रहे हैं और आर्थिक स्थिति अच्छी है। लेकिन जब रुपया गिरता है, तो यह दर्शाता है कि आपकी आर्थिक स्थिति क्या है।

**खबर संक्षेप**

### महिला कर्मचारियों को 1 दिन का पीरियड लीव

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने सरकारी क्षेत्र में कार्यरत महिला कर्मचारियों को हर महीने एक दिन का मासिक धर्म अवकाश देने का



आदेश दिया है इसके लिए उनका वेतन नहीं काटा जाएगा। सरकार ने पिछले महीने एक आदेश जारी कर स्थाई, संविदा और आउटसोर्स नौकरियों में कार्यरत 18 से 52 वर्ष की आयु की महिलाओं के लिए अवकाश अनिवार्य कर दिया था।

### दिग्गज फिल्म निर्माता एवीएम सरवनन का निधन

**चेन्नई।** प्रतिष्ठित एवीएम स्टूडियोज के मालिक और दिग्गज फिल्म निर्माता एम सरवनन का चेन्नई में



वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। एवीएम स्टूडियोज में सरवनन का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। उन्होंने 1946 में स्थापित एवीएम स्टूडियो का कार्यभार 1979 में सम्हाला।

### मानवाधिकार दिवस में शामिल होंगी राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस के अवसर पर भारत मंडपम में राष्ट्रीय



मानवाधिकार आयोग भारत द्वारा आयोजित विशेष समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करेंगी। 'एवरीडे एसेंशियल्स सुनिश्चित करनाः सभी के लिए सार्वजनिक सेवाएं और गरिमा' विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन भी आयोजित होगा।

### बस और टिप्पर की टक्कर, 2 की मौत

**अमृतसर।** अमृतसर–पठानकोट मुख्य मार्ग पर गोपालपुरा के पास बुधवार रात एक प्राइवेट बस और



मिक्सर टिप्पर (डंपर) की आमने–सामने की भीषण टक्कर में एक महिला और एक बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कई की हालत नाजुक बताई जा रही है।

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में बाबरी जैसी मस्जिद की नींव रखने का मामला

# विधायक कबीर टीएमसी से निलंबित, सीएम बोलीं- दंगों की राजनीति कतई 'स्वीकार' नहीं

एजेंसी ▶▶ मुर्शिदाबाद

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में बाबरी जैसी मस्जिद की नींव रखने को लेकर छह दिसंबर को आयोजन का ऐलान करने वाले हुमायूं कबीर को तृणमूल कांग्रेस ने निलंबित कर दिया है। अपने निलंबन को लेकर विधायक हुमायूं ने भी टीएमसी को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि मैं कल ही पार्टी से इस्तीफा दे दूंगा। अगर जरूरत पड़ी तो 22 दिसंबर को मैं नई पार्टी का ऐलान करुंगा। तृणमूल के वरिष्ठ नेता फिरहाद हाकिम ने निलंबन की घोषणा करते हुए कहा कि हमने गौर किया कि मुर्शिदाबाद से आने वाले हमारे एक विधायक ने ऐलान किया है कि वे बाबरी मस्जिद बनाएंगे। आखिर अचानक बाबरी मस्जिद क्यों? हमने उन्हें पहले ही चेतावनी दी थी। कबीर का व्यवहार ऐसे समय में घोर अनुशासनहीनता है, जब पार्टी राज्य में शांति और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए काम कर रही है। मुर्शिदाबाद के नेता अखरुज्जमां और नियामत शेख की मौजूदगी में हाकिम ने कहा कि सीएम ममता बेनर्जी की मंजूरी के बाद कबीर को निलंबित किया गया है। हाकिम ने कहा कि कबीर सांप्रदायिक राजनीति में लिप्त हैं, जिसके टीएमसी सख्त खिलाफ है। टीएमसी सांप्रदायिक राजनीति में विश्वास नहीं रखती। अब उनका पार्टी के साथ कोई संबंध नहीं है। हमारे शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर उन्हें निलंबित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कबीर की राजनीति सांप्रदायिक आधार पर चल रही थी, जिसके खिलाफ तृणमूल की स्पष्ट नीति है।

> कबीर ने अपने निलंबन को जानबूझकर किया गया अपमान बताया और कहा कि उनकी नई पार्टी अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों में 294 में से 135 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कबीर ने आरोप लगाया कि वे सीएम और टीएमसी के धर्मनिरपेक्ष राजनीति पर दोहरे रुख को उजागर करेंगे और कहा कि पार्टी अल्पसंख्यकों को बहकाती रही है

## टीएमसी का तर्क- पार्टी अनुशासन का यह गंभीर उल्लंघन

> सरकार राज्य में शांति और सद्भाव बनाए रखने के पक्ष में


निलंबित विधायक हुमायूं कबीर


सीएम ममता बेनर्जी

## 6 दिसंबर का कार्यक्रम रद्द नहीं होगा

निलंबन की घोषणा के समय हुमायूं कबीर बेरहमपुर में उस मैदान में मौजूद थे जहां बाद में सीएम ममता बेनर्जी की रैली प्रस्तावित थी। कबीर ने अपने निलंबन को जानबूझकर किया गया अपमान बताया और कहा कि उनकी नई पार्टी अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों में 294 में से 135 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कबीर ने आरोप लगाया कि वे सीएम और टीएमसी के धर्मनिरपेक्ष राजनीति पर दोहरे रुख को उजागर करेंगे और कहा कि पार्टी अल्पसंख्यकों को बहकाती रही है। 6 दिसंबर का कार्यक्रम रद्द नहीं होगा और अगर प्रशासन अनुमति नहीं देता तो वे धरना देंगे।

### निलंबन नाटकबाजीः भाजपा



भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कबीर के निलंबन को नाटकबाजी करार दिया। उन्होंने कहा कि हुमायूं कबीर काफी समय से विवादित बयान दे रहे हैं। फिर भी टीएमसी ने ठोस कार्रवाई नहीं की। वे बंगाल में बाबर का शासन स्थापित करना चाहते हैं।

### विवाद के पीछे की राजनीति

बता दें, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भाजपा में रहने के बाद फिर टीएमसी लौटकर विधायक बने हुमायूं कबीर ने 6 दिसंबर को बंगाल में बाबरी मस्जिद की तर्ज पर एक मस्जिद की नींव रखने की बात कही है। 6 दिसंबर का उनका चयन राजनीतिक संदेश के तौर पर देखा जा रहा है। उसी दिन 1992 में बाबरी मस्जिद को गिरा दिया गया था।

### टीएमसी सांप्रदायिक राजनीति नहीं करतीः सीएम ममता

हुमायूं के निलंबन के कुछ घंटे बाद सीएम ममता बेनर्जी ने कहा कि मुर्शिदाबाद के लोग 'दंगों की राजनीति' को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। कबीर का नाम लिए बिना सुश्री बेनर्जी ने मुर्शिदाबाद में एक रैली में कहा कि तृणमूल कांग्रेस सांप्रदायिक राजनीति नहीं करती और वह इसके सख्त खिलाफ है। उन्होंने सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने के प्रयासों के खिलाफ चेतावनी देने के लिए जिले के बहुलवादी इतिहास का हवाला दिया। हम मुर्शिदाबाद के इतिहास को नहीं भूल सकते। यहां हर घर में सिराजुद्दौला का सम्मान किया जाता है। यह जिला नवाबों की धरती है। यहां सभी धर्मों के पवित्र स्थल हैं। लोग सिराज को याद करते हैं। मुर्शिदाबाद के लोग दंगों की राजनीति को स्वीकार नहीं करेंगे। बेनर्जी ने कहा कि मुर्शिदाबाद में विभिन्न धर्मों के लोगों के सह-अस्तित्व की विरासत की हर कीमत पर रक्षा की जाएगी।

पुतिन के दौरे पर राहुल का आरोप

# विदेशी मेहमानों से नहीं मिलने देते, भाजपा बोली दावा 'झूठा'


संबित पात्रा


राहुल गांधी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति पुतिन के भारत दौरे से पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर विदेशी मेहमानों को विपक्षी नेता से न मिलने देने का आरोप लगाया है। राहुल गांधी के इस आरोप पर अब भाजपा ने निशाना साधा है।

भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा है कि राहुल गांधी ने नेता विपक्ष के तौर पर जो बयान दिए हैं। वह गैर-जिम्मेदाराना हैं। उनका दावा तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। पात्रा ने कहा कि राहुल कह रहे हैं कि अंतरराष्ट्रीय विशिष्ट व्यक्तियों को नेता प्रतिपक्ष से मिलने की अनुमति नहीं दी जाती क्योंकि भारत सरकार असुरक्षित महसूस करती है। भारत सरकार राहुल गांधी से क्यों असुरक्षित महसूस करेगी? भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक स्तंभ बन चुका है।

### भाजपा में शामिल हो जाएं राहुलः कंगना

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह विदेशी मेहमानों को नेता विपक्ष से नहीं मिलने देती है, जबकि अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह के दौर में मिलने की परपराएं थीं। इस पर भाजपा सांसद कंगना रनौत ने कहा है कि देश के लिए राहुल गांधी की भावनाएं काफी संदिग्ध हैं। उन्होंने राहुल गांधी को भाजपा में शामिल होने की सलाह दी। कंगना ने कहा कि राहुल गांधी भी अटल बिहारी वाजपेयी बन सकते हैं। वे भाजपा में शामिल हो जाएं। वहीं, भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी ने कहा, इससे अधिक मजाकिया बात और कुछ नहीं हो सकती। उन्हें आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति से ऊपर उठकर लोगों के लिए काम करना चाहिए। इस समय ऐसी नकारात्मक सोच के साथ सबके सामने नहीं आना चाहिए। हमारी सरकार में सभी के लिए सम्मान और बराबरी की भावना है।

### सरकार असुरक्षित हैः प्रियंका

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि लोकतंत्र में सभी को अपनी राय रखने का अधिकार होना चाहिए, चर्चा होनी चाहिए और उचित कार्रवाई होनी चाहिए। सरकार असुरक्षित है और यह फैसला उसी का प्रतिबिंब है। इसे प्रोटोकॉल को तोड़कर और पलटकर उन्हें क्या मिलेगा? यह उनकी असुरक्षा है। दुनिया में लोकतंत्र की छवि धूमिल हुई है। राज्यसभा सांसद मनोझ झा ने कहा कि जैसे सरकार चुनी जाती है, वैसे ही विपक्ष भी चुना जाता है। देश के मानस के बारे में जानने के लिए अलग-अलग पहलू हैं। यह हमारी परंपरा रही थी। इस परंपरा को किसकी असुरक्षा से खत्म किया जा रहा है।

2009 से चल रहा था ट्रायल

# सीजेआई बोले- यह तो शर्म की बात, मजाक, रोज हो सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साल 2009 में महिला पर हुए एसिड अटैक मामले में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने जमकर क्लास लगाई। जब याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि 16 साल पहले 2009 में उस पर एसिड से हमला हुआ था और अब तक मामले का ट्रायल चल रहा है तो इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि अगर राष्ट्रीय राजधानी ऐसे हालात को हैंडल नहीं कर सकती है तो फिर कौन संभालेगा? सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सभी हाई कोर्ट से एसिड अटैक केस में पेंडिंग ट्रायल के बारे में डेटा मांगा। चीफ जस्टिस


सीजेआई सूर्यकांत

ऑफ इंडिया (सीजेआई) सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने सभी हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को पेंडिंग एसिड अटैक केस के बारे में डेटा जमा करने का निर्देश दिया है। सीजेआई ने याचिकाकर्ता से ट्रायल में तेजी लाने के लिए एक ऐप्लीकेशन फाइल करने के लिए कहा।

तमिलनाडु में एसआईआर सर्वे पर चुनाव आयोग की दो टूक

# कट सकते हैं लाखों मतदाताओं के नाम, अपील की अंतिम तारीख 11 दिसंबर

## राज्य में 6.41 करोड़ मतदाताओं में से सिर्फ 25.72 लाख की पहचान हुई

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची को साफ-सुथरा बनाने की मुहिम तेज हो गई है। आयोग के मुताबिक, 40 से 50 लाख मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा सकते हैं। राज्य में कुल 6.41 करोड़ मतदाताओं हैं। अभी तक 25.72 लाख ऐसे लोगों की पहचान हो चुकी है, जो मर चुके हैं। इनके नाम सूची से हटाना तय है। इसके अलावा, 39 लाख मतदाताओं ने अपना स्थाई पता बदल लिया है, जबकि 9 लाख मतदाताओं का अभी कोई पता नहीं चल पा रहा। आयोग ने 3.32 लाख डुप्लीकेट पंजीयन वाले मतदाताओं की भी सूची तैयार की है। कम से कम 28 लाख नाम निश्चित रूप से मतदाता सूची से कट जाएंगे। अगर 9 लाख न पहचाने गए मतदाता 11 दिसंबर तक अपनी अपील जमा नहीं कराते, तो उनके नाम भी सूची से बाहर हो जाएंगे।


केंद्रीय चुनाव आयोग कार्यालय

### दोबारा पंजीयन का मौका मिलेगा

चुनाव आयोग ने बताया कि ड्राफ्ट वोटर सूची जारी होने के बाद भी, जिन्होंने अपना घर हमेशा के लिए शिफ्ट किया है, उन्हें दोबारा रजिस्ट्रेशन का मौका मिलेगा। लोग फॉर्म-6 या फॉर्म-7 भरकर ऑनलाइन या बीएलओ के जरिए अपडेट कर सकते हैं। लोग टोल-फ्री हेल्पलाइन से मदद ले सकते हैं।

### एसआईआर खतरनाकः स्टालिन

सीएम एमके स्टालिन और विपक्षी दलों ने एसआईआर को 'खतरनाक' बताते हुए विरोध जताया है। वीसीके नेता थोल थिरुमावलावन ने चेतावनी दी कि इससे करीब एक करोड़ नाम कट सकते हैं।

### मरने वालों में आधे से ज्यादा लोग हिंदूः ममता

पश्चिम बंगाल की सीएम बेनर्जी ने एसआईआर को लेकर भाजपा पर निशाना साधा और दावा किया कि देशभर में इस कवायद से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों में आधे से ज्यादा लोग हिंदू हैं। भाजपा उसी डाल को काट रही है जिस पर बैठी है।

### राजनीतिक दलों की बैठक बुलाए आयोगः उमर

जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि एसआईआर के बारे में राजनीतिक दलों की आशंकाओं को दूर करने के लिए उनकी एक बैठक बुलानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने देखा है कि मशीनों के जरिए चुनाव में चोरी तो नहीं होती, लेकिन उनमें निश्चित रूप से हेरफेर होता है। अब्दुल्ला ने जम्मू कश्मीर में 2023 के परिसीमन को चुनावों में हेरफेर बताया।

जबलपुर
शुक्रवार, 5 दिसंबर 2025
अगहन मास शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा
वर्ष : 20, अंक : 216
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *
मौसम
अधि. 24
न्यून. 11

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

सीएम डॉ.यादव ने कहा पुनर्वास का सफल संकेत

## मादा चीता वीरा और दो शावक खुले जंगल में छोड़े



कूनो नेशनल पार्क से चीतों को छोड़ते हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में दक्षिण अफ्रीका से लाई गई मादा चीता वीरा ने फरवरी 2025 में दो शावकों को जन्म दिया था। अब करीब 9 माह बाद गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीरा और उसके दोनों शावकों को कूनो के पारोंद क्षेत्र में खुले जंगल में छोड़ा। अंतरराष्ट्रीय चीता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के बाद तीनों चीते सुरक्षित रूप से जंगल में शामिल हो गए। इसके साथ ही खुले जंगल में विचरण करने वाले चीतों की संख्या 16 से बढ़कर 19 हो गई है।

- अब कूनो में चीतों की संख्या 16 बढ़कर 19 हुई



बोट क्लब पर शिकारा नाव का शुभारंभ कर सीएम ने सैर की

भोपाल में पर्यटकों को मिलेगा कश्मीर की डल झील जैसा लुत्फः मुख्यमंत्री डॉ.यादव

# मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने किया शुभारंभ, अब भोपाल में बड़ी झील की लहरों से रूबरू कराएंगे शिकारे

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राजा भोज की नगरी भोपाल में लगभग एक हजार साल पहले बने बड़े तालाब में 'शिकारा नाव' सेवा का शुभारंभ ऐतिहासिक अवसर है। इन नवीन 20 शिकारों के माध्यम से पर्यटकों को कश्मीर की प्रसिद्ध डल झील का आनंद, झीलों की नगरी भोपाल में ही मिल जाएगा। शिकारों में पर्यटकों के लिए खान-पान एवं आरामदायक बैठक व्यवस्था की गई है। ये शिकारे प्रदेश के जल-पर्यटन (वॉटर टूरिज्म) को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलवाएंगे। डॉ. यादव ने गुरुवार को भोपाल की बड़ी झील स्थित बोट क्लब पर 'शिकारा नाव' सेवा को झंडी दिखाने के बाद यह विचार व्यक्त किए।

» हर एक शिकारा करीब 2.40 लाख रुपए में तैयार हुआ है

» सैर के दौरान नाविक पर्यटकों को बड़े तालाब और भोपाल की विरासत से जुड़ी जानकारी भी देंगे





बड़ी झील में 20 शिकारे उतारे गए, हर शिकारे में 4 से 6 लोग बैठ सकेंगे

**ये रहा किराया**

- 4 लोग 20 मिनट सैर करेंगे तो 300 रुपए लगेंगे
- 6 लोगों को 20 मिनट के लिए 450 रुपए देने होंगे
- इसका लुत्फ सुबह 9 बजे से सूर्यास्त तक उठाया जा सकता है

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### अजमेर दरगाह को बम से उड़ाने की धमकी



**अजमेर।** यहां कई जगहों पर ब्लास्ट की धमकी दी गई। धमकी का ईमेल गुरुवार दोपहर जिला कलेक्टर के दफ्तर में भेजा गया। इसमें लिखा हुआ है कि दरगाह के साथ ही अजमेर के परमाणु संयंत्र और कलेक्ट्रेट परिसर को उड़ा दिया जाएगा। धमकी मिलने के बाद अजमेर दरगाह को पूरी तरह खाली कराया गया। हालांकि जांच में कुछ भी नहीं मिला। श्रद्धालुओं को बाहर निकाल दिया गया।

### किसानों ने ट्रक से यूरिया लूटी मंडी में खड़े थे ट्रक



**टीकमगढ़।** जतारा में गुरुवार को किसानों ने यूरिया खाद से भरे एक ट्रक से बोरियां लूट लीं। यह घटना कृषि उपज मंडी परिसर में हुई, जहां किसानों ने लगभग 40-50 बोरी यूरिया खाद लूटी। इसका वीडियो भी सामने आया है। किसानों को बांटने के लिए यूरिया से भरे दो ट्रक मंडी परिसर में आए थे। मंडी प्रबंधन में थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

### बीएससी बीएड परीक्षा में नकल, 29 पर केस



**भिंड।** मेहगांव शासकीय महाविद्यालय परीक्षा केंद्र में बीएससी बीएलड पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान सामूहिक नकल का मामला सामने आया है। यहां गाइड, मोबाइल और पर्चियों से नकल करते 29 छात्र पकड़े गए। प्राचार्य सेंटर के औचक निरीक्षण के दौरान खुलेआम नकल का खुलासा हुआ है। इसका वीडियो भी सामने आया है।

देश के 12 राज्यों में मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट का राज्य सरकारों को निर्देश

# बीएलओ की मौतों पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई गहरी चिंता, कहा- काम का दबाव कम करें

*याचिका में कहा है कि 35 से 40 के करीब बीएलओ की मौत हो चुकी है और चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि वह रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट के सेक्शन 32 के तहत उनको जेल भेजने की धमकी देकर उन्हें काम करने के लिए मजबूर कर रहा है*



चीफ जस्टिस सूर्यकांत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

12 राज्यों में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया से बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) पर जबरदस्त दबाव पड़ा है।

इन स्थितियों को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अब राज्य सरकारों के लिए निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने कहा है कि बीएलओ के काम के घंटे कम करने के लिए राज्य सरकारें अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती करे। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने यह भी आदेश दिया कि जिन लोगों ने चुनाव आयोग की ओर से जारी एसआईआर प्रक्रिया में ड्यूटी से छूट के लिए सही और स्पष्ट वजहें दी हों, उनके अनुरोधों पर राज्य सरकार और सक्षम प्राधिकारी विचार करें और मामलों के आधार पर उन की जगह दूसरे कर्मियों की तैनाती की जाए।

**सीजेआई ने बीएलओ को दी राहत कहा-10000 हो सकता है तो 30000 क्यों नहीं?**



फाइल फोटो

» ड्यूटी से छूट का अनुरोध करने वाले बीएलओ को छुट्टी दी जानी चाहिए

» उनके स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को नियुक्त किया जाना चाहिए

### छुट्टी मांगने वाले बीएलओ को मिले राहत

वहीं, मामले की सुनवाई के दौरान शीर्ष न्यायालय ने सरकारों से यह भी कहा कि ड्यूटी से छूट का अनुरोध करने वाले बीएलओ को छुट्टी दी जानी चाहिए और उनके स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को नियुक्त किया जाना चाहिए। शीर्ष न्यायालय ने माना कि कई बीएलओ गंभीर बीमार होने के कारण ड्यूटी से छुट्टी मांग रहे हैं। वहीं, न्यायालय ने यह भी कहा कि यही ऐसे बीएलओ को राहत नहीं प्रदान की जाती है को वह अदालत का रूख कर सकता है।

### चुनाव आयोग ने आरोपों को बताया निराधार

इन सब के बीच चुनाव आयोग ने इस याचिका को पूरी तरीके झूठा और निराधार बताया है और तर्क दिया है कि मतदाता पुनः सत्यापन कार्य में देरी करने से चुनावों पर भी बड़ा प्रभाव पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु और केरल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने को हैं। बंगाल में भी 2026 में ही विधानसभा चुनाव होंगे। वहीं,

### विजय की पार्टी ने किया था कोर्ट का रुख

गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने यह निर्देश अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम की याचिका के बाद दिया है। टीवीके ने देश के कई राज्यों में कई बीएलओ की मौत के विवाद के बीच कोर्ट का रुख किया था। टीवके ने चुनाव आयोग पर प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 32 के तहत जेल भेजने की धमकी देकर बीएलओ को काम करने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया था।

मप्र विधानसभा के तीसरे दिन भी विपक्ष का विरोध प्रदर्शन

# हाथ में उस्तरा लेकर बंदर की वेशभूषा में विधानसभा पहुंचे कांग्रेस विधायक

» मंत्री सारंग ने कहा कि कांग्रेस विधायकों को किसी नौटंकी कंपनी में दाखिल हो जाना चाहिए



खाद की कमी, किसानों की बदहाली और जनता की अनदेखी के लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन गुरूवार सुबह विधानसभा में दिलचस्प नजारा सामने आया, जब जुन्नारदेव से कांग्रेस विधायक सुनील उईके बंदर की वेशभूषा पहने हाथों में पोस्टर और एक उस्तरा लेकर विधानसभा परिसर में दाखिल हुए। विधायक सुनील उईके ने अपने इस वेश के पीछे का मकसद साफ करते हुए कहा कि उनका यह विरोध प्रदर्शन यह बताता है कि सरकार किस तरह प्रदेश के हर वर्ग के हकों पर उस्तरा चला रही है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन के माध्यम से विपक्ष ने सरकार को घेरा। खाद की कमी, किसानों की बदहाली और जनता की अनदेखी के खिलाफ इस अनोखे प्रदर्शन को देख हर कोई हैरान था। बंदर का मास्क लगाए विधायक सुनील उईके हाथ में नकली उस्तरा भी लिए थे।

### विधानसभा की गरिमा को तार-तार करना कांग्रेस की आदत

कांग्रेस विधायकों द्वारा बंदर बनकर विरोध करने पर मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि कांग्रेस विधायकों को किसी नौटंकी कंपनी में दाखिल हो जाना चाहिए। बच्चों के एग्जाम के बाद छुट्टी होने वाली है। गांव-गांव में नौटंकी कंपनी अच्छी चलेगी। विधानसभा में आकर नौटंकी करना और विधानसभा की गरिमा को तार-तार करना ये कांग्रेस की आदत हो गई है। जब दिल्ली में उनके नेता राहुल गांधी में ही राजनीतिक परिपक्वता नहीं है, तो नीचे के विधायकों से कोई अपेक्षा नहीं की जा सकती है।

बदला ठंड का मिजाज: पांच जिलों में पारा 9 डिग्री तक

# कई जिलों में दिन के साथ रात के पारे में भी गिरावट

» आज कुछ जिलों में दिखेगा कोल्ड वेव का असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

कई जिलों में गुरुवार को ठंड का मिजाज अचानक बदल गया है। पूर्वी मप्र के अधिकांश जिलों में दिन के तापमान में कमी आने के साथ कुछ जिलों में रात का पारा गिरा है, जबकि पश्चिमी मप्र के कुछ जिलों में रात के तापमान में भी कमी आई है। भोपाल सहित अधिकांश जिलों में सर्दी बढ़ने का प्रमुख कारण शाम से हवाएं उत्तरी होना है। मौसम केंद्र के अनुसार दो दिन बाद सर्दी और बढ़ेगी।



उमंग सिंघार

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार हवाएं उत्तरी होने से अभी ठिठुरन बढ़ी है। तापमान में उतार चढ़ाव अभी जारी रहेगा। सर्वाधिक रात के पारे में कमी दतिया में 4.5, श्योपुर 3.8, गुना 2.2, खजुराहो और टीकमगढ़ में 1.8 डिग्री की रही। भोपाल में दिन में आधा डिग्री गिरकर 24.8 और बुधवार-गुरुवार रात में 2.4 डिग्री बढ़कर 11.6 डिग्री रहा। अभी शीतलहर का असर नहीं रहा, लेकिन शुक्रवार को कुछ जिलों में कोल्ड वेव का असर हो सकता है।

संसद में नितिन गडकरी का बयान

# सालभर में टोल बूथ खत्म होंगे बैरियर लेस सिस्टम लागू होगा

» 10 जगह पायलट प्रोजेक्ट शुरू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में गुरुवार को बताया कि अगले एक साल में हाईवे पर मौजूदा टोल वसूली सिस्टम खत्म हो जाएगा। उसकी जगह पूरी तरह इलेक्ट्रॉनिक, बैरियर लेस टोल सिस्टम लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नए सिस्टम की शुरुआत



नितिन गडकरी

फिलहाल 10 जगह की जा चुकी है और इसे एक साल के भीतर पूरे देश में लागू करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि इस समय देशभर में करीब 4,500 हाईवे प्रोजेक्ट चल रहे हैं, जिनकी कुल लागत लगभग 10 लाख करोड़ रुपए है।

कथावाचक इंद्रेश उपाध्याय की जयपुर में शादी समारोह

# मेहंदी-हल्दी की रस्म हुई, आज शिप्रा शर्मा के साथ लेंगे सात फेरे

माता-पिता ने डांस किया, सिंगर बी-प्राक जयपुर पहुंचे

एजेंसी ⏭ जयपुर

वृंदावन (मथुरा) के कथावाचक इंद्रेश उपाध्याय की शादी 5 दिसंबर को जयपुर में होगी। विवाह-समारोह में आज मेहंदी-हल्दी की रस्म हुई। इसके बाद लगन कार्यक्रम हुआ। रात को संगीत का भी कार्यक्रम होगा। इसमें बॉलीवुड सिंगर बी प्राक सहित कई सेलिब्रिटी भी शामिल हो सकते हैं। जयपुर के ताज आमेर होटल में हो रहे शादी-समारोह में मायरा-भात की रस्म हुई। कथावाचक जया किशोरी भी इस



इंद्रेश उपाध्याय

फंक्शन में शामिल हुईं। कथावाचक इंद्रेश उपाध्याय शुक्रवार को हरियाणा के यमुनानगर की रहने वालीं शिप्रा शर्मा के साथ 7 फेरे लेंगे। तीन दिन के इस विवाह समारोह के लिए इंद्रेश उपाध्याय और उनका परिवार बुधवार रात को जयपुर में पहुंचा था। इसमें कथावाचक के परिवार के साथ बॉलीवुड सिंगर बी प्राक, एक्टर संजय दत्त सहित कई सेलिब्रिटी शामिल होंगे। वैदिक रीति-रिवाज से होने वाले विवाह का मुख्य फंक्शन शुक्रवार सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक होगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय से किया स्नातक, गीता हाथ में लेकर ली शपथ

# उप्र की बेटी मेनका सोनी बनी अमेरिका के रेडमंड शहर की पहली काउंसलर



मेनका सोनी

एजेंसी ⏭ लखनऊ

लखनऊ की मेनका सोनी को वाशिंगटन के रेडमंड शहर का सिटी काउंसिल चुना गया है। वह इस पद पर चुनी जाने वाली पहली महिला एनआरआई हैं। मेनका ने श्रीमद्भभागवत गीता हाथ में लेकर शपथ ली। इस दौरान उन्होंने भारतीय हैंड-एम्ब्रॉयडरी का पैंट-सूट पहन रखा था। अमेरिकी जज रसेल ने उन्हें शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग शामिल हुए। इस दौरान मेयर एंजेला बिर्नी, सिटी काउंसिल सदस्य और भारतीय-अमेरिकी समुदाय के नेता उपस्थित रहे।

8 साल से सत्ता में जमे प्रतिद्वंदी को हराकर मेनका ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की

### कई अवॉर्ड से किया जा चुका है सम्मानित

मेनका की सेवा, संघर्ष और नेतृत्व की कहानी हर किसी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने वॉशिंगटन राज्य में महिला सशक्तिकरण, घरेलू हिंसा, युवाओं के विकास, मानसिक स्वास्थ्य, सामुदायिक सुरक्षा, बेघर लोगों की मदद समेत विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवा से लोगों के दिलों में छाप छोड़ी। वह एम पॉवरिंग नामक गैर-लाभकारी संस्था की संस्थापक और अध्यक्ष हैं। इस संस्था ने पांच लाख से अधिक लोगों की मदद की है।

ग्वालियर पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरिभूमि-आईएनएच-जनता टीवी के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पूज्य पिताजी के निधन पर शोक व्यक्त किया, श्रद्धांजलि अर्पित की

डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला और मंत्री राकेश सिंह ने भी ग्वालियर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को ढाढस बंधाया

# पंडित कीर्ति नारायण द्विवेदी का व्यक्तित्व समाज और संस्कृति के प्रति हमेशा समर्पण भाव का रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर



प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज ग्वालियर पहुंचे, जहां उन्होंने हरिभूमि-आईएनएच-जनता टीवी के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के सिंधी कॉलोनी स्थित निवास पहुंचकर संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री ने डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता पंडित कीर्ति नारायण द्विवेदी के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने परिवारजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और कहा कि पंडित कीर्ति नारायण द्विवेदी का जीवन समाज और संस्कृति के प्रति समर्पण का उदाहरण रहा है। उनके निधन से प्रदेश में एक सरल, विनम्र और आदर्शवादी व्यक्तित्व की कमी महसूस होगी। मुख्यमंत्री के साथ प्रशासनिक अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण शोकमय रहा और बड़ी संख्या में लोग श्रद्धांजलि देने पहुंचे। इससे पहले डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल और लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह शहर पहुंचे।



सीएम डॉ. यादव परिजनों से चर्चा करते हुए



डिप्टी सीएम शुक्ल और मंत्री सिंह ने श्रद्धांजलि दी



# डिफाल्टर किसानों को राहत देने सरकार वन टाइम सेटलमेंट योजना लाएगी : मंत्री विश्वास

### प्रदेश कार्यालय में मंत्री सारंग और पटेल ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को मप्र शासन के मंत्री विश्वास सारंग एवं लखन पटेल ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। दोपहर 1 से शुरू हुआ यह संवाद में 3 बजे तक चला। इस दौरान कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। जिन जनसमस्याओं का तत्काल समाधान नहीं हो सका, उन्हें संबंधित विभागों को भेजा गया।

कार्यकर्ताओं से संवाद के बाद मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि मप्र भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा बनाई गई व्यवस्था से जनसमस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है। कांग्रेस से किसी भी प्रकार के सम्मान या सकारात्मक राजनीति की अपेक्षा नहीं की जा सकती है। मंत्री सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के डिफाल्टर किसानों को राहत देने के लिए जल्द ही वन-टाइम सेटलमेंट योजना लाई जाएगी। डिफाल्टर सूची से किसानों को निकालकर रेगुलर श्रेणी में शामिल किया जाएगा, ताकि वे फिर से ऋण प्राप्त कर सकें। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में हुए गबन और घोटालों का असर किसानों पर न पड़े, इसके लिए सहकारिता विभाग में नई पारदर्शी व्यवस्था लाई जा रही है।

**खास बातें**

- कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया गया
- सहकारिता विभाग में नई पारदर्शी व्यवस्था लाएंगे


कार्यकर्ताओं से संवाद के बाद सहकारिता मंत्री सारंग ने मीडिया को संबोधित किया।

### योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी मिलती रहेगी: मंत्री सारंग

मंत्री सारंग ने कहा कि कार्यकर्ताओं से संवाद की इस व्यवस्था से भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी और जनहितैषी योजनाओं और विकास कार्यों के प्रगति संबंधी जानकारी भी समय-समय पर मिलती रहेगी, और जनसमस्याओं का त्वरित समाधान भी हो सकेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता अनावश्यक मुद्दे उठाकर सिर्फ मीडिया में स्थान पाने की कोशिश करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्त्व में भाजपा को जनता लगातार अपना आशीर्वाद देती आ रही है, यही कांग्रेस की सबसे बड़ी चिंता है। कांग्रेस की पुरानी आदत है कि राहुल गांधी विदेश जाकर प्रधानमंत्री का अपमान करते हैं, तो कभी उनके नेता सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करते हैं।

### पटवारी अपने घर से कांग्रेस का संगठन को चला रहे

मंत्री पटेल ने कहा कि प्रदेश कांगेस अध्यक्ष जीतू पटवारी अपने घर से कांग्रेस का संगठन को चला रहे हैं, इसलिए कांग्रेस की स्थिति प्रदेश में लगातार खराब होता जा रहा है। प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को मध्यप्रदेश विधानसभा और लोकसभा चुनाव में पूरी तरह से नकारकर समीक्षा के लिए विपक्ष में बैठाया है। कांग्रेस को अपनी समीक्षा करनी चाहिए कि आखिरकार मध्यप्रदेश की जनता ने उन्हें पूरी तरह से नकार क्यों दिया है।

### जमीनी स्तर पर शासन और संगठन दोनों को फायदा मिलेगा: पटेल

मंत्री लखन पटेल ने कहा कि भाजपा संगठन द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं के समाधान के लिए अच्छी व्यवस्था बनाई है। प्रतिदिन सरकार के मंत्री भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठकर कार्यकर्ताओं से संवाद कर जनसमस्याओं का समाधान करेंगे तो इसका जमीनी स्तर पर शासन और संगठन दोनों को फायदा मिलेगा। कांग्रेस के पास कोई काम नहीं बचा है, इसलिए हमारी पार्टी की व्यवस्था पर सवाल उठा रही है। अगर कांग्रेस ने अच्छा काम किया होता तो केंद्र और राज्य में सालों से सत्ता से बाहर नहीं होती। कांग्रेस 50 साल सत्ता में रही, लेकिन जनता के कल्याण के लिए कोई कार्य नहीं किया।

#### जनसेवा के प्रति पूर्णतः समर्पित

भाजपा कार्यालय में शासन के मंत्री का प्रतिदिन कार्यकर्ताओं से संवाद करना और जनसमस्याओं के समाधान के लिए बैठना यह दर्शाता है कि पार्टी कार्यकर्ता-हित और जनसेवा के प्रति पूर्णतः समर्पित है। यह निरंतर संवाद भाजपा की जनकल्याण के प्रति संकल्पबद्ध कार्यशैली को मजबूत रूप में प्रदर्शित करता है।

- आयुष शर्मा, शोधार्थी

#### कार्यकर्ता खुश और संतुष्ट

भाजपा संगठन की यह एक अच्छी पहल है। कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद के साथ उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान किया जा रहा है। यह व्यवस्था कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं के सुगम समाधान के लिए बेहतर है। कार्यकर्ता इससे खुश और संतुष्ट हैं।

**सुबेदार सिंह सिकरवार**, पूर्व विधायक, जौरा

#### यह बहुत ही बेहतर पहल

कार्यकर्ता जब अपनी बात सही मंच तक पहुंचाता है, तो उसके भीतर आत्मविश्वास बढ़ता है। यह संवाद व्यवस्था संगठन को और मजबूत बनाने के साथ कार्यकर्ता को यह अनुभव कराती है कि उसकी बात सही मंच पर पहुंच गई है। यह बहुत ही बेहतर पहल है।

**अशोक विश्वकर्मा**, प्रदेश सह संयोजक, भाजपा विधि

#### कार्यकर्ताओं में विश्वास बढ़ेगा

यह संगठन की एक बेहतर पहल है। सरकार के मंत्री जब कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर जनसमस्याओं का समाधान करेंगे तो इससे कार्यकर्ताओं में विश्वास बढ़ेगा। वहीं जमीनी स्तर पर शासन और संगठन दोनों को फायदा मिलेगा।

**योगेश शुक्ला**, कार्यकर्ता

---

## मंत्रालय में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने विभागों की योजनाओं, कार्यक्रमों और संचालित गतिविधियों की समीक्षा की

# बॉन्ड वाले डॉक्टर्स को प्रदेश में ही सेवाएं देने के लिए किया जाएगा तैयार

- **बॉन्ड वाले डॉक्टर्स के भर्ती नियम बदलेगी सरकार, कैबिनेट में लाएंगे प्रस्ताव**
- **अधिकाधिक अस्पतालों और डॉक्टर्स को आयुष्मान योजना से जोड़ने होंगे प्रयास**
- **मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश में अधिकाधिक नागरिकों को आयुष्मान योजना का लाभ दिलाया जाए। ऐसे अस्पताल या डॉक्टर आयुष्मान योजना के तहत इलाज नहीं करते हैं या इस योजना में इम्पैनल्ड नहीं है, उन्हें भी योजना से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा ग्रहण कर रहे ऐसे विद्यार्थी, जिनकी फीस सरकार द्वारा अदा की जा रही है, ऐसे बॉन्ड वाले डॉक्टर्स को मध्यप्रदेश में ही सेवाएं देने के लिए रोका जाए।

बॉन्ड वाले डॉक्टर्स को प्रमोट कर, इनके मानदेय को रिवाईज़ कर सभी नए मेडिकल कॉलेजेस एवं फील्ड के अस्पतालों में इनकी सेवाएं ली जाएं। डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सहित खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों और संचालित गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में उप मुख्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राजेन्द्र शुक्ल, राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) नीरज मंडलोई भी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि बॉन्ड वाले डॉक्टर्स को शासकीय डॉक्टर्स के रूप में भर्ती करने के लिए, इनके भर्ती नियम संशोधित किए जा रहे हैं। इसके लिए जल्द ही मंत्रि-परिषद की बैठक में प्रस्ताव लाया जाएगा।


समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते मुख्यमंत्री डॉ. यादव साथ में मौजूद उप मुख्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा शुक्ल, राज्यमंत्री पटेल।

### 108 एम्बुलेंस सेवा की सख्ती से करें निगरानी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में तेजी से नए मेडिकल कॉलेजेस की स्थापना के लिए विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्राइवेट अस्पतालों में गर्भवती माताओं का बेवजह सीजेरियन आपरेशन करने की शिकायत आती रहती हैं, इस पर सख्ती से नियंत्रण किया जाए। उन्होंने कहा कि 108 एम्बुलेंस के चालकों द्वारा ज़बरदस्ती मरीजों को प्राइवेट हॉस्पिटल में ले जाने की शिकायतें आती हैं, इसकी सख्ती से निगरानी करें और ऐसी प्रवृत्ति को रोकें। बताया गया कि दो साल मे 84 ज्यादा से अधिक कार्डियक सर्जरी शासकीय अस्पतालों में हुई है।

### सीएम डॉ. मोहन ने कहा- डॉक्टर्स की आपूर्ति के लिए भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉक्टर्स की आपूर्ति के लिए विभाग भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाए। यह प्रयास किया जाए कि फील्ड में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के संचालन के लिए निजी चिकित्सकों की भी सेवाएं ली जाए। इसके लिए उन्हें कॉल पर बुलाने के अलावा अच्छा मानदेय (इन्सेंटिव) भी दिया जाए। ऐसे डॉक्टर्स को प्रदेश के जनजातीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों में सेवाएं देने के लिए इन्हें भी आकर्षक मानदेय राशि दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में तेजी से नए मेडिकल कॉलेजेस स्थापित हो रहे हैं, ऐसे में अधिक संख्या में डॉक्टर्स की आवश्यकता होगी। बॉन्ड वाले डॉक्टर्स को प्रमोट कर, इनके मानदेय को रिवाईज़ कर सभी नए मेडिकल कॉलेजेस एवं फील्ड के अस्पतालों में इनकी सेवाएं ली जाए।

### उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने बताई तीन साल की कार्ययोजना

बैठक में उप मुख्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राजेन्द्र शुक्ल ने बताया कि अगले तीन सालों में चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा सीएम-केयर योजना के सफल क्रियान्वयन को कार्य योजना में ले लिया गया है। वर्ष 2028 की समाप्ति तक राजगढ़, मंडला, छतरपुर, उज्जैन, दमोह एवं बुधनी में निर्माणाधीन गवर्मेंट मेडिकल कॉलेज प्रारंभ कर देने का लक्ष्य रखा गया है। सभी संभागीय मुख्यालय में कैथलैब की स्थापना भी वर्ष 2028 तक कर दी जाएगी। वर्ष 2028 तक मातृ मृत्यु दर 100 प्रति लाख जीवित जन्म करने का लक्ष्य है। खाद्य प्रशासन के सुदृढ़ीकरण के लिए वर्ष 2025-26 के लिए 41.07 करोड़ रुपए की कार्य योजना मंजूर कर दी गई है। औषधि प्रशासन के सुदृढ़ीकरण के लिए 211 करोड़ रुपए की लागत से 5 साल की कार्ययोजना है।

# सहकारी संस्थाएं किसानों को सशक्त बनाने करेंगी सभी आवश्यक प्रयास

- **वर्ष 2026 को प्रदेश में कृषि एवं किसान वर्ष के रूप में मनाया जाएगा**
- **पंचायत स्तर पर पैक्स स्थापित किए जाएं, पैक्स के डिफॉल्टर किसानों को लाया जाएगा मुख्य धारा में**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों को सशक्त बनाना, उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार लाना सहकारी संस्थाओं का मुख्य उद्देश्य है। आगामी वर्ष 2026 को प्रदेश में कृषि एवं किसान वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलवाने और फसल चक्र के अनुसार उन्हें सुगमता से सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सहकारिता विभाग कृषि विपणन सहकारी समितियां को मजबूत बनाने बनाने पर विशेष ध्यान दे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में सहकारिता विभाग की समीक्षा कर रहे थे। सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने अपेक्स बैंक की 4 करोड़ 27 लाख 4 हजार 190 रुपए अंश पूंजी का लाभांश चेक मुख्यमंत्री को भेंट किया। बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता इस अवसर पर उपस्थित थे। बैठक में अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण, खाद और बीज वितरण, कृषि उपज के समर्थन मूल्य पर उपार्जन, उचित मूल्य दुकानों के संचालन और सहकार से समृद्धि के अतहत संचालित गतिविधियों के तहत पिछले 2 वर्ष में प्राप्त उपलब्धियों, नवाचारों का प्रस्तुतीकरण किया गया। बैठक में आगामी 3 वर्ष की कार्य योजना पर भी विचार विमर्श हुआ।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की सहकारिता विभाग की समीक्षा**


बैठक में अधिकारियों से जानकारी लेते मुख्यमंत्री डॉ. यादव और सहकारिता मंत्री सारंग।

### पंचायत स्तर पर पैक्स स्थापित किए जाएंः डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समीक्षा बैठक में कहा कि पंचायत स्तर पर पैक्स स्थापित किए जाएं। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों का प्राथमिकता के आधार पर कंप्यूटराईजेशन किया जाए, ताकि किसानों को सुगमता और पारदर्शिता के साथ आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। मुख्यमंत्री ने समिति के पदाधिकारियों के लिए प्रतिवर्ष संपत्ति का वार्षिक विवरण आवश्यक रूप से देने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### 15 कमजोर जिला सहकारी बैंकों के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रत्येक को 50-50 लाख उपलब्ध

कुल 4460 कॉमन सर्विस सेंटर, 4518 प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र, 63 जन औषधि केन्द्र, 59 जल कर वसूली केन्द्र, दो एग्री ड्रोन और 25 इफ्को आउटलेट की व्यवस्था की गई है। अब तक पैक्स को 4060 तथा डेयरी समिति को एक माइक्रो एटीएम वितरित हुआ। सहकारी कानूनों में जनसामान्य की सुविधा की दृष्टि से संशोधन किए गए हैं। सहकारी, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की भागीदारी से सहकारी समितियों को व्यवसाय के नए अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। किसानों से पूसा बासमती धान क्रय करने के लिए किसानों का आर्थिक लाभ सुविधा सुनिश्चित करते हुए मैजिस्टिक प्रायवेट लिमिटेड से अनुबंध किया गया है।

#### विभाग की 2 वर्ष की उपलब्धियां

15 कमजोर जिला सहकारी बैंकों के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रत्येक जिला बैंक को 50-50 लाख रुपए की अंशपूंजी शासन की ओर से उपलब्ध कराई गई है। मप्र एम-पैक्स के कम्प्यूटराईजेशन और ऑनलाईन ऑडिट में देश में सबसे आगे है। किसानों को उनके खातों के संबंध में जानकारी एसएमएस से उपलब्ध कराई जा रही है। पैक्स के सोसाइटी मैनेजर के लिए कैडर व्यवस्था लागू की गई है। राष्ट्रीयकृत बैंकों के मापदंड के अनुरूप सहकारी बैंकों में प्रबंधकों और बैंकिंग सहायकों की भर्ती तथा प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है।

#### पराली की समस्या के निराकरण की दिशा में भी कार्य

पराली की समस्या के निराकरण की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। बीज संघ ने बीज व्यवसाय को प्रोत्साहन देने के लिए एमपी चीता ब्रांड लांच किया है। नवीन एम पैक्स, डेयरी सहकारी समिति और मत्स्य सहकारी समिति के तहत कुल 1,601 समितियों का गठन किया गया है। मप्र ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अभिनव पहल सीपीपीपी के तहत 19 एमओयू का निष्पादन किया गया। कंपनियों से 10,000 से अधिक विस्थापित लोगों की 350 सहकारी समितियां गठित कराकर विस्थापितों को सुरक्षा गार्ड, माली, श्रमिक जैसे कार्यों के लिए रोजगार दिया गया।

---

### पैसे के लेन-देन को लेकर की थी आरोपी ने वारदात

## दो भाइयों पर जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर चांपा

जिले के बम्हनीडीह थाना क्षेत्र में हत्या की नीयत से दो भाईयों पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी जागेश्वर दास महंत 33 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से चाकू को बरामद किया गया है।

मिली जानकारी अनुसार, 3 दिसंबर की दोपहर 1.30 बजे शिवम सोनी, शिवा सोनी अपने दो अन्य साथियों के साथ मंदिर के पास खड़ा था। इस बीच रोगदा गांव का जागेश्वर महंत मोटर साइकिल से आया और गाली-गलौज कर अपने पास रखे चाकू से हमला कर दिया। जिससे शिवा सोनी के पेट में चाकू से गंभीर चोट आई है तब बीच-बचाव के लिए शिवम सोनी, नीरज सोनी पर भी हमला किया है। जिसके बाद वह से जागेश्वर भाग निकला। बम्हनीडीह थाने में अपराध दर्ज कर आरोपी जागेश्वर महंत की तलाश की गई। जिसपर पुलिस को सूचना मिलने पर उसे गांव से घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस हिरासत में लेकर पूछने पर बताया कि पुरानी पैसे के लेन देन पर पैसा नहीं देने पर हत्या की नीयत से हमला करने की बात स्वीकार की है।

### ग्रामीण पृष्ठभूमि के खिलाड़ी ने बनाई विशेष पहचान

## जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक वेटलिफ्टिंग में राकेश प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिले के दुर्गूकोंदल ब्लॉक के ग्राम चिहरो निवासी 22 वर्षीय राकेश कुमार चुरेंद्र ने वेटलिफ्टिंग में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय बस्तर ओलिंपिक में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले राकेश की यह सफलता पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गई है। जिला स्तरीय बस्तर ओलिंपिक में राकेश ने 65 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने बताया कि यह क्षण उनके लिए बेहद गर्व और उत्साह से भरा हुआ था। अपने संघर्ष और मेहनत को याद करते हुए उन्होंने कहा कि आर्थिक स्थिति और उपकरणों की कमी ने कई बार मुश्किलें पैदा की, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। आगामी बस्तर जिले में आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता को लेकर राकेश बेहद उत्साहित हैं और लगातार तैयारी कर रहे हैं। उनका लक्ष्य संभागीय स्तर पर जीत हासिल करना और आगे चलकर राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर चिहरो गांव व जिले का नाम रोशन करना है।

### 34 मामलों में 2091 क्विंटल से अधिक धान जब्त

## धान की अवैध खरीदी-बिक्री पर जिला प्रशासन की पैनी नजर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम

जिले में खरीफ विपणन वर्ष के दौरान धान खरीदी शुरू होने के साथ ही अवैध धान परिवहन पर जिला प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। लगातार चल रही कार्रवाई में अब तक भारी मात्रा में अवैध धान पकड़ा गया है, जिससे प्रशासनिक हलकों में भी हलचल तेज हो गई है।

जिला प्रशासन के अनुसार, विभिन्न संयुक्त टीमों ने अब तक 34 मामलों में 2091 क्विंटल से अधिक धान जब्त किया है। बाजार मूल्य के हिसाब से इसकी कीमत करीब 64 लाख 82 हजार रुपये आंकी गई है। अधिकारी इसे पिछले वर्षों की तुलना में बड़ी सफलता मान रहे हैं। अवैध धान की रोकथाम के लिए प्रशासन ने जिले के सभी खरीदी केंद्रों के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में चौकसी बढ़ा दी है। चेकपोस्टों पर कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है, जबकि उड़नदस्ता दल लगातार संदिग्ध वाहनों की निगरानी कर रहा है।

**14 छोटे-बड़े वाहन जब्तः** खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, पकड़ी गई 4742 बोरियों में कुल 2091.20 क्विंटल धान भरा हुआ था। कार्रवाई के दौरान अवैध परिवहन में इस्तेमाल किए जा रहे 14 छोटे और बड़े वाहनों को भी जब्त कर लिया गया है। सभी मामलों में वैधानिक कार्रवाई आगे बढ़ाई जा रही है। धान खरीदी व्यवस्था को प्रभावित करने की किसी भी कोशिश पर सख्त कदम उठाए जाएंगे और यह अभियान आने वाले दिनों में और तेज किया जाएगा।

### दिसंबर के आखिरी सप्ताह में मध्य प्रदेश का दौरा करेंगे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से चार जिला अस्पतालों के भूमिपूजन के लिए किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को जानकारी दी हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि मध्य प्रदेश में चार पीपीपी मोड पर जिला अस्पताल का भूमिपूजन करने का निर्णय लिया गया है।

डॉ. मोहन यादव ने अस्पतालों के भूमिपूजन के लिए नड्डा को आमंत्रित किया। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने कहा कि दिसंबर के आखिरी सप्ताह में उनका मध्य प्रदेश में दौरा होगा।


भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से भेंट करते सीएम।

#### पीपीपी मोड पर होगा निर्माण

*नड्डा ने कहा कि पीपीपी मोड पर बनने वाले जिला अस्पतालों के भूमिपूजन की शुरुआत की जाएगी। बता दें कि मध्य प्रदेश में चार जिलों में पीपीपी मोड पर जिला अस्पताल बनाने का मध्य प्रदेश की सरकार ने कैबिनेट में फैसला किया था। जिसके बाद प्रदेश के अलग-अलग जिलों में जिला अस्पताल बनाने के लिए जमीन भी आवंटित की थी।*

### एक हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजागार

## मुख्यमंत्री से नई दिल्ली में मिले एनटीपीसी के चेयरमैन, नरसिंहपुर पॉवर प्लांट में सहयोग के लिए आभार जताया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बुधवार को एनटीपीसी के चेयरमैन गुरदीप सिंह ने नई दिल्ली में मुख्यमंत्री से भेंट की। उन्होंने ग्लोबल निवेश सम्मेलन में हुए अनुबंध की प्रगति से अवगत कराया। सिंह ने गाडरवाड़ा जिला नरसिंहपुर में 6000 करोड़ की लागत से आ रही 660 मेगावाट की दूसरी इकाई के भूमिपूजन के लिए चल रही तैयारी से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। एनटीपीसी के चेयरमैन सिंह ने एनटीपीसी की ओर से परमाणु संयंत्र और सोलर प्लांट लगाने के लिए राज्य के सहयोग के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार व्यक्त किया। इस पॉवर प्लांट के तैयार हो जाने से एक हजार से अधिक लोगों को परोक्ष, अपरोक्ष रूप से रोजगार से जोड़ा जा सकेगा।

## सदर बाजार में दो मंजिला भवन सील

# अवैध निर्माण : कैंट बोर्ड ने नोटिस के बाद लिया एक्शन

हरिभूमि जबलपुर।

कैंट बोर्ड प्रशासन अवैध निर्माणों पर लगातार सख्त रुख अपनाए हुए है। पिछले दिनों गली नंबर 5 में दो मंजिला भवन को सील किए जाने के बाद, गुरुवार को एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए सदर बाजार स्थित गली नंबर 2/8 में निर्माणाधीन भवन को सील कर दिया गया।

कैंट बोर्ड इंजीनियरिंग विभाग के अनुराग आचार्य ने बताया कि सदर बाजार गली नंबर 2/8 में आशीष गुप्ता द्वारा बी-3 भूमि के रूप में वर्गीकृत, ग्राम भूमि अधिग्रहण प्राधिकरण संख्या 143/149(पीएल) पर बिना किसी अनुमति या स्वीकृति के भवन निर्माण कार्य किया जा रहा था। यह भूमि कैटेगरी निर्माण के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य करती है, लेकिन निर्माणकर्ता ने ऐसा कोई स्वीकृति पत्र प्रस्तुत नहीं किया।



### लगातार कार्रवाई से बढ़ी सख्ती

कैंट बोर्ड क्षेत्र में अवैध निर्माण वर्षों से विवाद का विषय रहे हैं। प्रशासन की हालिया कार्रवाइयों से यह स्पष्ट संकेत मिल रहा है कि अब बिना स्वीकृति निर्माण करने वालों पर कड़ी कार्यवाही जारी रहेगी। अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र की सुरक्षा, सुव्यवस्था और नियमानुसार विकास सुनिश्चित करने के लिए ऐसी कार्रवाइयों को भविष्य में और भी तेज किया जाएगा।

### तीन बार नोटिस, फिर भी नहीं रोका निर्माण

बताया गया है कि कैंट बोर्ड ने निर्माणकर्ता को 09 सितंबर, 25 सितंबर और 31 अक्टूबर 2025 को नोटिस जारी किए थे, जिनमें अनाधिकृत निर्माण को तत्काल रोकने और स्वयं हटाने का निर्देश दिया गया था। नोटिसों के बावजूद न तो निर्माण रुका और न ही किसी प्रकार का जवाब बोर्ड को प्राप्त हुआ। नियमों की अवहेलना को गंभीर मानते हुए कैंट बोर्ड ने गुरुवार को मौके पर पहुंचकर छावनी अधिनियम, 2006 की धारा 249 के प्रावधानों के तहत भवन को सील कर दिया। यह धारा अवैध, अस्वीकृत एवं अनधिकृत निर्माणों पर कठोर कार्रवाई का अधिकार प्रदान करती है।



## स्वच्छता और यात्रियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं : तलरेजा

# डीआरएम का दौराः स्टेशनों का किया व्यापक निरीक्षण

**जबलपुर।** मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) कमल कुमार तलरेजा द्वारा गुरुवार को जबलपुर मंडल के अंतर्गत बीना मालखेड़ी, खुरई, सागर, दमोह तथा कटनी मुडवारा स्टेशनों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री तलरेजा ने स्टेशनों पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं, संरक्षा, सुरक्षा प्रबंध, स्वच्छता व्यवस्था, लोडिंग एवं अनलोडिंग क्षमता सहित विभिन्न परिचालन व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने माल संचालन एवं साइडिंगों की कार्यप्रणाली, संरचनात्मक व्यवस्थाओं, सुरक्षा उपायों तथा उपलब्ध संसाधनों का मूल्यांकन करते हुए लोडिंग क्षमता बढ़ाने हेतु आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल, शौचालय, लिफ्ट, एस्केलेटर, पार्किंग, खानपान स्टॉल इत्यादि यात्री सुविधाओं की अद्यतन स्थिति का अवलोकन। स्टेशनों एवं परिसरों में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक निर्देश। माल संचालन से संबंधित संरचनाओं एवं सुविधाओं की समीक्षा कर क्षमता वृद्धि के लिए आवश्यक सुधार हेतु सुझाए दिए। सुरक्षा मानकों के पालन का परीक्षण तथा सभी विभागों को निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश। श्री तलरेजा ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुरक्षा, स्वच्छता एवं यात्री सुविधाओं से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए।



# शहपुरा में अवैध रूप से भण्डारित 384 बोरी धान जब्त

**जबलपुर।** धान उपार्जन में फर्जीवाड़ा रोकने की जा रही कार्यवाही के तहत आज गुरुवार को शहपुरा मंडी प्रांगण के पीछे स्थित सचिन जैन एवं जानी गुमास्ता की दुकान से अवैध रूप से भंडारित 384 बोरी धान जब्त की गई है। जब्त की गई धान को खरीदी केंद्र ले जाने मिनी ट्रक में लोड किया जा रहा था। धान के अवैध भंडारण को कृषि विभाग की टीम द्वारा पकड़ा गया। कृषि अधिकारियों द्वारा तुरंत इसकी सूचना एसडीएम शहपुरा को दी गई। एसडीएम शहपुरा मदनसिंह रघुवंशी ने कृषि उपज मंडी सचिव के साथ मौके पर पहुंचकर धान की जब्ती की कार्यवाही की।

एसडीएम शहपुरा ने बताया कि धान के अवैध भंडारण में लिप्त दोनों व्यापारियों को बिना लाइसेंस के अनाज की खरीदी करते और विक्रय करते भी पाया गया है। उन्होंने बताया कि कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार शहपुरा तहसील में किसानों के नाम पर समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन व्यवस्था का अनुचित लाभ उठाने की कोशिश करने वाले व्यापारियों या बिचौलियों पर पैनी नजर रखी जा रही है और कार्यवाही के लिये अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं।

एसडीएम शहपुरा के अनुसार उपार्जन व्यवस्था का अनुचित लाभ उठाने के लिये धान का अवैध संग्रह करने वाले व्यापारियों और बिचौलियों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी और खरीदी केंद्रों पर गलत नाम उपज का विक्रय करने पर आपराधिक प्रकरण भी दर्ज कराए जाएंगे।

## सेंट्रल जीएसटी ने चार प्रतिष्ठानों पर मारे छापे

**जबलपुर।** केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर आयुक्तालय (सेंट्रल जीएसटी) जबलपुर की टीम ने चार संस्थानों में दबिश दी और दस्तावेज बरामद किये. यहां से बड़ी कर अपवंचन की संभावना जताई जा रही है. जीएसटी आयुक्त लोकेश कुमार लिल्हारे के निर्देशन में जीएसटी टीम द्वारा जबलपुर के बलदेवबाग क्षेत्र स्थित एक अघोषित गोदाम पर किए गए निरीक्षण में एम/एस खंडेलवाल ट्रेडर्स, कॉपर वायर व्यापारी, से संबंधित बड़ी मात्रा में अपंजीकृत/अघोषित कॉपर वायर स्टॉक पाया गया। प्रारंभिक जाँच से प्रतीत होता है कि यह स्टॉक विधिवत अभिलेखों में दर्ज नहीं था।

इसी प्रकार छिंदवाड़ा जिले के पांढुर्णा में वायर निर्माता एम.एस कुनाल इंडस्ट्रीज परिसर का भी निरीक्षण किया गया। यह कंपनी कापर वायर का निर्माण करती है. यहां बिक्री-खरीद दस्तावेजों, स्टॉक रजिस्टर तथा उत्पादन अभिलेख जप्त किये गये हैं. जिनकी जांच की जा रही है। विभाग द्वारा कचनार क्लब एंड रिज़ॉर्ट, विजय नगर, जबलपुर में भी जाँच प्रारंभ की गई है, जहाँ बैंक्वेट एवं मंडप सेवाओं की गुप्त/अघोषित आपूर्ति के प्रारंभिक साक्ष्य प्राप्त हुए हैं, जिससे कर योग्य टर्नओवर के करअपवंचन की संभावना है।

# निगम की सख्त पहलः आमजनों की सुरक्षा और अग्नि दुर्घटनाएं रोकने शुरु की कार्रवाई

**जबलपुर।** नगर निगम ने गुरुवार को शहर में आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और अग्नि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक विशेष निरीक्षण अभियान शुरू किया। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर गठित 5 जांच दलों ने शहर के प्रमुख भीड़भाड़ वाले और व्यावसायिक क्षेत्रों में बहुमंजिला इमारतों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान बड़ा फुहारा, गौरीघाट, करमेता, सुहागी और राईट टाउन स्टेडियम के बाजार क्षेत्रों में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। विशेष रूप से बड़ा फुहारा के समीप रूपाली शो-रूम, रूपाली कलेक्शन और लक्ष्मी एम्पोरियम में फायर सेफ्टी की कोई व्यवस्था नहीं पाई गई। इन प्रतिष्ठानों में दुकानों के साथ गोदाम और कारखानों का संचालन हो रहा था। निगमायुक्त ने तत्काल इन तीनों प्रतिष्ठानों के व्यापारिक लाइसेंस निरस्त करने और भवन नक्शों की जांच के निर्देश दिए। सुहागी क्षेत्र में माँ शारदा टेंट हाउस के 3 मंजिला गोदाम में भी फायर सेफ्टी की कोई व्यवस्था नहीं पाई गई और बिजली की लाइनें खुली मिलीं। इसके चलते गोदाम और मुख्य टेंट हाउस को सील किया गया। निरीक्षण अभियान के दौरान निगमायुक्त ने सभी प्रतिष्ठान संचालकों से अपील की कि वे फायर सेफ्टी और सुरक्षा मानकों का पालन करें। उन्होंने चेतावनी दी कि अनियमितताएं और गलत प्रयोजन पाए जाने पर भवन स्वामियों और संचालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस सघन निरीक्षण अभियान में नगर निगम के भवन अधिकारी नवीन लोनारे, अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से, फायर अधीक्षक कुसाग्र ठाकुर, संभागीय भवन अधिकारी शैलेन्द्र कौरव, जागेन्द्र सिंह, आलोक शुक्ला, अनुपम शुक्ला, और बाजार अधीक्षक राजेन्द्र दुबे सहित सभी संबंधित संभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# पुलिस अधीक्षक 15 दिन में शिकायत पर कार्रवाई सुनिश्चित करें : हाईकोर्ट

### भूखंड विक्रय का अनुबंध कर आठ लाख ठगने का मामला

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए हैं कि याचिकाकर्ता की शिकायत पर कार्रवाई सुनिश्चित करें। जस्टिस संदीप नटवरलाल भट्ट की सिंगल बेंच ने इसके लिए 15 दिन का समय दिया। मामला भूखंड विक्रय का अनुबंध कर आठ लाख ठगने के आरोप से संबंधित है। याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी अमित खम्परिया की ओर से अधिवक्ता विकास मिश्रा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि कलेक्ट्रेट कर्मी राजेश झारिया व उसकी पत्नी ने याचिकाकर्ता को संजीवनी नगर का एक भूखंड दिखाया था। उसके विक्रय के लिए पांच लाख नकद हासिल कर अनुबंध किया। 60 दिन के भीतर रजिस्ट्री कराने का वादा किया। लेकिन समय गुजरने के बावजूद रजिस्ट्री नहीं कराई। लिहाजा, उलाहना दी गई। इस पर एक बार फिर से नया अनुबंध करने और तीन लाख देने का प्रस्ताव रखा गया। याचिकाकर्ता ने ऐसा हीं किया। इस तरह झारिया दंपति ने आठ लाख ले लिए। लेकिन नियत अवधि में रजिस्ट्री नहीं कराई। इस पर रुपये लौटाने की मांग की गई। लेकिन ऐसा न करते हुए एससीएसटी एक्ट में फंसाने की धमकी दे दी गई। यही नहीं अंततः प्रकरण दर्ज भी करा दिया गया। जानकारी हासिल करने पर याचिकाकर्ता को पता चला कि जिस भूखंड को दिखाया गया था, उसकी जेडीए लीज निरस्त हो चुकी थी। इससे जाहिर है कि ठगी हुई है। इसकी शिकायत पर पुलिस द्वारा एफआइआर दर्ज न करने पर हाई कोर्ट की शरण ली गई।



# महापौर और निगमायुक्त के निर्देश पर शराब दुकानों पर हुई चालानी कार्रवाई

**जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने शहर के दो प्रमुख चौराहों पर स्थित शराब दुकानों पर कार्रवाई की। मदन महल और धनवंतरी चौराहा स्थित दुकानों के आस-पास गंदगी मिलने पर दोनों संचालकों पर कुल 33 हजार रुपये का स्पॉट फाइन लगाया गया। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मदन महल की दुकान पर 10 हजार और धनवंतरी चौराहा की दुकान पर 23 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। निगमायुक्त ने कहा कि कचरा फैलाने वाले दुकानदारों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई के साथ-साथ नक्शे की जाँच भी कराई जाएगी। निगम प्रशासन ने चेतावनी दी कि दुकानों के आसपास स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित न होने पर भविष्य में और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कार्यवाही के समय सहायक यंत्री स्वास्थ्य अभिनव मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र राज, अर्जुन यादव, पोला राव, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक संतोष माहोर, अतुल रैकवार, स्वास्थ्य निरीक्षक अनंत दुबे एवं किशन दुबे आदि मौजूद थे।

## दो दिन पहले गिरे थे बाथरूम में

# जबलपुर में बीएलओ दिलीप सोलंकी की हार्ट अटैक से मौत

**जबलपुर।** जिले में एसआइआर के दौरान बुधवार को एक बीएलओ की हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई। महाराजपुर व्हीकल मोड़ निवासी दिलीप सोलंकी कृषि अभियांत्रिकीय महाविद्यालय में वर्कशॉप हेल्पर के पद पर कार्यरत थे। वे घर में थे, सुबह करीब साढे.8 बजे उन्हें घबराहट हुई, घरवाले उन्हें अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। माना जा रहा है कि काम का दबाव उन पर हावी थी। इससे पहले कुछ अन्य बीएलओ की तबीयत बिगड़ चुकी है। कुछ अपना इलाज करवा रहे हैं।

पूर्व विधानसभा के बूथ क्रमांक 4 में सेवाएं दे रहे थे। कुछ दिनों पहले अपने घर की बाथरूम में फिसलकर गिर गए थे, उनके पैर में गंभीर चोट आई थी, तब से वह कार्य पर नहीं आ रहे थे। उनके सहायक से काम लिया जा रहा था। अधारताल एसडीएम पंकज मिश्रा ने बताया कि उनके मोबाइल से ओटीपी आता है तो इस काम में उनके बेटे की सहायता ली जा रही थी। उनका काम भी संतोषप्रद था अभी तक वे मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का 80 फीसदी डिजिटाइजेशन कर चुके थे।

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कहा यह दुखद घटना है। बीएलओ दिलीप सोलंकी की हार्टअटैक से मृत्यु हो गई है। वे कुछ दिनों से ड्यूटी नहीं जा रहे थे, उनकी जगह सहायक से काम लिया जा रहा था। कुछ सहयोग उनका बेटा कर रहा था। मृत्यु पर शासन के नियमों अनुसार उन्हें एक लाख 25 हजार रुपए की एक्सग्रेसिया की राशि प्रदान की गई। इसी प्रकार उनके परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति का प्रस्ताव भी शासन को शीघ्र भेजा जाएगा।

## जबलपुर ट्रैफिक पर बड़ा मंथन कल, -इंजीनियर्स फोरम व विशेषज्ञों की संयुक्त कार्यशाला में निकलेगा समाधान खाका

**जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर में लगातार बढ़ती ट्रैफिक समस्याओं, जाम और सड़क सुरक्षा के मुद्दों को ध्यान में रखते हुए कल इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स एवं विश्वेशरैया इंजीनियर्स फोरम के संयुक्त तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की जा रही है। शहर के यातायात तंत्र को मजबूत और आधुनिक बनाने की दिशा में यह पहल निर्णायक साबित हो सकती है। कार्यशाला में ट्रैफिक विशेषज्ञों, नगर निगम अधिकारियों, यातायात पुलिस, वरिष्ठ पत्रकारों तथा नागरिक प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। विभिन्न तकनीकी सत्रों में शहर के प्रमुख जामग्रस्त क्षेत्रों का विश्लेषण, ट्रैफिक प्रबंधन की वर्तमान चुनौतियाँ, स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम, पार्किंग व्यवस्था और पब्लिक ट्रांसपोर्ट के समन्वय पर चर्चा की जाएगी। यातायात पुलिस के अनुभव और इंजीनियरिंग विशेषज्ञों के तकनीकी सुझावों के आधार पर बेहतर और व्यवहारिक समाधान तैयार किए जाएंगे। आयोजकों ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ऐसी योजना बनाना है जो शहर की सड़कों पर चल रहे बढ़ते दबाव को कम कर सके और आने वाले वर्षों में सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कर सके। प्रतिभागी ट्रैफिक नियमों के पालन, सड़क सुरक्षा, लेन अनुशासन, पैदल यात्रियों की सुरक्षा और पर्यावरण अनुकूल यातायात उपायों पर भी अपने सुझाव साझा करेंगे। कार्यशाला में नगर एवं ग्राम नियोजन संयुक्त निदेशक कैलाश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जबकि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) तथा अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति से यह मंथन अधिक व्यापक और प्रभावी होने की उम्मीद है। इंजीनियर्स फोरम के अध्यक्ष प्रभात श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यशाला से निकलने वाले सुझावों और तकनीकी रिपोर्ट को नगर निगम और शहर प्रशासन को सौंपा जाएगा, ताकि उन्हें शीघ्रता से लागू करने पर विचार किया जा सके।

## रिश्तेदारी में बहस पर हत्या करने वाले को उम्र कैद

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश सुमन उइके की अदालत ने रिश्तेदारी में बहस पर चाकू मार कर हत्या करने के आरोपी ओमती, जबलपुर निवासी मोहम्मद शरीफ का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ आजीवन कारावास की सजा सुना दी। साथ ही 17 हजार रुपये जुर्माना लगाया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक जीत सिंह पटेल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपित ने नौ जून, 2017 को मोहम्मद इकबाल पर चाकू मार दिया था। इस वजह से उसकी मौत हो गई। इसी तरह दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। विवाद की वजह रिश्तेदारी में बहस थी।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गयी थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## गजरथ महोत्सव में छाया आध्यात्मिक उल्लास

# दयोदय तीर्थ गौशाला में गजरथ महोत्सव : भगवान आदिकुमार जन्मोत्सव मनाया धूमधाम से

जबलपुर।

दयोदय तीर्थ गौशाला में आयोजित पंच कल्याणक एवं गजरथ महोत्सव के अंतर्गत गुरुवार को भगवान आदिकुमार का जन्म कल्याणक अत्यंत धूमधाम और दिव्य उल्लास के साथ मनाया गया। आचार्य श्री समयसागर जी ससंघ के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने जन्मोत्सव का अलौकिक अनुभव प्राप्त किया। आचार्यश्री ने उपदेश में कहा कि जन्म की महिमा अतुलनीय है, परंतु तीर्थंकरों का जन्म विश्व को प्रकाशमान करने वाला होता है। उन्होंने भव्य जीव की योग्यता, रत्नत्रय के महत्व और मोक्षमार्ग के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुण्य के बिना श्रेष्ठ फल की अपेक्षा नहीं की जा सकती। आचार्यश्री ने बताया कि माता–पिता जिनेन्द्र भगवान से ऐसी संतान की कामना करते हैं जो मोक्षमार्ग का नेता बने। आज जन्मे वृषभसेन इसी महान आत्मा का प्रतीक हैं, जो कल्याण का मार्ग दिखाने आए हैं।

### सुबह से चली पूजा–अर्चना

प्रातः 6 बजे प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी विनय भैया (बंडा) द्वारा पात्रशुद्धि, अभिषेक, शांतिधारा और नित्यमह पूजन सम्पन्न कराया गया। ठीक 6:30 बजे भगवान आदिकुमार के जन्म की घोषणा होते ही इंद्र–इंद्राणियों एवं श्रद्धालुओं ने मंगलगीत गाते हुए उल्लास



व्यक्त किया। जन्मोत्सव का पवित्र दृश्य देख श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

भव्य शोभायात्रा बनी आकर्षण का केंद्र

जन्मोत्सव के उपरांत भगवान बालक आदिकुमार को गोद में लिए सौधर्म इंद्र–इंद्राणी भव्य हाथी पर सवार होकर शोभायात्रा में शामिल हुए। कुबेर, ईशान इंद्र, महायज्ञ नायक, सनतकुमार, महेन्द्र, ब्रह्मेन्द्र, सातरेन्द्र, बाहुबली, भरत चक्रवर्ती सहित अनेक देव–प्रतिमाएं सुसज्जित बग्घियों में विराजमान थीं। शोभायात्रा पिसनहारी



पांडुकशिला पहुँचकर सम्पन्न हुई, जहाँ 1008 कलशों से अभिषेक किया गया।

### रात्रि में मनोहारी बाललीला ने मोहा मन

रात्रि में महाराजा नाभिराय द्वारा पुत्रोत्सव आयोजित किया गया। बालक आदिकुमार का पालना झुलाया गया, जिसे झुलाने के लिए भक्त उत्साहपूर्वक आगे आते रहे। सौधर्म इंद्र के तांडव नृत्य और बाललीला के दृश्य ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

### आज का कार्यक्रम

प्रातः से पात्रशुद्धि, अभिषेक, शांतिधारा, नित्यमह पूजन, जन्म कल्याणक पूजन, शांति हवन, आचार्य श्री का पूजन एवं प्रवचन होंगे। साथ ही पाणिग्रहण संस्कार विधि (बारात) का आयोजन भी किया जाएगा।



# सड़क पर आ गई दरारें, मेंटेनेंस के नाम पर की जा रही खानापूर्ति

बरेला

लोक निर्माण विभाग द्वारा जहां एक और दावा किया जाता है कि सड़कों की समय समय पर जांच की जाती है तथा तथा समय-समय पर सड़क की मरम्मत भी की जाती है किंतु इसके बावजूद भी सड़क में दरार आ गई हैं तथा सड़क से सोल्डर पट्टी गायब है तथा पुलियों भी बेरंग हो गई हैं जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण जबलपुर मंडला मार्ग से शारदा मंदिर पहुंच मार्ग है ।बताया जाता है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा ढाई साल पूर्व जबलपुर मंडला मार्ग पर हाईवे से प्रसिद्ध शारदा देवी मंदिर मार्ग का नवीनीकरण कराया गया था जिस पर विभाग द्वारा लाखों रुपए खर्च करके रोड बनवाई गई किंतु रोड बनने के पश्चात आज तक ठेकेदार द्वारा मुड़कर नहीं देखा गया जिसके परिणाम स्वरूप रोड पर दरारें आ गई हैं। तथा हाईवे से शारदा मंदिर पहुंच मार्ग तक सोल्जर पट्टी पूर्णतया गायब हो गई है इसी प्रकार इस मार्ग पर पड़ने वाली पुलिया भी बेरंग हो गई हैं जो की विभाग की उदासीनता और कथनी करनी को स्पष्ट उजागर कर रहा है । मां शारदा देवी के दर्शन करने जाने वाले श्रद्धालु जनो का कहना है कि इस मार्ग पर प्रतिदिन सैकड़ों लोग शारदा मंदिर पहुंचने हैं तथा मां शारदा का आशीर्वाद ग्रहण करते हैं उनके मन में रोड की स्थिति देखकर शासन द्वारा किए किए जा रहे दावे हास्यास्पद लगते। लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर एसडीओ द्वारा भी सड़कों का निरीक्षण नहीं किया जाता है जिसकी वजह से इन मार्गों का समय पर मेंटेनेंस नहीं हो पा रहा है आनंद वाटिका ग्रुप के आदर्श विश्वकर्मा, सुनील सेन संजय पटेल ने पीडब्ल्यूडी विभाग के उच्च अधिकारियों से इस मार्ग का निरीक्षण की मांग की है।

## नागेश ट्रॉफी ब्लाइंड क्रिकेटः अंतिम दिन दो मुकाबले, उड़ीसा सुपर-8 में पहुँची

जबलपुर।

पंचदिवसीय राष्ट्रीय ब्लाइंड क्रिकेट नागेश ट्रॉफी का आज अंतिम दिन है, जिसमें सुपर-8 में स्थान बनाने के लिए मध्य प्रदेश, बिहार, हरियाणा और पांडिचेरी के बीच कड़ा संघर्ष होगा। उड़ीसा अपनी शानदार जीत के साथ पहले ही सुपर-8 में जगह बना चुकी है। प्रतियोगिता का समापन आज शाम 4 बजे होगा, जहां विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

चौथे दिन रानीताल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबलों में



पहला मैच हरियाणा बनाम मध्य प्रदेश के बीच हुआ। मध्य प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 137/9 रन बनाए, जिसे हरियाणा ने मात्र 13 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। हरियाणा के कप्तान दीपक मलिक को 61 रन और 2 विकेट के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरे मैच में उड़ीसा ने बिहार को हराया। बिहार ने पहले बल्लेबाजी कर 20 ओवर में 134/6 रन बनाए। उड़ीसा ने यह लक्ष्य 12 ओवर में 4 विकेट पर प्राप्त कर जीत दर्ज की। शानदार अर्धशतक, बेहतरीन फील्डिंग, दो कैच और दो रन-आउट करने वाले गणपति घोड़ा बूटी को मैन ऑफ द मैच सम्मान मिला।

प्रतियोगिता के संयोजक सुनील कुमार जैन ने बताया कि आज के निर्णायक मुकाबलों के बाद सुपर-8 की शेष टीमें तय होंगी।

## माताजी की स्मृति में शिक्षक तिवारी ने शासकीय स्कूल को भेंट किए डेस्क-बैंच



सिहोरा। अपने परिजनों की पुण्य स्मृति में वैसे तो हर व्यक्ति कुछ न कुछ करने के लिए तत्पर रहता है पर सिहोरा में निवासरत शासकीय प्राथमिक शाला भिटौनी में पदस्थ शिक्षक सुनील-निधि तिवारी ने खितौला पड़वार निवासी माताजी श्रीमती कमला बाई की प्रथम पुण्यतिथि पर विद्यालय के छात्र छात्राओं को डेस्क बैंच वितरित करके सेवा का एक अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। विदित हो शासकीय प्राथमिक शाला भिटौनी के छात्र छात्राएं दरी टाट-फट्टी पर नीचे बैठकर शिक्षा ग्रहण करते थे कड़कड़ाती ठण्ड मे शाला में अध्यनरत छात्र छात्राओं की परेशानी को देखते हुऐ शिक्षक सुनील- निधि तिवारी ने शिक्षा को प्रोत्साहित करने के संकल्प के साथ करीब 32 बच्चों के बैठने हेतु डेस्क व बेंच का वितरण किया गया। इससे विद्यार्थियों को अब टाट पट्टी पर नहीं बैठना पड़ेगा। साथ ही उनकी यूनीफार्म भी खराब नहीं होगी एंव अच्छे माहौल में पढ़ाई करने से बच्चो के मानसिक स्तर में सुधार होगा और उच्च प्राथमिक विद्यालय प्राइवेट स्कूल के पैटर्न में दिखाई देगें तथा विद्यालय का शिक्षा का स्तर भी सुधरेगा।

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में 2 युवकों की मौत, 1 घायल

जबलपुर। कुण्डम थाना अतंर्गत सूपावारा के आगे शनि मंदिर के सामने कल शाम एक सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई वहीं एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया, घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुण्डम पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मखरार कुण्डम निवासी 23 वर्षीय छोटू परस्ते, 15 वर्षीय ललित परस्ते और सुदीना मरावी तीनों कुण्डम गए थे। गत शाम 6 बजे सूपावारा के आगे शनि मंदिर के सामने किसी अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर तीनों घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से कुण्डम अस्पताल ले जाया गया। सूचना पर घायल के परिजन अस्पताल पहुंचे जहां छोटू परस्ते और ललित परस्ते की मौत हो गई वहीं सुदीना मरावी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कर लिया गया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

### हिलटगंज में चाकू चले, 1 घायल

जबलपुर। कैंट थाना अतंर्गत हिलटगंज पुलिया के पास शराब पीने से पैसे देने से मना करने की बात पर दो बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया।

कैंट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपुर छापर निवासी 32 वर्षीय अमन बाल्मीक से गत शाम 7 बजे हिटलगंज पुलिया के पास पहचान के यश करोसिया और मिलन वर्षे मिले और बहुत कमा रहा है कहते हुए शराब पीने के लिए 500 रुपए की मांग करने लगे, मना करने पर गालीगलोज करने लगे। मिलन ने उसे पकड़ लिया तथा यश करोसिया ने उस पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। चिल्लाने की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग बीच बचाव करने आये तो दोनों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 119(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### झगड़ा शांत कराने वाले पर बदमाश ने किया चाकू से हमला

जबलपुर। कैंट थाना अतंर्गत बाबादीन चौक के पास लड़ाई करने से मना करने की बात पर दो बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर जान से मारने की धमकी दी। कैंट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गली नंबर 18 सदर निवासी 35 वर्षीय चाट ठेला संचालक रोहित बर्मन के ठेले के सामने स्थित हनी मोबाइल की दुकान में काम करने वाले लड़के अंकुश एवं चिराग आपस में लड़ाई कर रहे थे जिन्हें लड़ाई करने से मना कर जाने को कहा तो दोनों वहां से चले गये थे। उसके बाद वह अपना ठेला बंद कर अपने दोस्त के साथ बाबादीन चौक के पास खड़ा था तभी अंकुश पासी अपने एक साथी के साथ आया एवं तुझे झगडा शांत कराने का बड़ा शौक है कहते हुए गालीगलौज व मारपीट कर उसकी जांघ पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। उसके दोस्त गुड्डू ने बीच बचाव किया तो दोनों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# साधु संतों के सानिध्य में हरि नाम संकीर्तन के साथ हुआ भंडारा

जबलपुर। मां नर्मदा चैतन्य महाप्रभु लोक कल्याण समिति जबलपुर द्वारा सीताराम आश्रम भेड़ाघाट सरस्वतीघाट में महंत बाल्ययोगी कृष्णदास महात्यागी, नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा संस्थापक संकीर्तन आचार्य पंडित मनमोहन दुबे महाराज के सानिध्य में हनुमान जी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में हरि नाम संकीर्तन की महिमा के गुणगान के साथ मां नर्मदा मैया की महाआरती की गई। साथ ही विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जहां हजारों श्रद्धालुगणों की संख्या में मां नर्मदा



भक्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्याम मनोहर पटेल ने बताया कि मां नर्मदा सभी क्षेत्रवासियों का हृदय स्थल है एवं आस्था का केंद्र है जहां पर सैकड़ों वर्षों से ऋषि मुनियों की तपोभूमि मानी जाती है।

इस अवसर पर महंत बाल्ययोगी कृष्णदास महात्यागी, नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा संस्थापक संकीर्तनाचार्य पंडित मनमोहन दुबे, श्याम मनोहर पटेल, महंत मोहित तिवारी, साध्वी कल्याणी दासी माता, संकीर्तनाचार्य सुरेश विश्वकर्मा, दीपक तिवारी, लालजी पटेल, मनोहर विश्वकर्मा, गणेश विश्वकर्मा, दीपक तिवारी, विनोद विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, छन्नू राम पटेल, रवि तिवारी, चंद्र कुमार पटेल, नरेश गुजराती, प्रभाकर चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

## जैफ़ आलम अंसारी मानवाधिकार प्रशासनिक संस्थान के जिला अध्यक्ष नियुक्त



जबलपुर। आयेशा नगर जबलपुर निवासी जैफ़ आलम अंसारी (बाबू भाई) को मानवाधिकार एडमिनिस्ट्रेशन इंस्टीटूशन (मानवाधिकार प्रशासनिक संस्थान) का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि की रूप में प्रदेश महासचिव एवं महाराष्ट्र प्रभारी मो इस्लामुद्दीन ने उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि बाबू भाई द्वारा लोगो की आवाज को बुलंद करने के चलते उन्हें नियुक्त किया गया है ताकि वो जिले के अंदर पीड़ित लोगों की मदद कर सके और लोगो की मूलभूत समस्यायों का समाधान हो सके। इस कार्यक्रम में परवेज राईन, फिरोज खान, मो. इमरान, नदीम खान, लियाकत अली, मो. तौहीद, अनीश अख्तर, वसीम, अलाउद्दीन सिद्दीकी, बबलू भाई, नईम भाई, अदि शामिल हुए।

### काले झंडे के साथ निकाली विशाल स्वाभिमान वाहन रैली

# सिहोरा को जिला बनाने दूसरे दिन मुख्यमंत्री की लाड़ली बहनें बैठी भूख हड़ताल





सिहोरा। इसे समय का चक्र ही कहे या फिर दुर्भाग्य कि आज सिहोरा को जिला बनाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री की लाड़ली बहनों को भूख हड़ताल पर बैठना पड़ा ये वही ग्रहणी है जिनके दम पर भाजपा मध्यप्रदेश में लगातार सरकार बना रही है और आज ये नौबत आ गई कि प्रदेश के सीएम इनकी तरफ देख तक नहीं रहे और इनको अपना हक मांगने सड़क पर आना पड़ा है। लक्ष्य जिला आन्दोलन समिति के संयोजन में लगातार दुसरे दिन क्रमिक अनशन जारी रहा गुरुवार को एक दर्जन से अधिक हाऊस वाइफ धरने पर बैठी।शाम को चार बजे से सैकड़ों मोटर साइकिलों में काले झंडे लगाकर एंव सर पर सिहोरा जिला की मांग की टोपी पहनकर नगर वासियों ने स्वाभिमान रैली निकाली जो बाबाशाला से प्रारम्भ होकर सिहोरा खितौला के विभिन्न मार्गों से होकर निकली तथा आन्दोलन स्थल पर संपन्न हुई इस रैली में सिहोरा वासियों का आक्रोश स्पष्ट दिखाई दिया।

#### लाड़ली बहनों ने कहा मुख्यमंत्री वायदा पूरा करे

आन्दोलन स्थल पुराने बस स्टेंड में भूख हड़ताल में बैठी लाड़ली बहनों ने अपने उदबोधन में मुख्यमंत्री जी से सिहोरा को जिला बनाने के वायदे को पूरा करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा प्रदेश में सरकार बनाने में हमलोगों ने अपना पूरा समर्थन दिया है अब सीएम को मांग पूरी करनी चाहिए।

अनशन पर बैठी रूपाली सराफ ने कहा "कभी सिहोरा मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी तहसील थी लेकिन बहोरीबंद,मझौली और ढीमरखेड़ा को अलग कर इसका विखंडन किया गया।

तब नेता कहकर गए थे कि सिहोरा को जिला बनाया जाएगा लेकिन आज तक वादा पूरा नहीं हुआ। अब सिहोरा चुप नहीं बैठेगा।"श्रीमती सोनाली साहू ने कहा"सिहोरा महानतम है भारत का मध्य बिंदु है।भौगोलिक,जनसंख्या और सुविधा हर आधार पर सिहोरा जिला बनने योग्य है।

लेकिन वर्षों से इसकी उपेक्षा की गई है जो अब बर्दाश्त नहीं होगी।" सरोज कुररिया ने कहा—

"चुनाव से पहले केंद्रीय मंत्रियों, हमारे विधायक और कई नेताओं ने कहा था कि सिहोरा जिला बनेगा। लेकिन जीत के बाद सभी सत्ता सुख भोगने में मस्त है और जनता सड़कों पर है।

जनता में स्वाभाविक है और अब यह नाराजगी आंदोलन में बदल रही है।"बबीता त्रिपाठी ने आंदोलन की भावना को शब्द देते हुए कहा "यह लड़ाई अब जमीन की नहीं, पहचान की है यह लड़ाई सिहोरा के स्वाभिमान की है।पूरा सिहोरा अब एकजुट होकर जिला पाने तक संघर्ष के लिए तैयार है। ऋचा पाठक ने कहा मुख्यमंत्री जी किसी भी नई राजनीतिक स्थिति के बनने से पहले सिहोरा को जिला घोषित करें।"

#### एक दर्जन महिलाएं बैठीं भूख हड़ताल में

दुसरे जत्थे में गुरुवार को सरोज कुररिया, रुपाली सराफ, प्रतिमा मिश्रा, बबिता त्रिपाठी, कविता सेठ, रोशनी मिश्रा, मधू प्यासी, ऋचा पाठक, सोनाली साहू, शिवांगी साहू, संगीता विश्वकर्मा, तस्लीम आदि लाड़ली बहने भूख हड़ताल में बैठी।

#### वाहन रैली में शामिल हुए सभी दलों के लोग

एक और जहां महिलाएं क्रमिक भूख हड़ताल करती रही वहीं भाजपा कांग्रेस सहित अनेक समाज संगठन के लोगों ने हाथों में काला झंडा लेकर सिहोरा में स्वाभिमान रैली निकाली जो बाबाशाला से शुरू होकर संपूर्ण सिहोरा खितौला भ्रमण करते हुए धरना स्थल पुराने बस स्टैंड सिहोरा में समाप्त हुई। सिहोरा वासियों ने ऐलान किया कि अब वह किसी कीमत पर पीछे हटने को तैयार नहीं है सरकार को अप्रिय स्थिति बनने से पहले सिहोरा को जिला बनाना चाहिए।

## 201 यात्रियों के साथ रवाना हुई थी और 29 नवंबर को वापस लौटी

# मां शारदा वैष्णव देवी यात्रा समिति की यात्रा का समापन माता की चौकी व प्रसादी के साथ सम्पन्न

जबलपुर। मा शारदा वैष्णव देवी यात्रा समिति द्वारा आयोजित मां वैष्णव देवी यात्रा का समापन माता की चौकी और भोग प्रसादी के साथ भक्ति भाव से सम्पन्न हुआ। यात्रा 25 नवंबर को जबलपुर से 201 यात्रियों के साथ रवाना हुई थी और 29 नवंबर को वापस लौटी। कटरा में सभी भक्तों ने नाचते–गाते शोभायात्रा के रूप में माता के दर्शन किए और इसके उपरांत वहीं माता की चौकी आयोजित हुई। 2 दिसंबर को जबलपुर में अंगना पधारो महारानी परिवार द्वारा आयोजित समापन चौकी में मनीष अग्रवाल (मोनी), अभिषेक बर्मन, नरेंद्र राज और नयन कपूर ने भजन प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर महापौर जगतबहादुर सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, सुधांशु गुप्ता, जय घनघोरिया, श्रीमती अभिलाषा पांडेय,



राम शुक्ला, शरद अग्रवाल, विनय केशरवानी, पार्षद प्रतिभा भांपकर, विनय सक्सेना, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, सोनू बचवानी, ज्ञानेश्वरी दीदी, तरुण चौबे, संजय अग्रवाल, ज्ञानेश्वर अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, नीरज अग्रवाल सहित अनेक भक्त उपस्थित रहे।




**श्री रमेश चंद्र गुप्ता-** लक्ष्मी कॉलोनी हाथीताल निवासी श्री रमेश चंद्र गुप्ता (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शशि-** ललित कॉलोनी निवासी श्री कैलाश डुमार की धर्मपत्नी श्रीमती शशि (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री दिलीप कुमार सोलंकी-** पटेल नगर सुहागी निवासी श्री दिलीप कुमार सोलंकी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गनेश प्रसाद नामदेव-** दक्षिण मिलौनीगंज पूर्व पंचशील टाकीज के पास निवासी श्री गनेश प्रसाद नामदेव (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रमेश चंद्र साहनी-** रिलायबल स्टेट गौरीघाट निवासी श्री रमेश चंद्र साहनी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कृष्णा यादव-** कांचघर खेरमाई मंदिर के पास निवासी श्री श्याम लाल यादव की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा यादव (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती आरती कश्यप-** डेनिंग रोड साउथ सिविल निवासी श्री श्याम सुंदर कश्यप की धर्मपत्नी श्रीमती आरती कश्यप (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राकेश चौधरी -** कांचघर स्टेशन रोड निवासी श्री गंगाराम चौधरी के पुत्र श्री राकेश चौधरी (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजकुमार समुंदे-** सर्वेंट क्वार्टस जीसीएफ निवासी श्री राजकुमार समुंद्रे (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राधा रमण नेमा-** गुप्ता कॉलोनी गढ़ाफाटक निवासी श्री राधा रमण नेमा (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री झगड़-** दीवान बाड़ा मानेगांव रांझी निवासी श्री झगड़ (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पुष्पा भंडारी-** सालीवाड़ा गौर निवासी श्री भूपेंद्र भंडारी की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा भंडारी (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मुन्ना लाल झारिया-** दुर्गा नगर भटौली निवासी श्री मुन्ना लाल झारिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक कुमार कनौजिया-** सन सिटी इंद्रप्रस्थ कंचनपुर अधारताल निवासी श्री अशोक कुमार कनौजिया (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
सिंगल साइज:- 100 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
सिंगल साइज:- 100 से.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज 300 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

खबर संक्षेप

## महिंद्रा की अनुषंगी कंपनी ने सीआईई में हिस्सेदारी बेची



**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) की अनुषंगी कंपनी ने सीआईई ऑटोमोटिव एस ए में 3.58 प्रतिशत हिस्सेदारी लगभग 11.9 करोड़ यूरो में बेच दी। लिमिटेड ने अपनी हिस्सेदारी का एक हिस्सा बेच दिया है, जो सीआईई ऑटोमोटिव एसए के शेयरों का 3.58 प्रतिशत है।

## एयर प्यूरीफायर की बिक्री 30 प्रतिशत बढ़ी : क्रोमा




**नई दिल्ली।** टाटा समूह की इलेक्ट्रॉनिक्स खुदरा कंपनी क्रोमा ने कहा कि 2025 में अब तक एयर प्यूरीफायर की मांग सालाना आधार पर 30 प्रतिशत बढ़ी है। क्रोमा द्वारा जारी एयर प्यूरीफायर खरीद पर एक रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में एयर प्यूरीफायर की बिक्री सबसे अधिक रही। कुल बिक्री में दिल्ली-एनसीआर का हिस्सा 72 प्रतिशत रहा।

## आईईएक्स के कारोबार में 18 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली।** बिजली खरीद-बिक्री बाजार इंडियन एनर्जी एक्सचेंज का नवंबर में कारोबार 1,140.9 करोड़ यूनिट रहा जो सालाना आधार पर 17.7 प्रतिशत की वृद्धि है। आईईएक्स ने कहा कि माह के दौरान कुल 4.74 लाख नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्रों का कारोबार हुआ। पवन और सौर ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि के परिणामस्वरूप आईईएक्स मंच पर आपूर्ति बढ़ी है।

## फ्लिपकार्ट के आर्डर में 40 फीसदी की बढ़ोतरी



**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने इस साल अपने ग्राहक आधार और ऑर्डर संख्या में हाल के वर्षों की सबसे बड़ी वृद्धि दर्ज की है। इस दौरान दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में भी उसके ग्राहकों की संख्या बढ़ी है। अपनी पूरी प्रणाली में 20 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा दी, जो बड़े शहरों और छोटे शहरों में उसकी बढ़ती लोकप्रियता को दिखाता है।

## सीमलेस पाइप विनिर्माताओं को प्रोत्साहन देने का आग्रह



**नई दिल्ली।** सीमलेस ट्यूब मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसटीएमएआई) ने केंद्रीय बजट से पहले सरकार से अपने उत्पादों के निर्यात के कम से कम 10 प्रतिशत के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू करने का आग्रह किया है। एसोसिएशन ने कहा कि ऐसे प्रोत्साहन लागू होने से इस क्षेत्र में भारत के निर्यात को तेजी मिलेगी।

## ओएनजीसी के चेयरमैन सिंह को एक साल का विस्तार

**नई दिल्ली।** ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन के चेयरमैन अरुण कुमार सिंह को एक साल का सेवा विस्तार दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति द्वारा लिए गए निर्णय का हवाला देते हुए एक आधिकारिक आदेश में कहा गया अरुण कुमार सिंह (63) छह दिसंबर, 2026 तक ओएनजीसी के चेयरमैन के रूप में बने रहेंगे। कुमार 2022 में 60 वर्ष के करीब की उम्र में पहली बार किसी प्रमुख सरकारी सार्वजनिक उपक्रम के चेयरमैन बने थे।

# आरबीआई ने तैयार की देश में सबसे सुरक्षित बैंकों की सूची, कभी नहीं डूबेगा पैसा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- इनकी पहचान सबसे सिस्टेमिकली जरूरी फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन के तौर पर

हम आप में से कई लोग बैंक में अकाउंट खुलवाते हैं ताकि पैसा सुरक्षित रहे और उस पर मिले ब्याज से मोटी कमाई भी हो। बैंक में पैसा जमा करने के बाद हम यह सोचकर टेंशन फ्री हो जाते हैं कि अब हमारा पैसा सिक्योर है, लेकिन कब बैंक दिवालिया हो जाए और कब आपके पैसे डूब जाए इसका कोई भरोसा नहीं।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया,एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक देश का सबसे सुरक्षित बैंक बताया है। आरबीआई ने इनकी पहचान देश के सबसे सिस्टेमिकली जरूरी फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन के तौर पर की है और इन्हें डोमेस्टिक सिस्टेमिकली जरूरी बैंक (डी-एसआईबी) बताया है। आरबीआई के इस ऐलान के साथ अब यह पक्का हो गया है कि ये तीनों ही इंस्टीट्यूशन बैंकिंग सेक्टर में अपनी एक अहम जगह रखते हैं।

## स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक सबसे ज्यादा सुरक्षित

### इनकी सेफ्टी है बहुत जरूरी

डी-एसआईबी के तौर पर इन बैंकों की पहचान 2024 में की गई थी, जो एक बार फिर से अपनी साइज और देश की इकोनॉमी के लिए अहमियत की वजह से आगे हैं। डी-एसआईबी को इतना जरूरी माना जाता है कि इसके फेल होने पर देश के फाइनेंशियल सिस्टम पर बहुत बुरा असर पड़ता है, जिससे बड़े पैमाने पर दिक्कतें आ सकती हैं इसलिए सरकार और रेगुलेटर उनकी स्टेबिलिटी पक्का करने के लिए कमिटेड हैं और इन्हें फेल होने से बचाने के लिए कदम उठाए जाते रहे हैं।



*क्या है डी-एसआईबी? : डोमेस्टिक सिस्टेमिकली इम्पोर्टेन्ट बैंकों का कॉन्सेप्ट सबसे पहले 2014 में शुरू हुआ। यह फाइनेंशियल स्टेबिलिटी को मजबूत करने की आरबीआई की कोशिश का एक हिस्सा था। 2015 में इनकी पहचान करनी शुरू कर दी गई। डोमेस्टिक सिस्टेमिकली इम्पॉर्टेंट बैंक उन बैंकों को कहा जाता है, जो अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभाते हैं।*

### एक्स्ट्रा कैपिटल मेंटेन करना जरूरी

हाई बकेट की कैटेगरी को शामिल होने वाले इन बैंकों को अपने पास ज्यादा कैपिटल रखने की जरूरत है। एक्स्ट्रा कॉमन इक्विटी टियर 1 (सीईटी 1) कैपिटल। संभावित नुकसान या रिस्क को झेलने में मदद मिल सके। एक्स्ट्रा सीईटी 1 कैपिटल का लेवल डी-एसआईबी फ्रेमवर्क में बैंक के क्लासिफिकेशन के आधार पर अलग-अलग होता है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को बकेट 4 में रखा गया है, जिसके लिए उसे एक्स्ट्रा 0.80 परसेंट सीईटी1 कैपिटल बनाए रखना होगा। एचडीएफसी बैंक बकेट 2 में बना हुआ है, जिसके लिए एक्स्ट्रा 0.40 परसेंट सीईटी 1 कैपिटल की जरूरत है। आईसीआईसीआई बैंक बकेट 1 में है, जिसके लिए इसे एक्स्ट्रा 0.20 परसेंट सीईटी1 कैपिटल मेंटेन करना होगा।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
(विशेष सीमित ई निविदा)
(सिंगल पैकेट सिस्टम)

**निविदा क्र.:**सी.ई.सी-एन.जी.पी.-25-26-05 दिनांक: 13.11.2025
**कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में डोंगरगढ़-गोंडिया के बीच चौथी लाइन की प्रस्तावित परियोजना के संबंध में छत्तीसगढ़ के राजनंदगांव जिले में निजी भूमि का अधिग्रहण, वन भूमि का डायवर्जन, वन मंजूरी और वन्यजीव मंजूरी प्राप्त करना।
**निविदा मूल्य:** ₹ 60,63,600/-
**अमानत राशि:** ₹ 1,21,300/-
**निविदा दस्तावेज़ की लागत:** शून्य
**कार्य पूरा होने की अवधि:** 12 (बारह) महीने, स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से।
**निविदा बंद होने का समय एवं दिनांक:** दिनांक **09.12.2025** को **15:00** बजे।
**निविदा खोलने का समय एवं दिनांक:** दिनांक **09.12.2025** को **15:30** बजे।
विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज़ का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विवरण हेतु मुख्य परियोजना प्रबंध पश्चिम अधिकारी निर्माण एस. ई. सी. रेलवे नागपुर-440001 अथवा उपयुक्त अभियंता (निर्माण), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है व उसे डाउनलोड कर/देख सकते हैं।
**उप मुख्य अभियंता निर्माण, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**
AIM/47-218
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# गिरावट से निर्यातकों व आईटी उद्योग को फायदा

# कमजोर रुपए से कुछ क्षेत्रों को फायदा मुद्रास्फीति बढ़ने का अंदेशा: विशेषज्ञ

- आयात महंगा होने से मुद्रास्फीति बढ़ने का खतरा
- रुपया पहली बार 90 के स्तर से फिसलकर 90.15 रुपए प्रति डॉलर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विशेषज्ञों का कहना है कि डॉलर के मुकाबले रुपये में आई तीव्र गिरावट से निर्यातकों और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) उद्योग को कुछ फायदा होगा लेकिन आयात महंगा होने से मुद्रास्फीति बढ़ने का खतरा भी बढ़ जाएगा। रुपया बुधवार को पहली बार 90 के स्तर के नीचे फिसलकर 90.15 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। यह रुपये का अब तक का सबसे निचला बंद स्तर है। बृहस्पतिवार को रुपये में कुछ सुधार आया और यह 19 पैसे चढ़कर 89.96 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। रुपये की कीमत में आई गिरावट का घरेलू अर्थव्यवस्था पर मिला-जुला असर पड़ने का अनुमान है। इसे लेकर सरकार पर इसका राजनीतिक दबाव भी बढ़ गया है और मामला संसद में भी उठाया गया।

### कच्चे माल का आयात महंगा होगा

ब्रिकवर्क रेटिंग्स के मॉडल विकास एवं शोध प्रमुख राजीव शरण ने कहा, /"रुपये का कमजोर होना निर्यातकों- खासकर आईटी एवं वस्त्र क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाता है। लेकिन कच्चे तेल, रसायनों और अन्य कच्चे माल का आयात महंगा होने से कंपनियों की लागत बढ़ेगी जिसका असर लाभ पर पड़ेगा और व्यापार घाटा भी बढ़ सकता है।/"

## यह रुपए का अब तक का सबसे निचला बंद स्तर



### आरबीआई ने 89 के स्तर पर बनाए रखा था

इस बीच, डीबीएस बैंक ने एक रिपोर्ट में कहा कि पिछले दो सप्ताह में रिजर्व बैंक ने हस्तक्षेप कर रुपये को 89 प्रति डॉलर के आसपास बनाए रखा था, लेकिन इस सप्ताह 90 के स्तर के टूटने को भारतीय मुद्रा के नए संतुलन की ओर बढ़ने के संकेत के रूप में देखा जा सकता है।

### रुपए पर कई प्रकार का दबाव जारी

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा में देरी, कमजोर पोर्टफोलियो निवेश और विनिर्माण/ निर्यात को बढ़ावा देने की कोशिशें भी रुपये पर दबाव डाल रही हैं। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशों की निकासी जारी रहने और व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता के कारण निवेशकों का रुख सतर्क बना हुआ है।

### लोगों की आर्थिक परेशानी बढ़ा रहा

राज्यसभा सदस्य विवेक के. तन्खा ने भी इस पर चिंता जताते हुए कहा कि 90 रुपये प्रति डॉलर से नीचे फिसला रुपया सामान्य लोगों के लिए आर्थिक परेशानी बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा, /"आम आदमी के लिए गिरता रुपया नियोक्ता की तरफ से सूचना दिए बगैर वेतन घटा देने जैसा है। इसकी वजह यह है कि आपका पैसा हर दिन कम चीजें खरीद पाता है।/

### विदेश पढ़ने जाने वाले छात्रों पर पड़ेगा दबाव



अंतरराष्ट्रीय शिक्षा ऋणदाता प्रॉडिजी फाइनेंस ने कहा कि 2026 में विदेश पढ़ाई के लिए जाने वाले भारतीय छात्रों को गिरते रुपये, विदेश में जीवन-यापन की बढ़ती लागत और बजट के गलत अनुमान के कारण ज्यादा दबाव झेलना पड़ेगा। रुपये में उतार-चढ़ाव से विदेशी मुद्रा में होने वाले खर्च और कर्ज की किस्तें काफी बढ़ जाती हैं।

### घरेलू मांग कमजोर पड़ सकती है

शरण ने यह भी कहा कि मुद्रास्फीति बढ़ने से घरेलू मांग कमजोर पड़ सकती है और जिन कंपनियों के वित्तीय सुरक्षा-उपायों से रहित विदेशी कर्ज हैं उन पर वित्तीय दबाव बढ़ सकता है। रुपये की गिरावट को लेकर विपक्ष ने सरकार को कठघरे में खड़ा किया है।

### रुपए का कमजोर होना देश की आर्थिक स्थिति बगड़ने का संकेत

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा, /"गुजरात के मुख्यमंत्री रहते समय मोदी रुपये की गिरती कीमत पर केंद्र से जवाब मांगते थे। अब वही सवाल उनसे पूछा जाना चाहिए।/" खरगे ने संसद परिसर में कहा कि रुपये का कमजोर होना देश की आर्थिक स्थिति बिगड़ने का संकेत है।

## एल्केम लैब्स को 27.14 लाख रुपए का कर नोटिस मिला

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी एल्केम लैबोरेटरीज को उत्तराखंड जीएसटी विभाग से 27.14 लाख रुपये के माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की मांग को लेकर नोटिस मिला है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि उसे वित्त वर्ष 2018-2019 से 2022-2023 की अवधि के लिए देहरादून सेंट्रल जीएसटी डिवीजन से माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 के तहत एक आदेश मिला है, जिसमें 27,79,266 रुपये के जुर्माने के साथ 27,14,603 रुपये के जीएसटी की मांग की गई है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**नागपुर मंडल में विभिन्न एस&टी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिग्नल व दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:
**निविदा सूचना क्र.:** ST-10-Combined-Works25 दिनांक: 25.11.2025
**कार्य का नाम:** **(1)** सिग्नल और टेलीकॉम के कार्य - मानव युक्त समपार के जगह ROB निर्माण के सन्दर्भ में: (a) गोंदिया-बालाघाट सेक्शन के बीच कि.मी. 1018/2-3 पर समपार क्र.GJ-13. (b)TMR-TRDIलाइन पर कि.मी. 1075/3 पर समपार क्र. TT-20. (c) TMR-TRD लाइन पर कि.मी. 1071/12 पर समपार क्र. TT-26 **(2)** दुर्ग-नागपुर (लूप लाइन) में छिंदवाड़ा लूप लाइन में CTR(S) - 0.730 Tkm एवं CTR(S) - 1.076 Tkm के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। **(3)** सिग्नल और टेलीकॉम के कार्य - मानव युक्त समपार के जगह ROB निर्माण के सन्दर्भ में: (d) G-CAF सेक्शन में मुलमरोरा - केल्ज़र स्टेशनों के बीच कि.मी. 1206/13-14 पर समपार क्र. GCF-125। (e) G-CAF सेक्शन पर गोंदिया - हिरदामाली स्टेशन के बीच कि.मी. 1003/6-7 पर समपार क्र. GCF-1। (f) NIR-MFR सेक्शन के बीच कि.मी. 1153/09 पर समपार क्र. NM-36। (g) BTC-NIR सेक्शन के बीच कि.मी. 1081/030 पर समपार क्र. GJ-62। (h) TMR-TRDI लाइन पर कि.मी. 1085/12-13 पर समपार क्र. TT-33। **(4)** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में मोतीबाग में प्रतावित स्टोर्स डिपो के संबंध में टेलीकॉम सम्बंधित कार्य।
**निविदा मूल्य:** ₹ 1,36,27,509/-,
**बिड सिक्युरिटी:** ₹ 2,18,100/-,
**समापन अवधि:** 12 (बारह) महीने।
**निविदा प्रस्तुति:** बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां दिनांक **19.12.2025** के **15:00** बजे तक जमा कर सकेंगे।
अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
**मंडल सिग्नल व दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**
AIM/44-206
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

Accredited by NAAC With "B" Grade
Phone & Fax: 07592-234553 E-mail: heggcvid@mp.gov.in
**कार्यालय प्राचार्य, राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या( अग्रणी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा (म.प्र.)**
क्रमांक /4022/25 विदिशा दिनांक 04/12/2025
// निविदा प्रकाशन दिनांक संशोधन //
रूसा - 02 परियोजना अंतर्गत (कम्पोनेंट 06) के तहत राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा के लिये शासन के एम.पी. टेंडर पोर्टल के माध्यम से ड्यूल डेस्क फर्नीचर सामग्री क्रय की जाने हेतु निविदा क्रमांक **2025_HED_459484_1** दिनांक 01.11.2025 की अंतिम तिथि 22.11.2025 को संशोधित करते हुए **2025_HED_459484_2** दिनांक 18.12.2025 की जाती है। इच्छुक प्रदायकर्ता फर्म अपनी निविदाऐं एम.पी. टेंडर पोर्टल पर जमा कर भाग ले सकते हैं। निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय प्राचार्य का होगा।
डॉ. बी.डी. अहिरवार, प्राचार्य
रा.वि.सि. शासकीय कन्या अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा (म.प्र.)

## आरबीआई आज करेगा मौद्रिक नीति की घोषणा

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) शुक्रवार को द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा में लिए गए निर्णयों की घोषणा करेगा। विशेषज्ञों ने रेपो दर में 0.25 प्रतिशत कटौती किए जाने की उम्मीद जताई है। आरबीआई की ओर से बृहस्पतिवार को जारी बयान के मुताबिक, गवर्नर संजय मल्होत्रा शुक्रवार सुबह मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन-दिवसीय बैठक में लिए गए फैसलों की घोषणा करेंगे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**
**द्वितीय निविदा सूचना**
निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Tender ID 2025_UAD_465999_1 Pro-600 Date-04/12/2025 | संभाग क्रं. 02 कछपुरा विवेकानंद वार्ड अंतर्गत जानकी नगर जगदम्बा कालोनी में वासु डेरी से दीपक मेमन तक सीमेंट सड़क निमाण कार्य।(अध्यक्ष मद) | 02 माह 9.23 लाख | 2000 9225 | 08/01/2026 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।
**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम जबलपुर**

**IDBI BANK**
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
आंचलिक कार्यालय, प्रथम तल, सेंटर प्वाइंट, कमर्शियल काम्पलेक्स, टी टी नगर, न्यू मार्केट, भोपाल 462003. फोन- 0755-4848321
ईमेल- deepak.bundel@idbi.co.in
**ई-नीलामी विक्रय सूचना**
परिशिष्ट IV-ए [नियम 9(1) का परंतुक देखें]
**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु सार्वजनिक सूचना**
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभुतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 9( 1 ) के अन्तर्गत अचल संपत्ति की ब्रिकी हेतु विक्रय सूचना आम जनता को साधारणत: एवं निम्न वर्णित अचल संपत्ति के ऋणियों /जमानतदारों/बंधककर्ताओं को विशेषत: सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्ति आईडीबीआई बैंक ( सुरक्षित लेनदार ) के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्ति का विक्रय निम्न वर्णित दिनांक को आईडीबीआई बैंक( सुरक्षित लेनदार )के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर विक्रय किया जा रहा है।

| Sr. No. | उधारकर्ता/जमानतदार/बंधककर्ता का नाम | 1) मांग सूचना दिनांक 2) कब्ज़ा तिथि 3) डिमांड नोटिस के अनुसार दावा राशि | 1) आरक्षित मूल्य 2) धरोहर राशि जमा (ईएमडी) 3) बोली वृद्धि राशि। | अचल संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति के सभी टुकड़े और समूह जबलपुर (म.प्र.) में स्थित है जो की आईडीबीआई बैंक लिमिटेड को गिरवी रखा गया) |
|---|---|---|---|---|
| Jabalpur Branch – IDBI Bank Ltd, TRILOK Ground Floor, Opposite Surya hotel, Wright town, Jabalpur (MP) – 482002 EMD Submission A/C details : IDBI Bank Ltd, No. 05234915010026/05237000010771 IFS Code : IBKL0000052 DD Should be drawn in favour of IDBI Bank Ltd-A/C No.- 05234915010026 payable at Jabalpur issued by any nationalized bank / Scheduled bank as Emd | | | | |
| 1 | उधारकर्ता : श्री वरुण पचोरी (उधारकर्ता और बंधककर्ता) जमानतदार : श्री हरिकृष्ण पचोरी (जमानतदार) ज्ञान भार की सूची: निल | 1) 24.11.2023 2) 03.02.2024 3) Rs.2580619.06 as on 01.05.2023 इसके अलावा लागू ब्याज और लागत एवं अगर कोई जमा हो तो घटायें | 1) Rs.4856000/- 2) Rs.486000/- 3) Rs.10000/- | अचल सम्पत्ति का समस्त भू-भाग जो निम्न विवरण में शामिल है : 1. प्लॉट नंबर - 40, जिसका माप 1291.20 वर्ग फीट है, "प्रह्लाद विहार" परिवर्तित भूमि के भाग का खसरा नं. 74 और 101 में से खसरा नं. 70, 71, 72, 73, 89/1, 86/1, 87, 90/1, 91/1,92/1, 93/1, 94, 95, 96, 101 कुल क्षेत्रफल 4.432 हेक्टेयर, मौजा - लक्ष्मीपुर, एसईटीटी नंबर - 643, पीसी -25, आरआई सर्कल - जबलपुर, विवेकानंद वार्ड, तालुका / तहसील - जबलपुर, जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश चतुर्सीमा - पूर्व में: सड़क, पश्चिम में: प्लॉट नंबर 41, उत्तर में: सड़क द्वारा: प्लॉट नं. 39 उस पर मौजूद वर्तमान और भविष्य की सभी एवं पृथक-पृथक संरचनायें और निर्माण दोनो साथ साथ इस में शामिल है। |
| | | | 1) Rs.4245000/- 2) Rs.425000/- 3) Rs.10000/- | 2. प्लॉट नंबर - 41, 1129 वर्ग फीट, "प्रह्लाद विहार" परिवर्तित भूमि के भाग का खसरा नं. 74 और 101 में से खसरा नं. 70, 71, 72, 73, 89/1, 86/1, 87, 90/1, 91/1,92/1, 93/1, 94, 95, 96, 101 कुल क्षेत्रफल 4.432 हेक्टेयर, मौजा - लक्ष्मीपुर, एसईटीटी नंबर - 643, पीसी -25, आरआई सर्कल - जबलपुर, विवेकानंद वार्ड, तालुका / तहसील - जबलपुर, जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश चतुर्सीमा - पूर्व में: प्लॉट नंबर 40, पश्चिम में: प्लॉट नंबर 42, उत्तर में: सड़क, दक्षिण में: प्लॉट नंबर 39 उस पर मौजूद वर्तमान और भविष्य की सभी एवं पृथक-पृथक संरचनायें और निर्माण दोनो साथ साथ इस में शामिल है। |

**महत्वपूर्ण तिथियाँ-**

| | |
|---|---|
| ईएमडी के साथ बोली/निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | - **19 दिसम्बर 2025 शाम 4.00 बजे तक** |
| निरीक्षण की तिथि और समय | - **16 दिसम्बर, समय प्रातः 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक।** |
| बोली/निविदा वृद्धि राशि | - **रुपये से. 10,000/-** |
| ई-नीलामी की तिथि और समय | - **20 दिसम्बर 2025 प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ।** |

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया https://www.bankeauctionwizard.com और आईडीबीआई बैंक की वेबसाइट यानी https:// www.idbibank.in पर दिए गए लिंक का संदर्भ लें। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, इच्छुक पार्टियां प्राधिकृत अधिकारी आंचलिक कार्यालय, प्रथम तल, सेंटर पॉइंट कमर्शियल काम्प्लेक्स, टी टी नगर, न्यू मार्केट, भोपाल 462003 फोन: 0755-4848321 ई-मेल: deepak.bundel@idbi.co.in और वसूली अधिकारी जबलपुर (संपर्क नंबर 8975751255/9556828284), (ई-मेल: dilip.kulhade@idbi.co.in/sanjay.bhol@idbi.co.in) से संपर्क कर सकते हैं। ई-नीलामी सहायता के लिए, कृपया सुश्री बी एम सुष्मिता / श्री प्रवेश मणि त्रिपाठी (संपर्क नंबर: 8951944383 / 9044314492 लैंड लाइन नंबर 080-40482100) (ई-मेल: sushmitha.b@antaressystems.com / praveshmani.t@antaressystems.com) से संपर्क करें।

**सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 9(1) के तहत वैधानिक 15 दिन का नोटिस**
उधारकर्ता/जमानतदार /बंधककर्ता को ई-नीलामी की तारीख से पहले ब्याज और शुल्क सहित उपरोक्त उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस दिया जाता है, अन्यथा उल्लिखित संपत्ति की नीलामी की जाएगी और शेष राशि, यदि कोई हो, ब्याज के साथ उनसे वसूल की जाएगी। उधारकर्ता/जमानतदार /बंधककर्ता ऊपर उल्लिखित नियमों और शर्तों के अनुसार संभावित खरीदार को ई-नीलामी की प्रक्रिया में भाग लेने के लिए भी ला सकते हैं।
दिनांक- 05/12/2025 स्थान - जबलपुर
प्राधिकृत अधिकारी - आईडीबीआई बैंक लिमिटेड

**ई-नीलामी सूचना**
**ऋण वसूली अधिकरण**
भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवायें विभाग (बैकिंग प्रभाग)
द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (बीएसएनएल भवन), रेजीडेंसी रोड, प्रधान डाकघर के पास, साउथ सिविल लाइंस, जबलपुर 482001 (मध्य प्रदेश)
**Case No.: RC 17/2025 in O.A. No.618/2021**
**ई-नीलामी क्रमांक: 000/2025**
**Union Bank of India** वि. **Mohammad Zafar Raza** एवं अन्य में पारित वसूली प्रमाण पत्र क्रमांक **RC No. RC 17/2025/ O.A.No.618/2021** में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र **Rs. 32,03,746.29 (Rupees Thirty Two Lakh Three Thousand Seven Hundred Forty Six and Twenty Nine Paisa Only)** तथा उस पर 10.45 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से दिनांक 04.08.2021 से ब्याज एवं वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑनलाईन ई-नीलामी प्रकिया के तहत वेबसाईट **https://www.bankeauctions.com** के माध्यम से की जायेगी ।
**ई-नीलामी की तिथि एवं समय 21-01-2026 दोपहर 12.00 से 01.00**
**सम्पत्ति की अनुसुची**
Residential Land & Building situated at Mouza Amkhera, NB No.-4, PC No.-80; RI Circle - Maharajpur, New Ward No.-74, Part of Khasra No.- 50, Jabalpur (M.P.), area 1400 sq.ft. belonging to **Mohd. Jaffar s/o Shri Shaikh Mohammad.**
प्रारक्षित मूल्य : **Rs.18,00,000.00 (Rupees Eighteen Lakh only)**
**विक्रय की शर्ते**
**1.** इच्छुक निविदाकर्ता वैध डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र धारक होना चाहिए। अधिक विवरण हेतु **M/s. C-1 India Pvt. Ltd., website: https: //www.bankeauctions.com; Helpline No. 0124- 4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466, E-mail id: mpcg@c1india.com or E-Mail id : support@bankeauctions.com** **2.** इच्छुक निविदाकर्ता को सूचित किया जाता है कि निविदा जमा करने के पूर्व वेब साईट **https://www.bankeauctions.com** पे उपलब्ध नीलामी बिड प्रपत्र तथा विस्तृत नियमों व शर्तों का अवलोकन करले। **3.** बिड केवल ऑनलाईन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पर पहचान पत्र की प्रति साथ संलग्न कर जमा करनी होगी ( विस्तृत नियम व शर्तो का संदर्भ लें ) **4.** अग्रिम जमा धरोहर राशि ( ईएमडी )हेतु प्रारक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत राशि जो रूपये **Rs.1,80,000.00 (Rupees One Lakh Eighty Thousand only)** हैं। RTGS/NEFT/Money Transfer द्वारा वसूली अधिकारी, ई-नीलामी खाता, ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर के नाम से धारित Account No. **20020210000380** in the name of Recovery Officer, E-auction account, DRT, Jabalpur with **UCO BANK, NAVYUG COLLEGE BRANCH, JABALPUR. (IFSC Code: UCBA0002002)** में आवश्यक रूप से जमा करनी होगी तथा उक्त राशि का प्रेषण बिड प्रपत्र में सुस्पष्ट रूप से उल्लेखित करना होगा । **5.** निविदा ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 19.01.2026 अथवा इसके पूर्व 17-00 बजे तक जमा करनी होगी. **6.** ऑनलाईन माध्यम से जमा बिड प्रपत्र तथा अनुलग्न कों की प्रति वसूली अधिकारी, डीआरटी, जबलपुर, द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन ( बीएसएनएल भवन ), रेजीडेंसी रोड, प्रधान डाकघर के पास, साउथ सिविल लाइंस, जबलपुर को प्रेषित करनी होगी तथा शीघ्र अति शीघ्र भेजने के लिए सर्विस प्रोवाइडर को सूचित किया जाता है और वह, सभी नीलामी के खरीददारों की सूची एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध करावें . **7.** ऑनलाईन नीलामी बोली प्राप्त बिड में से अधिकतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक बिड वृद्धि राशि न्यूनतम **Rs. 20,000.00 (Rupees Twenty Thousand only)** होगी। ऑनलाईन बिड में समय समाप्त के पूर्व बिड डालने पर सिस्टम द्वारा अपने आप 5 मिनिट का समय बढ़ता रहेगा । **8.** असफल बोली कर्ताओं की अग्रिम धरोहर राशि ( ईएमडी ) वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा उसी खाते में वापिस की जायेगी, जिससे कि उस का भुगतान हुआ है तथा इस संबंध में कोई भी पूछताछ स्वीकार्य नहीं होगी। इच्छुक निविदा कर्ता द्वारा अग्रिम धरोहर राशि ( ईएमडी ) जमा किये जाने के पश्चात वे जब तक असफल बोली कर्ता घोषित नहीं किये जाते तब तक ईएमडी राशि वापस नहीं ले सकते अन्यथा राशि जप्त कर ली जायेगी । **9.** सफल बोली कर्ता को विक्रय उसके पक्ष में घोषित किये जाने की स्थिति में, 25 प्रतिशत बोली राशि ( ईएमडी राशि को समायोजित करते हुए ) अगले दिन RTGS/NEFT/Money Transfer के द्वारा कंडिका- 4 में उल्लेखित खाते में जमा करनी है होगी । **10.** सफल बोली कर्ता को विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि, एवं विक्रय मूल्य का 1 प्रतिशत पोन्डेज शुल्क तथा रू. 10 ( प्रति संपत्ति अलग अलग ) सहित नीलामी के 15 दिनों के अन्दर या यदि 15 वा दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश हो तो, 15 वें दिन पश्चात प्रथम कार्यालयीन दिवस को उपरोक्त उल्लेखित कमांक 4 में दर्शित खाते में समयावधि में भुगतान करना होगा। भुगतान में चूक करने पर संपत्ति की नई विक्रय उद्घोषणाजारी करने के पश्चात पुन: विक्रय की जायेगीं अधो हस्ताक्षर कर्ता द्वारा उक्त राशि शासन के पक्ष में जप्त करली जायेगी तथा तत्पश्चात विक्रय होने वाली संपत्ति अथवा राशि के किसी अंश पर चूककर्ता बोली कर्ता के समस्त दावे समपहृत होंगें । **11.** संपत्ति ''जहां है जैसी है जहां है जैसी है तथा बिना किसी शिकायत'' के आधार पर विक्रय की जायेगीं । **12.** संपत्ति का निरीक्षण दिनांक 05-01-2026 प्रात: 12 बजे से 16 बजे तक किया जा सकेगा । **13.** संपत्ति प्रारक्षित मूल्य से कम मूल्य पर विक्रय नहीं की जायेगी। **14.** वसूली अधिकारी को किसी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का या बिना कोई कारण बताये नीलामी को आगे बढ़ाने या स्थगित करने का निर्बाध अधिकार होगा । **15.** इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे **Shri Shashi Prakash, Branch Manager, Mob. No. 7739538042** में उपलब्ध संपत्ति के स्वत्वाधिकार विलेख का निरीक्षण कर लें तथा संपत्ति की पहचान एवं विवरणी सही होने तथा प्रभारों आदि की पड़ताल कर लें इस संबंध में वसूली अधिकारी किसी तरहं से जिम्मेदार नहीं होगा। संपत्ति का विवरण बैंक द्वारा प्रदत्त दस्तावेज पर आधारित है। **16.** ई-नीलामी के संबंध में विवरण **M/s. C-1 India Pvt. Ltd.**, website: **https: //www.bankeauctions.com; Helpline No. 0124- 4302020/21/22/23/24**, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466; **E-mail id: mpcg@c1india.com or E-Mail id : support@bankeauctions.com** **17.** संपत्ति से संबंधित अधिक जानकारी **Shri Shashi Prakash, Branch Manager, Mob. No. 7739538042** से प्राप्त की जा सकती हैं। **18.** इच्छुक निविदाकर्ता ई-नीलामी प्रक्रिया में अपने स्वयं के कार्यालय/स्वेच्छा के स्थान से बोली हेतु सम्मिलित हो सकते हैं प्रत्येक निविदाकर्ता द्वारा इंटरनेट कनेक्टीविटी स्वत: सुनिश्चित करनी होगीं डीआरटी/बैंक /सेवा प्रदाता किसी भी प्रकार से इंटरनेट कनेक्टीविटी, नेटवर्क समस्या, तंत्र विक्षेप, विघुत व्यवधान आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
स्थान : जबलपुर
दिनांक :01.12.2025
प्रीती देसाई
वसूली अधिकारी-1, डी आर टी, जबलपुर

## चिंतन

# एसआईआर पर लगी अब 'सुप्रीम' मुहर

विपक्ष द्वारा किए जा रहे शोर-शराबे और हंगामे के बीच अब सुप्रीम कोर्ट ने भी स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) पर मुहर लगा दी है। गुरुवार को शीर्ष अदालत में भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि राज्य सरकार के कर्मचारी एसआईआर सहित दूसरे वैधानिक कामों को करने के लिए बाध्य हैं। वहीं, राज्य सरकारों का भी कर्तव्य है कि वे चुनाव आयोग (ईसी) को कर्मचारी उपलब्ध करवाएं। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से साफ है कि अब एसआईआर का काम रुकने वाला नहीं है। हालांकि शीर्ष अदालत ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश दिया कि वे एसआईआर में लगे बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के काम के दबाव को कम करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती पर विचार करें। इससे बीएलओ पर काम का दबाव कम होगा। बता दें कि एसआईआर में लगे अब तक 29 बीएलओ की मौत हो चुकी है। वहीं, चुनाव आयोग ने 30 नवंबर को एसआईआर की समय सीमा एक सप्ताह बढ़ाने का फैसला किया था। आयोग ने कहा था कि अब अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी। अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश को देश के 12 राज्यों में चल रहे गहन वोटर पुनरीक्षण यानी एसआईआर पर विपक्ष के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि एसआईआर कराने को लेकर चुनाव आयोग के अधिकारों को चुनौती नहीं दी जा सकती। चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है और उसके पास ऐसा करने का पूरा संवैधानिक और कानूनी अधिकार है। शीर्ष अदालत ने इस प्रक्रिया को रोकने से साफ इनकार कर दिया। इसके साथ ही यह भी कहा कि अगर इसमें कोई अनियमितता सामने आई तो वह तुरंत सुधार के आदेश देगा। बेंच ने राजद सांसद मनोज झा की याचिका पर कहा कि एसआईआर की जरूरत पर सवाल उठाने वाले तर्कों में कोई दम नहीं है। सीजेआई ने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में चुनाव को त्योहार की तरह मनाया जाता है। वहां हर व्यक्ति को पता होता है कि गांव का निवासी कौन है और कौन नहीं। वहां अधिकतम मतदान होता है और लोग अपने वोट को लेकर बहुत सजग रहते हैं। मतदाता सूची को शुद्ध और अपडेट रखना चुनाव आयोग का संवैधानिक दायित्व है और इसके लिए वह जरूरी कदम उठा सकता है। इसके लिए उसे रोका नहीं जा सकता। एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर कोई ठोस शिकायत अभी तक सामने नहीं आई है, इसलिए इसे रोकने का कोई आधार नहीं बनता। अगर कोई वास्तविक शिकायत या अनियमितता सामने आती है तो वह तुरंत हस्तक्षेप करेगा और सुधार के आदेश देगा। कोर्ट ने यह भी भरोसा दिलाया कि कोई भी पात्र मतदाता इस प्रक्रिया की वजह से अपने अधिकार से वंचित न हो, इसके लिए वह चौकस रहेगा। राजद सांसद मनोज झा ने अपनी याचिका में एसआईआर को लोगों को मताधिकार से वंचित करने की सुनियोजित कोशिश बताया था। कोर्ट ने हालांकि प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि अभी तक कोई ऐसा सबूत नहीं दिया गया है जिससे यह लगे कि यह प्रक्रिया व्यापक स्तर पर लोगों को नुकसान पहुंचा रही है। यह मामला अब आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर लिया गया है, लेकिन फिलहाल एसआईआर का काम पूरे देश में निर्बाध रूप से जारी रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने इसे रोकने से इनकार कर विपक्ष को तगड़ा झटका दिया है।



**शिखर सम्मेलन**
प्रभात कुमार रॉय

# पुतिन की भारत यात्रा के आयाम

अमेरिका और यूरोपियन यूनियन के विकट कूटनीतिक दबाव के बावजूद भारत द्वारा राष्ट्रपति पुतिन का खैरमकदम रेड कार्पेट बिछाकर किया गया है। यह साबित करता है कि भारत अपनी रणनीतिक खुदमुख्तारी पर अडिग है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से पहले रूस की संसद ड्यूमा द्वारा इंडिया रशिया रेसीप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक सपोर्ट एग्रीमेंट को पारित कर दिया गया है। इस एग्रीमेंट के तहत दोनों देशों को एक-दूसरे के देश में अपनी सेनाओं को भेजने, इंडिया और रशिया के युद्धपोतों को एक-दूसरे देश के बंदरगाहों में प्रवेश करने, एयर स्पेस, और एयर फील्ड्स को इस्तेमाल करने की अनुमति प्रदान की गई है।

भारत और रूस के वार्षिक शिखर सम्मेलन के अवसर पर राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की नई दिल्ली यात्रा से भारत और रूस के मध्य एक नए कूटनीतिक युग का सूत्रपात हो चुका है। अमेरिका और यूरोपियन यूनियन के विकट कूटनीतिक दबाव के बावजूद भारत द्वारा राष्ट्रपति पुतिन का खैरमकदम रेड कार्पेट बिछाकर किया गया है। यह साबित करता है कि भारत अपनी रणनीतिक खुदमुख्तारी पर अडिग है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से पहले रूस की संसद ड्यूमा द्वारा इंडिया रशिया रेसीप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक सपोर्ट एग्रीमेंट को पारित कर दिया गया है। इस एग्रीमेंट के तहत दोनों देशों को एक-दूसरे के देश में अपनी सेनाओं को भेजने, इंडिया और रशिया के युद्धपोतों को एक-दूसरे देश के बंदरगाहों में प्रवेश करने, एयर स्पेस, और एयर फील्ड्स को इस्तेमाल करने की अनुमति प्रदान की गई है। विगत तीन वर्षों से अमेरिका और यूरोपियन यूनियन राष्ट्रपति पुतिन को वैश्विक मंचों से अगल-थलग करने के प्रयास में जुटे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि आजादी के बाद से ही भारत वस्तुतः सोवियत रूस का एक अत्यंत निकट रणनीतिक साझीदार देश रहा। वर्ष 1991 में सोवियत रूस के राजनीतिक विघटन के तत्पश्चात भी भारत और रूस के मध्य स्थापित हुए ताल्लुकात में रणनीतिक निकटता और आर्थिक सहयोग बाकायदा बरकरार रहा। एक ऐसा ऐतिहासिक दौर भी था, जबकि विखंडित भारत से जन्म लिए मुल्क पाकिस्तान का अमेरिका के नेतृत्व में पश्चिमी देशों की शक्तियां प्रबल तौर से सैन्य समर्थन कर रही थी। अमेरिका के नेतृत्व में पाकिस्तान को सैन्य संगठन सेंट्रल मिलिट्री ट्रिटी ऑर्गनाइज़ेशन (सेंटो) का सक्रिय सदस्य बनाया गया था। तत्कालीन सोवियत रूस द्वारा कामरेड खुरुश्चेव के काल से ही भारत को प्रबल आर्थिक सहयोग और सैन्य समर्थन प्रदान किया गया। पाकिस्तान और भारत के मध्य अक्तूबर 1947 से पाक आक्रमण से उपजे रक्तरंजीत कश्मीर विवाद पर संयुक्त राष्ट्र की सिक्योरिटी काउंसिल में भारत के समर्थन में रूस द्वारा छह दफा वीटो अंजाम दिया गया। आज के दौर में जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पूरी तरह से कमर कसकर पाकिस्तान का पक्ष लेने और उसकी सक्रिय हिमायत करने में उतारू हो गए हैं और भारत के विरुद्ध अन्यायपूर्ण तौर पर टैरिफ आयद करने के निरंतर एक के बाद एक निर्णय ले रहे हैं। भारत के लिए संकटपूर्ण आर्थिक दौर में रूस के राष्ट्रपति पुतिन द्वारा भारत के समक्ष प्रबल रणनीतिक और आर्थिक सहयोग स्थापित करने की कूटनीतिक पेशकश की गई है। राष्ट्रपति पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पस्कोव ने बयान में कहा कि देखना है कि भारत और रूस के मध्य सहयोग को शिखर बिंदु पर ले जाए जाने की राष्ट्रपति पुतिन की पेशकश को भारत किस अंदाज से स्वीकार करता है। पेस्कोव ने आगे फरमाया कि भारत के साथ रूस अपना आर्थिक और रणनीतिक सहयोग कूटनीतिक सरहदों से कहीं अधिक ऊपर जाकर स्थापित करने के लिए तत्पर है। उन्होंने अपने कूटनीतिक अंदाज में कहा कि भारत जिस हद तक रूस के साथ सहयोग के लिए अपने कदमों को आगे बढ़ाएगा, निश्चित तौर पर रूस भी भारत के साथ उसी गति से अधिकाधिक सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार हो जाएगा। भारत की अपनी यात्रा प्रारंभ करने से ठीक पहले रूस के राष्ट्रपति



पुतिन ने भी अपने बयान में कहा कि रूस की सरकार भारत के साथ अपने संबंधों को एक उच्च शिखर तक ले जाना चाहती है। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारणवश रूस अनेक वर्षों से अमेरिका और यूरोपियन यूनियन द्वारा आयद किए गए कड़े आर्थिक प्रतिबंधों का निरंतर सामना कर रहा है। इस कारण रूस की आर्थिक और सैन्य निर्भरता चीन के ऊपर बहुत अधिक बढ़ गई है। चीन पर रूस की बढ़ती हुई निर्भरता को संतुलित करने की खातिर रूस के राष्ट्रपति पुतिन को भारत के रणनातिक और आर्थिक सहयोग की प्रबल आवश्यकता प्रतीत हो रही है। अतः राष्ट्रपति पुतिन भारत को चीन के समकक्ष रणनीति दर्जा प्रदान करने के लिए तैयार हो गए और चीन पर निरंतर बढ़ती हुई रूस की निर्भरता को भारत के साथ मिलकर संतुलित करने का जोरदार प्रयास कर रहे हैं। सर्वविदित है कि विश्व पटल पर शीत युद्ध का एक बार फिर से आगाज हो चुका है और दुनिया दो सैन्य गुटों में विभाजित होती हुई नज़र आने लगी है। जहां एक तरफ अमेरिका के नेतृत्व में नाटो सैन्य शक्तियां विद्यामान हैं, तो दूसरी तरफ रूस, चीन और ईरान आदि अनेक देशों का सैन्य गुट सन्नद है। आजादी के संपूर्ण दौर में भारत परंपरागत तौर पर नेहरू युग से ही एक गुटनिरपेक्ष देश रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौर में भी स्वतंत्र विदेश नीति पर बाकायदा गतिशील रहते हुए, भारत ने गुटनिरपेक्ष नीति का सदैव अनुसरण किया है। रूस का अत्यंत निकट रणनीतिक सहयोगी देश होते हुए भी रूस की खातिर, भारत द्वारा अमेरिका का कदाचित परित्याग नहीं किया गया। वर्ष 2001 में अमेरिका के न्यूयॉर्क ट्रेड सेंटर पर 9/11 के नृशंस जेहादी आक्रमण के पश्चात भारत और अमेरिका राजनीतिक और रणनीतिक रूप से निकट आ गए। वर्तमान काल में अघोषित शीत युद्ध के दौर में भारत अनेक विकट चुनौतियों से जूझ रहा है। खासतौर पर अमेरिका द्वारा पेश की गई टैरिफ आक्रमण की भीषण चुनौती से भारत का सामना है। वर्ष 1971 में बांग्लादेश युद्ध करते हुए भारत ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में सोवियत रूस के साथ एक 20 वर्षीय सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किए थे, तब भी अपनी स्वतंत्र गुटनिरपेक्ष नीति पर भारत बाकायदा कायम बना रहा और अपने संबंधों को किसी भी तौर पर पाकिस्तान का सैन्य समर्थन करने वाले अमेरिका के साथ कदाचित शिथिल नहीं होने दिया था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भयानक तौर पर किए जा रहे टैरिफ आक्रमणों के बावजूद भारत ने अभी तक अमेरिका के विरुद्ध कोई प्रतिशोधात्मक कार्यवाही नहीं की है। भारत द्वारा अमेरिका के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट अंजाम देने के प्रयास निरंतर जारी रखे गए हैं। उल्लेखनीय है कि भारत की निर्भरता रक्षा क्षेत्र में रूस से निरंतर आयात की जाती रही सैनिक सैन्य सामग्री पर सदैव से रही है। भारत के रक्षा क्षेत्र में तकरीबन 70 फ़ीसदी आधुनिकतम हथियार रूस द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं। इंडिया रशिया रेसीप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक नेटवर्क से जुड़कर भारत को बेहद फायदा होगा। भारत द्वारा विगत कुछ वर्षों से बहुत बड़े पैमाने पर रूस से कच्चे तेल का आयात किया जाता रहा है। रूस से कच्चा तेल आयात करने में फिलहाल 30 फीसदी की कटौती कर दी गई है। भारत और रूस के मध्य व्यापार संतुलन वस्तुतः रूस के पक्ष में कायम बना रहा है। राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा के दौरान भारत और रूस के परस्पर व्यापार संतुलन पर भी एक समझौता अंजाम दिया गया है, ताकि व्यापार संतुलन को स्थिर करने के लिए भारत से रूस को इंजीनियरिंग सामान, फार्मास्यूटिकल, रसायन, कृषि सामान का निर्यात बढ़ाया जाएगा। इसके अतिरिक्त कपड़ा, परिधान, चमड़े के समान, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ भी भारत से बड़े पैमाने पर आयात किए जाएंगे।

(लेखक विदेश मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

**नामकरण**
प्रो. महेश चंद गुप्ता



# भारतीय संस्कृति में नाम बदलने के निहितार्थ

अक्सर कहा जाता है कि नाम में क्या रखा है? लेकिन भारतीय संस्कृति इस प्रश्न का सीधा उत्तर देती है कि नाम में ही सब कुछ रखा है। हमारे यहां 'यथा नाम तथा गुण' की परंपरा उतनी ही पुरानी है जितनी हमारी सभ्यता। जब हम 'राम' का नाम लेते हैं तो हमारे भीतर स्वतः शांति, करुणा और मर्यादा का भाव जाग उठता है। 'कृष्ण' का नाम लेते ही मन में प्रेम, और मधुरता की अनुभूति होती है। हमारी मान्यताओं के अनुसार नाम एक ध्वनि है, ऊर्जा है, पहचान है और दिशा है। इसीलिए हमारे समाज में नाम केवल किसी की पहचान ही नहीं है बल्कि यह व्यक्तित्व और नेतृत्व का वाहक है। मौजूदा दौर में जब दुनिया के अनेक देशों में मूल्यहीनता, आपसी संघर्षों, तानाशाही और सत्ता केंद्रित शासन का बोलबाला है, तब मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम 'सेवा तीर्थ', राजभवनों का नाम 'लोक भवन' और केंद्रीय सचिवालय का नाम 'कर्तव्य भवन' करके एक गहरी सांस्कृतिक चेतना को पुनर्जीवित किया है। यह केवल बोर्ड बदलने अथवा दीवारों पर नई पट्टिका लगाने का कदम भर नहीं है, बल्कि इसके पीछे शासन की आत्मा बदलने वाले सांकेतिक, दार्शनिक और वैचारिक बदलाव की भावना निहित है। पीएम नरेंद्र मोदी बार-बार कहते रहे हैं कि वे प्रधान सेवक हैं और उनका कार्य सत्ता का प्रदर्शन नहीं बल्कि सेवा की साधना है। उनके इसी मनोभाव के अनुरूप प्रधानमंत्री कार्यालय को अब सेवा तीर्थ कहा जाएगा। हमारे यहां तीर्थ शब्द का बड़ा महत्व है। तीर्थ शब्द पवित्रता, तप, श्रद्धा और जन कल्याण के भाव को व्यक्त करता है। हम तीर्थ उन स्थानों को कहते हैं, जहां लोग समाधान, शांति और आशा की उम्मीद लेकर जाते हैं। मोदी सरकार ने पीएमओ को तीर्थ कहकर यह संदेश दिया है कि वहां सत्ता संचालन नहीं, सेवा का कार्य होगा। इसी प्रकार राज भवनों का नाम बदलकर लोक भवन करना एक क्रांतिकारी कदम है। 'राज' शब्द में हमेशा एक दूरी, एक अधिकार और सत्ता भाव का अहसास जनमानस को होता रहा है। 'लोक' शब्द में अपनापन, भागीदारी और साझेदारी का भाव समाया हुआ है। केंद्रीय सचिवालय का नाम कर्तव्य भवन रखने के पीछे नौकरशाही में सेवा भाव और कर्तव्य बोध का संचार करने का भाव निहित है। दशकों से इसे अधिकार, फाइलों की गति, निर्णयों की शक्ति और नौकरशाही की ताकत का प्रतीक माना जाता रहा है लेकिन अब जब इसका नाम कर्तव्य भवन कर दिया गया है तो अब प्रत्येक अधिकारी को हर घड़ी स्मरण रहेगा कि शासन का आधार अधिकार नहीं, कर्तव्य है। दो दिन पहले तक जब हम प्रधानमंत्री कार्यालय सुनते थे तो मन में एक विशाल, अधिकार प्रदर्शित करने वाली इमारत का भाव आता था लेकिन सेवा तीर्थ नाम सुनते ही मन में एक अलग ही पवित्रता, जनता से जुड़ाव और विनम्रता का भाव उमड़ने लगा है। यही इस नामकरण का वास्तविक निहितार्थ है। नाम हमेशा भाव जगाते हैं, भाव संस्कृति गढ़ते हैं और संस्कृति राष्ट्र का चरित्र तय करती है। मोदी सरकार ने सिर्फ नाम ही नहीं बदले हैं बल्कि संदेश दे दिया है कि अब सत्ता जनता के पास लौट रही है। राजभवन अब उस पुराने औपनिवेशिक प्रतीक जैसे नहीं रहेंगे जहां जनता दूर खड़ी ताकती रहे। मेरे विचार में भविष्य में यह भी संभव है कि प्रधानमंत्री कार्यालय और राजभवनों तक जनता की सहज पहुंच और बढ़े क्योंकि मोदी सरकार का संकल्प ही जनता का शासन, जनता के लिए शासन और जनता के बीच रहकर शासन है। मोदी सरकार और जनता के बीच कोई दूरी नहीं चाहते हैं। देश में यह पहला अवसर है जब कोई सरकार हर मोर्चे पर कर्तव्य-पथ, अमृत काल और सेवा जैसे शब्दों को अपने कामकाज की आधारशिला बनाकर काम कर रही है। ऐसे में अब कर्तव्य भवन केवल नाम नहीं बल्कि एक राष्ट्रीय मनोवृत्ति का निर्माण करने वाला है। यह नाम एक ऐसी भावना को बढ़ाएगा जो नौकरशाही को अधिक उत्तरदायी, संवेदनशील और नैतिक बनाएगी। यह नामकरण भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान का महत्वपूर्ण अध्याय है। हम सब जानते हैं कि मोदी सरकार ने पहले भी कई औपनिवेशिक, विदेशी आक्रांताओं के नाम वाले और अप्रासंगिक नामों को बदलकर भारतीयता से जुड़े नाम स्थापित किए हैं। राजपथ को कर्तव्य पथ बनाना और मुगल गार्डन को अमृत उद्यान बनाना इसके बड़े उदाहरण हैं। सरकार भारतीय संस्कृति को उसका खोया हुआ गौरव लौटाने के लिए हर काम करना चाहती है। इन नामों के परिवर्तन के साथ ही भारत एक नए दौर में प्रवेश कर गया है, जहां शासन सेवा का प्रतीक बनेगा, सत्ता आमजन के समीप आएगी और प्रशासन अधिकारों का नहीं, कर्तव्य की भावना का प्रतीक बनकर उभरेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन का मात्र अनुभव करें



संकलित
**दर्शन**

अकसर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे।जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का खयाल रखा जाएगा। आप बस उस पिंजरे में रहिए। क्या आप ऐसा चाहते हैं? क्या इससे आपको सुख मिलेगा? नहीं।

## झूठे आरोप का सामना धैर्य के साथ करें



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत की कथा है। उस समय द्वारका में सत्राजित नाम का व्यक्ति था, वह सूर्य भक्त था। उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर सूर्य देव ने उसे स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। इस मणि की खास बात ये थी कि ये हर रोज बीस तोला सोना देती थी। मणि की वजह से सत्राजित बहुत धनवान हो गया था। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में दे देंगे तो राज व्यवस्था के लिए हमें भी थोड़ा धन मिल जाएगा। श्रीकृष्ण की बात सुनकर सत्राजित ने मणि देने से मना कर दिया। सत्राजित की ना सुनकर श्रीकृष्ण वहां से अपने महल लौट आए। सत्राजित का एक भाई था प्रसेनजित। प्रसेनजित ने अपने भाई को बिना बताए उसकी स्यमंतक मणि ले ली और जंगल में शिकार खेलने चला गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। प्रसेनजित के पास से स्यमंतक मणि वही गिर गई। इधर सत्राजित को अपना भाई और मणि दिखाई नहीं दी तो उसने पूरी द्वारका में ये खबर फैला दी कि कृष्ण ने मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई प्रसेनजित की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण ने विचार किया कि इस कलंक को मिटाना होगा। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पंजों के निशान दिखाई दिए। श्रीकृष्ण मणि खोजने लगे। वहीं पास में एक गुफा के बाहर कुछ बच्चे मणि से खेल रहे थे, श्रीकृष्ण ने मणि देख ली। उस गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण गुफा में पहुंचे। गुफा में श्रीकृष्ण और जामवंत का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीते तो जामवंत ने अपनी पुत्री जामवती का विवाह श्रीकृष्ण से कर दिया और स्यमंतक मणि भी दे दी।

## सटाका




## आज की पाती

### जैविक खेती को बढ़ावा मिले

फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक से कृषि करना जरूरी है, क्योंकि इससे किसानों को ज्यादा फायदा हो सकता है। हमारे देश का किसान अब आधुनिक तकनीक से कृषि करने भी लगा है। लेकिन अगर विज्ञान का उचित प्रयोग किया जाए तो यह प्राणी जाति के लिए वरदान सिद्ध हो सकती है, और अनुचित प्रयोग अभिशाप भी बन जाता है। कुछ किसान अपनी फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी दवाइयों, खादों का प्रयोग करते हैं, जो उनकी फसलों पर उनका विपरीत असर भी पड़ता है। फल-सब्जियों की पैदावार या इनकी संभाल करने के लिए भी जो रासायनिक खादों और अन्य कैमिकल का प्रयोग किया जा रहा है, वह भी शरीर के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक है। इसलिए जैविक खेती को बढ़ावा देने की सख्त जरूरत है।

*– हरीश यादव, भाटापारा*

## ट्रेंड

### स्वराज कौशल को श्रद्धांजलि



स्वराज कौशल के निधन से बहुत दुःख हुआ। वे भारत के सबसे युवा राज्यपाल बने और अपने कार्यकाल के दौरान मिज़ोरम के लोगों पर अमिट छाप छोड़ी। सांसद के रूप में उनकी अंतर्दृष्टि भी उल्लेखनीय थी। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### नया मिस्ट स्प्रे सिस्टम



आईटीओ पर नया मिस्ट स्प्रे सिस्टम। हेवी ट्रैफिक वाले इस हाई-इंटेंसिटी ज़ोन में धूल कणों को नियंत्रित कर वायु गुणवत्ता सुधारने में अहम भूमिका निभाएगा। इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर निगरानी तंत्र तक, नियमों की सख्ती से लेकर तकनीक के विस्तार तक, हर मोर्चे पर हम मिशन मोड में काम कर रहे हैं।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### रुपये की क़ीमत गिरी



रुपया आज 90 पार कर चुका है। सरकार चाहे कोई भी ढिंढोरा पीटे, रुपये की क़ीमत गिरने से ये पता चलता है कि देश की असली आर्थिक परिस्थिति क्या है। अगर मोदी सरकार की नीति ठीक होती तो रुपया नहीं गिरता ! देश आप से जवाब मांग रहा है।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

### आंध्र प्रदेश में करेंगे निर्माण



हम पूरे आंध्र प्रदेश में बंदरगाहों, हरित ऊर्जा, एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स विश्वविद्यालय और विश्वस्तरीय शहर अमरावती के निर्माण सहित अपने विस्तार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

**- गौतम अडानी, उद्यमी**

## करंट अफेयर

# कुछ लोग घोर प्रतिस्पर्धी व कुछ काफी शांत क्यों होते हैं



यदि आप कभी अंडर-12 टीम का खेल देखने मैदान के किनारे बैठे हों, तो आपको पता होगा कि कुछ बच्चे बेहद प्रतिस्पर्धी होते हैं, जबकि अन्य केवल सामाजिक मेलजोल के लिए वहां होते हैं। कार्यस्थल पर दो सहकर्मी एक ही जैसे कार्य पर अलग-अलग प्रतिक्रिया दे सकते हैं, जहां एक खुद को साबित करने के लिए बहुत अधिक प्रयास करेगा, जबकि दूसरा इसे ज्यादा गंभीरता से नहीं लेगा। और हम सब जानते हैं कि पारिवारिक माहौल में क्या होता है। यह इस बात की याद दिलाता है कि प्रतिस्पर्धा सबसे करीबी रिश्तों की भी परीक्षा ले सकती है। कम या ज्यादा प्रतिस्पर्धी होने के अपने फायदे और नुकसान हैं, और ये पूरी तरह से संदर्भ पर निर्भर करते हैं। लेकिन असल में हम कितने प्रतिस्पर्धी हैं, इस अंतर को कौन सी चीज प्रभावित करती है, और क्या हम बदलाव का विकल्प चुन सकते हैं? प्रतिस्पर्धा आखिर है क्या : प्रतिस्पर्धा सिर्फ जीतने की चाहत से कहीं बढ़कर है। यह दूसरों से बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश और अपने आस-पास के लोगों से अपनी तुलना करके सफलता का मूल्यांकन करने की एक जटिल प्रवृत्ति है। लोग प्रतिस्पर्धी होने के पहलुओं का आनंद ले सकते हैं, जिसमें शामिल प्रयास और अच्छा प्रदर्शन, दोनों से संतुष्टि मिलती है।

## ऑफ बीट

# नाइजीरियाई लोगों पर वीजा प्रतिबंध लगाएगा अमेरिका



अमेरिका ने घोषणा की है कि वह नाइजीरिया में ईसाइयों के खिलाफ सामूहिक हत्याओं और हिंसा में शामिल इस पश्चिम अफ्रीकी देश के नागरिकों और उनके परिवारों के सदस्यों पर वीजा प्रतिबंध लगाएगा। अमेरिकी विदेश विभाग ने बुधवार को एक बयान में कहा कि यह कार्रवाई पश्चिम अफ्रीकी देश में लंबे समय से जारी जटिल सुरक्षा संकट का हिस्सा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में नाइजीरिया में 'चरमपंथी इस्लामवादियों' द्वारा 'ईसाइयों की हत्या' का जिक्र किया था। पिछले महीने ट्रंप ने अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन को ईसाई उत्पीड़न के दावों के मद्देनजर नाइजीरिया में संभावित सैन्य कार्रवाई की योजना शुरू करने का भी आदेश दिया था। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, 'अमेरिका, नाइजीरिया और उससे बाहर चरमपंथी इस्लामी आतंकवादियों, फुलानी जातीय मिलिशिया और अन्य हिंसक तत्वों द्वारा ईसाइयों के खिलाफ सामूहिक हत्याओं और हिंसा के जवाब में निर्णायक कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह नीति धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन में शामिल अन्य सरकारों या व्यक्तियों पर भी लागू होगी और ये प्रतिबंध आप्रवासन एवं राष्ट्रीयता अधिनियम के तहत एक नयी नीति के अनुरूप हैं।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

बैठक का उद्देश्य भारत और रूस के बीच रक्षा और रणनीतिक सहयोग बढ़ाना

# राजनाथ और रूसी रक्षा मंत्री बेलौसोव की हुई मुलाकात एस-400 के साथ गेमचेंजर सौदे एस-500 पर भी हुई चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को नई दिल्ली में रूस के रक्षा मंत्री आंद्रे बेलौसोव से मुलाकात की। इस बैठक का उद्देश्य भारत और रूस के बीच बढ़ते रक्षा और रणनीतिक सहयोग के बीच की गई है।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ आने वाले प्रतिनिधिमंडल में रक्षा मंत्री आंद्रे बेलौसोव भी भारत आए हैं। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और बेलौसोव के बीच शाम 5 बजे साउथ ब्लॉक में एक अहम मुलाकात हुई। राजनाथ और बेलौसोव की इस मुलाकात में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग पर उच्च-स्तरीय चर्चा हुई।

इसमें वायु रक्षा, सैन्य तकनीकी सहयोग और भविष्य की संयुक्त परियोजनाओं पर विस्तार से विमर्श किया गया। भारत एस-400 एयर डिफेंस प्रणाली की और खेप खरीदने का इच्छुक है। बता दे कि इस मुलाकात के दौरान एस-500 पर भी बातचीत हो हुई यह सौदा दक्षिण एशिया की भू-राजनीतिक तस्वीर बदल सकता है। इससे भारत को चीन और पाकिस्तान पर निर्णायक रणनीतिक बढ़त हासिल हो जाएगी।

- राजनाथ और बेलौसोव के बीच शेष खेप की समय सीमा पर बात हुई
- भारत एस-400 एयर डिफेंस प्रणाली की खेप खरीदने का इच्छुक
- साउथ ब्लॉक में अहम मुलाकात हुई


रूसी रक्षामंत्री आंद्रे बेलौसोव और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

## एस-500 से बदल जाएगी तस्वीर

दोनों रक्षा मंत्रियों के बीच एस-400 के उन्नत संस्करण एस-500 की खरीद पर भी चर्चा हुई। रूसी उप-प्रधानमंत्री डेनिस मांतुरोव ने दुबई एयरशो में कहा था कि रूस एस-400 का संचालन करने वाले रणनीतिक साझेदार देशों के साथ एस-500 पर भी वार्ता कर सकता है। यह संकेत भारत की ओर था। वही एस-500 हाइपरसोनिक मिसाइलों और बाहरी अंतरिक्ष में स्थित लक्ष्यों पर भी निशाना साध सकता है। यह चीन की बैलिस्टिक मिसाइलों के खिलाफ भारत की क्षमता को बढ़ाएगा। लिहाजा चीन के लिए भारत के खिलाफ आक्रामक कार्रवाई बेहद जोखिम भरी हो जाएगी।

### ऑपरेशन सिंदूर में रही कारगर

मई में पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में एस-400 ने सैंकड़ों किलोमीटर अंदर पाकिस्तान के कई लड़ाकू विमानों को मार गिराया। इससे एस-400 देश की एकीकृत एयर डिफेंस संरचना की रीढ़ बनकर उभरा। यह देखते हुए भारत और एस-400 खरीदना चाहता है।

### एस-400 की तीन रेजिमेंट भारत के पास

बैठक का सबसे अहम पहलू एस-400 एयर डिफेंस प्रणाली था। भारत ने 2018 में रूस से पांच एस-400 रेजिमेंट का सौदा किया था। इनमें से तीन रेजिमेंट भारत के पास हैं। शेष दो 2026 तक मिलने की संभावना है। राजनाथ और बेलौसोव के बीच शेष खेप की समय सीमा पर बात हुई। साथ ही मेक इन इंडिया के तहत संयुक्त रक्षा उत्पादन, भविष्य की उन्नत प्रणालियों पर सहयोग और लंबी अवधि के सामरिक सहयोग पर भी बातचीत होगी। इसके अतिरिक्त भारत रूस से पांच एस-400 प्रणालियां और खरीदने का इच्छुक है। पुतिन की यात्रा में इस सौदे पर मुहर लग सकती है।

## खबर संक्षेप

### 6.2 तीव्रता के भूकंप से थर्राया चीन, कोई हताहत नहीं

**बीजिंग।** चीन में भूकंप का जोरदार झटका लगा है। चीन के



भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) ने बताया कि 4 दिसंबर को देश के उत्तर-पश्चिम में स्थित शिनजियांग क्षेत्र में 6.2 तीव्रता का भूकंप आया। इससे लोग दहशत में आ गए और अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। शिनजियांग किर्गिस्तान की सीमा से लगा हुआ है। सीईएनसी के अनुसार, भूकंप किर्गिस्तान-शिनजियांग सीमा के पास अक्की काउंटी के पास स्थानीय समयानुसार दोपहर 3.44 बजे आया, जिसका केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई पर था।

### 5 माह तक हूती विद्रोहियों की कैद में रहा भारतीय, रिहा

**सना।** युद्धग्रस्त यमन में हूती विद्रोहियों की हिरासत में लगभग



पांच महीने तक रखे गए एक भारतीय नागरिक को रिहा कर दिया गया है। केरल के रहने वाले अनिल कुमार रवींद्रन कार्गो जहाज एमवी इटर्निटी सी के क्रू सदस्य थे और उन्हें 7 जुलाई से हिरासत में ले लिया गया था। विदेश मंत्रालय ने रवींद्रन की रिहाई का स्वागत किया है। मंत्रालय ने बताया कि वह मंगलवार को मस्कट पहुंच चुके हैं मंत्रालय के मुताबिक, उनकी सुरक्षित रिहाई और वापसी सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार लगातार अलग-अलग पक्षों के साथ समन्वय में लगी हुई थी।

### हसीना के बेटे के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**ढाका।** बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद जारी कानूनी कार्रवाइयों ने



नया मोड़ ले लिया है। ढाका के एक विशेष अंतरराष्ट्रीय अपराध ट्राइब्यूनल ने गुरुवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के विदेश में रह रहे बेटे सजीब वाजेद जॉय के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है जब हसीना को पिछले महीने जुलाई विद्रोह से जुड़े मानवता विरोधी अपराधों में मौत की सजा सुनाई जा चुकी है। बता दे कि विद्रोह के दौरान मानवता विरोधी अपराधों में शामिल होने के आरोप हैं।

## भारत और रूस के संबंध समय की कसौटी पर खरे उतरे

पुतिन की यात्रा पर ट्रंप और जिनपिंग की नजर भारत के दो दिवसीय दौरे पर है पुतिन

# पुतिन के दो दिवसीय भारत दौरे पर अमेरिकी और चीन में मची खलबली

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गुरुवार को भारत पहुंचे पर इस दौरान भारत और रूस के बीच कई अहम समझौतों पर बातचीत हो हुई पुतिन की इस यात्रा को लेकर अमेरिका और चीन में खूब चर्चा है। वहां की मीडिया ने इस यात्रा पर अपनी राय रखी है।

भारत और रूस के संबंध दशकों पुराने हैं और ये समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 से 5 दिसंबर के दो दिवसीय दौरे पर भारत पर है। जिसकी चर्चा दुनिया भर में हो रही है। हालांकि, पुतिन के भारत दौरे को लेकर सबसे ज्यादा बहस अमेरिका और चीन में चल रही है।

### पुतिन की विजिट पर अमेरिकी की नजर

मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार जब गुरुवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का प्लेन नई दिल्ली में उतरा तो उनका स्वागत बड़े समारोह के साथ किया गया। हालांकि उनके होस्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के साथ भी मजबूत रणनीतिक रिश्ते बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं।

वही भारत का डिप्लोमैटिक स्प्लिट स्क्रीन है। एक तरफ एडवांस्ड रूसी फाइटर जेट्स खरीदने का प्लान, सस्ता तेल और कोल्ड वॉर में बनी पक्की दोस्ती। दूसरी तरफ टेक्नोलॉजी, ट्रेड और इन्वेस्टमेंट पर अमेरिकी सहयोग और यह उम्मीद कि प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप अपने सख्त टैरिफ हटा देंगे।


फाइल फोटो

### रूस से सस्ता तेल खरीदने की मिली सजा

बता दे कि 2022 में यूक्रेन पर हमले को लेकर पश्चिमी देशों के बैन की वजह से रूसी तेल की कीमत बहुत कम हो गई तो भारत ने इस मौके का फायदा उठाया। अपनी तेजी से बढ़ती इकॉनमी को बढ़ावा देने और 1.4 अरब से ज्यादा की आबादी को सपोर्ट करने के लिए भारत ने रूसी क्रूड ऑयल की अपनी खरीद में काफी बढ़ोतरी की और रूसी तेल के टॉप खरीदारों में से एक बन गया।

### पुतिन के भारत दौरे से चीन अलर्ट

*उधर चीन भी इस मुलाकात को लेकर सतर्क है। चीन और रूस के संबंध पहले से ही मजबूत हैं और ऐसे में पुतिन का भारत आना एशिया की रणनीतिक तस्वीर में एक बड़ा संकेत माना जा रहा है। चीनी और अमेरिकी को इस मुलाकात को लगातार कवर कर रहे हैं। कई विश्लेषकों का मानना है कि यह मुलाकात सिर्फ द्विपक्षीय एजेंडा नहीं बल्कि बड़े भू-राजनीतिक संदेश का हिस्सा है। भारत पश्चिमी दबाव के बीच अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखे हुए है और यह दौरा उस नीति की एक और मिसाल है।*

### अमेरिका- रूस को थामने की कोशिश में भारत

पुतिन का यह दौरा, जो यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से उनका पहला भारत दौरा है, वो मोदी के लिए तनाव भरे समय में हुआ है। भारत अमेरिका के साथ एक बहुत जरूरी ट्रेड डील पर बातचीत कर रहा है क्योंकि उस पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया था जिसमें से आधा टैरिफ नई दिल्ली के लगातार डिस्काउंट पर रूसी तेल खरीदने की सीधी सजा थी। फिर भी पुतिन के दौरे के एजेंडे में मॉस्को के साथ और डिफेंस डील शामिल हैं। इनमें हथियारों की खरीद है जिन्हें भारत पाकिस्तान और चीन से खुद को बचाने के लिए जरूरी मानता है। भारत को साबित करना होगा कि उसके लिए मुश्किल पड़ोसियों के बीच काम करना कैसा होगा। रूस चीन का करीबी पार्टनर भी है जबकि चीन पाकिस्तान के लिए हथियारों का एक बड़ा सोर्स है।

### भारत का रूस की तरफ झुकाव

भारत के रूस के साथ करीबी रिश्ते कोल्ड वॉर के दौरान बने थे। जब नया आजाद देश भारत ऑफिशियली नॉन-अलाइंड था लेकिन एक नए देश के तौर पर अपना रास्ता बनाते हुए उसे सोवियत इंडस्ट्रियल और इकोनॉमिक मदद भी मिली थी। लेकिन भारत का मॉस्को की तरफ झुकाव 1970 के दशक में सामने आया जिसकी वजह भारत के कट्टर दुश्मन पाकिस्तान को वॉशिंगटन का बढ़ता मिलिट्री और फाइनेंशियल सपोर्ट था। रूस ने भारत को हथियार देना शुरू कर दिया और मॉस्को एक भरोसेमंद काउंटरवेट बन गया। इस रोल को उसने तब से अहमियत दी है। पिछले चार सालों में भारत की रूसी हथियारों की खरीद में कमी आई है।

ढाई दशक से ज्यादा समय से सभाल रहे हैं रूस की सत्ता

## पुतिन के पास 700 कारें, 58 विमान व हेलीकॉप्टर, 200 अरब डॉलर की है संपत्ति

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन चार साल बाद भारत में दो दिवसीय दौरे पर है। मीडिया को



मिली जानकारी के अनुसार हैदराबाद हाउस में भारत-रूस शिखर सम्मेलन में भी शामिल होंगे। यूक्रेन के साथ युद्ध के बीच उनका यह भारत दौरा हुआ है। वह हमेशा सुर्खियों में रहते हैं। लेकिन वह अपनी शानौ-शौकत के मामले में पीछे नहीं हैं। उन्हें दुनिया के सबसे अमीर राजनेताओं में से एक माना जाता है।

### निजी संपत्ति 200 अरब डॉलर

दुनिया के सबसे अमीर राजनेताओं के नामों की जब भी चर्चा होती है, तो सबसे ऊपर व्लादिमीर पुतिन का नाम नजर आता है। पुतिन दावा करते रहे हैं कि उन्हें रूस के राष्ट्रपति के रूप में केवल 1,40,000 डॉलर का सालाना वेतन मिलता है। लेकिन, उनकी जीवनशैली और निजी संपत्ति की खबरें एक अलग ही कहानी बताती हैं। बताया जाता है कि उनकी निजी संपत्ति करीब 200 अरब डॉलर है।

### पुतिन की फिजूलखर्जी की सूची में ये चीजें शामिल

इस भव्यता को बनाए रखने के लिए पुतिन को चालीस कर्मचारियों और बीस लाख डॉलर के सालाना खर्च की जरूरत होती है। रिपोर्ट के मुताबिक, रूसी राष्ट्रपति की फिजूलखर्ची की सूची में 19 अन्य घर, 700 कारें, 58 विमान व हेलीकॉप्टर और 716 मिलियन डॉलर के विमान शामिल हैं। जिन्हें 'द फ्लाइंग क्रेमलिन' नाम दिया जाता है।

### सत्तर करोड़ की नौका और लग्जरी घड़ियां

उनके पास शेहेराजादे नाम की नौका भी है, जिसकी कीमत 700 मिलियन (70 करोड़) डॉलर है। उनके पास लग्जरी घड़ियों का एक संग्रह भी है। 60,000 डॉलर से लेकर 5,00,000 डॉलर के मूल्य की घड़ियां भी शामिल हैं।

### पुतिन की काला सागर की हवेली

मीडियो को मिली जानकारी के मुताबिक, साल 1990 के दशक के दौरान रूस के एक प्रमुख निवेशक ने दावा किया था कि पुतिन की निजी संपत्ति 200 अरब डॉलर है।

ब्राजीली विश्लेषकों का बड़ा ऐलान, एक्सपर्ट का दावा

## दुबई एयरशो में क्रैश के बावजूद भारतीय तेजस विमान नहीं पड़ा फीका

एजेंसी ▶▶ ब्रासीलिया

बीते महीने दुबई में एयर शो के दौरान भारत का लड़ाकू विमान तेजस हादसे का शिकार हो गया था। 21 नवंबर को विमान अचानक हवा से जमीन पर गिरा और आग का गोला बन गया, जिसमें पायलट नमंश सयाल की जान चली गई। हादसे के बाद कई एक्सपर्ट ने दावा किया कि इससे भारत को इस जेट के लिए विदेशी खरीदार तलाशने में मुश्किल होगी। हालांकि विदेशी एक्सपर्ट का भरोसा तेजस पर बना हुआ है। उनका मानना है कि भविष्य में ये विमान अपना दबदबा बनाएगा।


तेजस विमान

ब्राजील की एक्सपर्ट ने तेजस के दुर्घटनाग्रस्त होने के बावजूद इसके विकास में निवेश जारी रखने की वकालत की है। उनका मानना है कि तेजस भविष्य के लड़ाकू विमानों के साथ अच्छी तरह से तालमेल बिठा सकता है।

### मिसाइलों की लंबी दूरी सटीकता पर निर्भर

*यूरोप और यूरेशिया की विशेषज्ञ पैट्रिशिया मारिस का कहना है कि तेजस एक ऐसा विमान है, जिसे रडार पर पकड़ना मुश्किल है। यह भारतीय वायु सेना के सुखोई एसयू-30एमकेआई जैसे विमानों का अच्छा साथी है। भविष्य में रूस के एसयू-57 जैसे पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के साथ आसानी से काम कर सकेगा। मारिस ने आगे कहा, 'हवाई लड़ाई में जीत मिसाइलों की लंबी दूरी और सटीकता पर निर्भर है।*

अफगान जनता के प्रति भारत का अटूट समर्थन जारी

## भारत ने अफगानिस्तान को इन्फ्लुएंजा और मेनिनजाइटिस के टीके भेजे

एजेंसी ▶▶ काबुल

अफगान जनता के प्रति अपने निरंतर सहयोग को दोहराते हुए भारत ने गुरुवार को 63,734 इन्फ्लुएंजा और मेनिनजाइटिस के टीके काबुल भेजे। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर साझा संदेश में कहा, अफगानिस्तान के सार्वजनिक स्वास्थ्य के सहयोग की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए भारत ने 63,734 टीके काबुल भेजे हैं। इससे पहले 28 नवंबर को भारत ने अफगानिस्तान को 73 टन जीवनरक्षक दवाएँ, टीके और आवश्यक पोषण सामग्री भेजी थीं,


अफगानिस्तान पहुंची राहत सामग्री

ताकि वहाँ की तत्काल स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा किया जा सके। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता, रंधीर जायसवाल ने एक्स पर लिखा, अफगानिस्तान के स्वास्थ्य प्रयासों को सशक्त करते हुए भारत ने 73 टन चिकित्सा सहायता काबुल पहुंचाई है।

व्यक्ति की हालत के बारे में जानकारी स्पष्ट नहीं

## ओमाहा में हुई गोलीबारी में तीन पुलिसकर्मी घायल, हमलावर ढेर

एजेंसी ▶▶ ओमाहा /अमेरिका

ओमाहा में एक गैस स्टेशन पर हुई गोलीबारी में तीन पुलिस अधिकारी घायल हो गए, जबकि संदिग्ध हमलावर मारा गया। पुलिस प्रमुख टॉड श्माडरर ने बताया कि संदिग्ध हमलावर की उम्र 20 वर्ष के आसपास थी, जिसने दोपहर के समय किराने की दुकान पर पहले 61 वर्षीय व्यक्ति के सीने पर कई गोलियां मारी थीं। अधिकारियों ने घटनास्थल से संदिग्ध की कार की लाइसेंस प्लेट नंबर हासिल की और उसकी कार का पीछा करते हुए गैस


हमले के बाद जांच करता अधिकारी

स्टेशन तक पहुंचे। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को अधिकारियों ने संदिग्ध को कार से उतरकर शौचालय में जाते हुए देखा। जब वह बाहर निकला, तो उसने अधिकारियों पर गोलीबारी शुरू कर दी।

## पाकिस्तान को लगा बड़ा अमेरिकी झटका

सांसदों का आरोप: पाकिस्तान में सेना द्वारा संचालित सरकार पाक नागरिकों को भी धमकाया रही

# 44 सांसदों ने की प्रतिबंध की मांग, तानाशाही और मानवाधिकार हनन का लगाया आरोप

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिकी संसद के 44 सांसदों ने बुधवार को विदेश मंत्री मार्को रुबियो को चिठ्ठी लिखकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है। सांसदों का आरोप है कि पाकिस्तान में सेना द्वारा संचालित सरकार नागरिकों को भी धमकाया जा रहा है।

यह चिठ्ठी डेमोक्रेटिक सांसद प्रमिला जयपाल और ग्रेग कासर के नेतृत्व में लिखी गई। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान में तानाशाही बढ़ रही है, पत्रकारों को अगवा किया जा रहा है और आलोचना करने वालों को देश छोड़ने पर मजबूर किया जा रहा है। इसमें वर्जीनिया के पत्रकार अहमद नूरानी और संगीतकार सलमान अहमद के परिजनों के अपहरण का भी जिक्र है।


फाइल फोटो

### सेना के दबाव में पाक सुप्रीम कोर्ट

पत्र में यह भी कहा गया कि सेना के दबाव में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया कि अब आम नागरिकों के केस भी मिलिट्री कोर्ट में चल सकते हैं। इससे न्यायपालिका पर सेना का पूर्ण नियंत्रण बढ़ गया है और किसी भी सैन्य अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई का रास्ता लगभग बंद हो गया है।

### एक साल में दो बार ट्रंप से मिले मुनीर

आर्मी चीफ आसिम मुनीर वर्ष 2025 में दो बार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात कर चुके हैं। 18 जून को व्हाइट हाउस में बंद कमरे में बैठक हुई थी। इस दौरान बाहर प्रदर्शन कर रहे पाकिस्तानी-अमेरिकी नागरिकों ने मुनीर को तानाशाह और कातिल कहा।

### *महिलाओं, बलूच लोगों पर अत्याचार*

सांसदों ने कहा कि विपक्षी नेताओं को बिना आरोप जेल में डाला जा रहा है और आम नागरिकों को केवल सोशल मीडिया पोस्ट के आधार पर गिरफ्तार किया जा रहा है। महिलाओं, धार्मिक अल्पसंख्यकों, और खासकर बलूचिस्तान के लोगों पर अत्याचार तेजी से बढ़े हैं।

इंडियन नेवी की और बढ़ेगी ताकत

## टैरिफ वार के बीच भारत-अमेरिका के बीच हुई 7995 करोड़ रुपए की डील

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाया, जिसके बाद से दोनों देशों के रिश्तों में तनाव की अटकलें लगाई जाने लगी थीं।

हालांकि, अब भारत और अमेरिका के संबंध को लेकर अच्छी खबर सामने आई है।

भारत ने अमेरिका के साथ 7,995 करोड़ रुपए की डील साइन की है। रक्षा मंत्रालय ने अमेरिका के साथ अगले 5 साल की डील की है, जिसके तहत अमेरिका भारतीय नौसेना के 24 एमएच-60आर



सीहॉक रोमियो हेलीकॉप्टर को तैयार करने से लेकर ऑपरेशनल रखने में मदद करेगा। दोनों देशों ने लेटर ऑफ ऑफर एंड एक्सेप्टेंस प्राधिकार पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। यह फैसला 2025 से 2030 तक लागू रहेगा।

### हेलीकॉप्टर की खासियत

- यह हेलीकॉप्टर हर मौसम में उड़ान भरने में सक्षम है।
- रात के अंधेरे में भी यह हेलीकॉप्टर आसानी से टेक ऑफ और लैंडिंग कर सकता है।
- यह हेलीकॉप्टर हेलफायर मिसाइल, टॉरपीडो, सोनोबॉय और रडार से लेस है।
- भारत और अमेरिका के बीच हुई डील की खास बात यह है कि अभी तक हेलीकॉप्टर को सर्विसिंग के लिए अमेरिका भेजना पड़ता था।

### श्री बगलामुखी सिद्धपीठ में वैदिक अनुष्ठानों की दिव्य धारा प्रवाहित

# पौष मास में आरंभ हुआ सूर्योपासना महापर्व

**हरिभूमि, जबलपुर।**

श्री बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में पौष मास के पावन आगमन पर सूर्योपासना महापर्व का शुभारंभ आज दिन शुक्रवार को पौष कृष्ण प्रतिपदा से हुआ। मासव्यापी यह आध्यात्मिक आयोजन 5 जनवरी 2026, पौष शुक्ल पूर्णिमा तक चलेगा। यह पूरा अनुष्ठान अनन्त श्रीविभूषित पूज्यपाद जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की कृपा परंपरा तथा द्वारकाशारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज के दिव्य आशीर्वाद से आयोजित हो रहा है।



### प्रतिदिन होंगे विधिवत अनुष्ठान

ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानंद जी महाराज की प्रेरणा और ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद जी महाराज के पावन सान्निध्य में प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से विधिवत अनुष्ठान प्रारंभ होंगे। प्रथम दिवस की शुरुआत भगवान देवाधिदेव महादेव के महारुद्राभिषेक से हुई। इसके उपरांत भगवान सूर्य नारायण को अर्घ्य अर्पण एवं गुलाब पुष्पों द्वारा सहस्त्रार्चन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा मठ परिसर दिव्य स्पंदनों से गूंज उठा।

### शास्त्रों में वर्णित विशेष महत्व

सूर्योपासना का पौष मास में विशेष महत्व शास्त्रों में वर्णित है। इस कालखंड में सूर्य आराधना से आरोग्य, तेज, मानसिक स्थिरता एवं आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त होती है। इसी उद्देश्य से प्रतिदिन सहस्त्रार्चन, सूर्य हवन, सत्संग, आरती और भजन-संकीर्तन का आयोजन रखा गया है। श्रद्धालु सूर्यदेव से स्वास्थ्य, परिवार-कल्याण और जीवन में प्रकाश की कामना कर रहे हैं।

### इन्होंने की उपस्थिति की अपील

मठ परिसर में पहले ही दिन मधु यादव, नीता पटेल, पदमा मेनन, रिचा मिश्रा, प्रीति अग्रवाल, राधा शुक्ला, आराध्या चौकसे, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, आशीष चौकसे, तुलसी अवस्थी, वैभव दुबे, अंकित दीक्षित, सोनल कुरेले, राहुल मौर्य ,राज गुप्ता, गोविंदा साहू, शिव गुप्ता, लकी शर्मा, सुनील गुप्ता, रोहित तिवारी, मनोज सेन समेत अन्य सहित अनेक भक्तों ने उपस्थित होकर धर्मलाभ अर्जित किया। सभी ने भक्तों से अधिक संख्या में पहुंचकर इस पुण्य पर्व का लाभ उठाने की अपील की हैं।

## कड़ाके की ठंड में निकली नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा

**जबलपुर।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से कड़ाके की ठंड में हाथों में भगवा ध्वज लिए 469 वी नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा संकीर्तन करते हुए परिक्रमा संचालक भगवान श्री हनुमान जी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में संत महात्माओं के सानिध्य में भयंकर ठंड कोहरे के बीच में सुबह 4 बजे से छोटी-छोटी टोलियों में निकाली गई। जो आश्रम से पंचवटी 64 योगिनी होते हुए धुआंधार लम्हेटाघाट से नाव पार कर शनि मंदिर होते हुए न्यू भेड़ाघाट से सरस्वती घाट में नाव पार कर आश्रम में विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ। यहां आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज ने सभी भक्तों को बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का प्रसाद स्वरुप भेंट किये। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक एवं परिक्रमा अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल संरक्षक श्रीमती सुषमा शंकर पटेल मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल शिवम अग्रवाल दुर्गा पटेल विनोद दीवान सुरेश विश्वकर्मा मनोज गुलाववानी मोहित तिवारी छन्नू राम पटेल नरेश गुजराती दीपक तिवारी विनोद विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।



## पूर्व क्षेत्र कंपनी में लाइन परिचारक पद के प्राविधिक रूप से चयनित प्रथम प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन व शारीरिक दक्षता परीक्षण हुआ सीटीआई में

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्राविधिक रूप से चयनित एवं प्रथम प्रतीक्षा सूची के लाइन परिचारक पद हेतु अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण गुरुवार को कंपनी के केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान (सीटीआई), जबलपुर में आयोजित किया गया। इस प्रक्रिया हेतु कुल 61 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें से 45 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। उपस्थित सभी 45 अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन किया गया तथा निर्धारित मानकों के अनुसार शारीरिक दक्षता परीक्षा भी सम्पन्न कराई गई। सत्यापन एवं दक्षता परीक्षण के लिए अनुभवी अधिकारियों की अलग-अलग टीमों का गठन किया गया था, जो पूरे दिन निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुरूप कार्य करती रहीं। कंपनी प्रबंधन द्वारा जानकारी दी गई कि प्राविधिक रूप से चयनित एवं प्रथम प्रतीक्षा सूची के अंतर्गत लाइन परिचारक पद के कुल 61 में से 45 अभ्यर्थियों की संपूर्ण प्रक्रिया केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान में सफलतापूर्वक संपन्न कर ली गई है।



# डेढ़ लाख लेकर गायब किशोरी को खोजकर पेश करें : हाईकोर्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने डेढ़ लाख लेकर गायब किशोरी को खोजकर पेश करने पुलिस को निर्देश दिए हैं। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने इसके लिए सात जनवरी तक की मोहलत दी है। बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाकर्ता गायब किशोरी की घमापुर निवासी मां की ओर से अधिवक्ता अतुल जेसवानी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 17 वर्षीय किशोरी पांच नवंबर से गायब है। पुलिस में शिकायत के बावजूद कोई नतीजा नहीं निकला। लापता के फोन की सीडीआर भी निकाली गई है। लेकिन पुलिस गंभीरता नहीं बरत रही। किसी दूसरे समुदाय के युवक की कारस्तानी का संदेह गहरा गया है। इसीलिए हाई कोर्ट आना पड़ा।

### जनेकृविवि में 37 महत्वाकांक्षी शोध एवं विकास परियोजनाओं का हुआ शुभारंभ

# शोध की शक्ति से किसानों की समृद्धि व कृषि पुनर्जागरण में कारगर साबित होगा जनेकृविवि का ऐतिहासिक मिशनः कुलपति

**जबलपुर।** प्रदेश की कृषि को तकनीकी उत्कृष्टता, उत्पादकता और स्थिरता के नए शिखर तक पहुंचाने के उद्देश्य से जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर ने 37 महत्वाकांक्षी शोध एवं विकास परियोजनाओं का औपचारिक शुभारंभ कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतु की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि की आसंदी से कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने कहा कि यह अभियान केवल शोध का विस्तार नहीं, बल्कि किसानों की समृद्धि एवं भविष्य में निवेश है। वैज्ञानिक तकनीकों, स्थानीय आवश्यकता और नई सोच के संगम से यह कार्यक्रम कृषि में दीर्घकालीन परिवर्तन लाएगा। यह पांच वर्षीय महाअभियान मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त 100 करोड़ रुपये के विशेष सहयोग से संचालित होगा, जो राज्य की कृषि उन्नति के प्रति सरकार की गंभीर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर आपके प्रभावशाली नेतृत्व, सकारात्मक दृष्टिकोण और विकासात्मक सोच की सभी उपस्थित जनों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

कार्यक्रम के दौरान कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा द्वारा परियोजना संचालन एवं प्रगति मूल्यांकन हेतु एक विशेष मॉनिटरिंग मोबाइल ऐप भी लॉन्च किया गया, जिसे डॉ. आशीष कुमार एवं संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतु द्वारा विकसित किया गया है।




### विश्वदीप बुद्ध विहार डॉ. आंबेडकर परिनिर्वाण दिवस पर करेगा माल्यार्पण

**जबलपुर।** विश्वदीप बुद्ध विहार रामपुर छापर जबलपुर एवं बुद्ध विहार महिला मंडल के तत्वावधान में 06 दिसम्बर को प्रातः 09 बजे डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर चौक हाईकोर्ट पर डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम अध्यक्ष कृपा खरे एवं सचिव वंदना गायकवाड़ द्वारा डॉ. आंबेडकर प्रतिमा पर सामूहिक माल्यार्पण, श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

### नागार्जुन महाविहार संघ डॉ. आंबेडकर को देगा श्रद्धांजलि

**जबलपुर।** नागार्जुन महाविहार संघ घमापुर में बौद्ध विहार संघ एवं बौद्ध विहार महिला मंडल के तत्वावधान में 06 दिसम्बर को प्रातः 09 बजे डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर चौक हाईकोर्ट पर डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर का 69वां परिनिर्वाण दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा डॉ. भीमराव आम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।



### 20 टीमों के 250 प्रतिभागी होंगे शामिल

# महापौर गोल्ड कप राज्य जूनियर बालिका कबड्डी स्पर्धा 6 दिसम्बर से

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश एमेच्योर कबड्डी एसोसियेशन के संरक्षण में, महापौर जगतबहादुर सिंह एवं अध्यक्ष रिंकू विज नगर निगम जबलपुर के मार्गदर्शन एवं सचिव जबलपुर एकेडमी कबड्डी एसो. के संयोजन में महापौर गोल्ड कप राज्य जूनियर बालिका कबड्डी चैम्पियनशिप 06 से 08 दिसम्बर तक एमएलबी स्कूल ग्राउंड में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के प्रत्येक जोन से बालिका वर्ग की दो-दो टीमें भाग ले रहीं हैं, जिनमें भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, रीवा, सागर, नर्मदापुरम, जबलपुर, उज्जैन, खंडवा एवं बालाघाट जोनों की टीमें भाग लेंगी। 20 टीमों से लगभग 250 प्रतिभागी, 30 आफिशियल्स, 50 कोच, मैनेजर की उपस्थिति में प्रतियोगिता संचालित की जाएगी। उक्त जानकारी पत्रकार वार्ता में अध्यक्ष रिंकू विज नगर निगम जबलपुर एवं सचिव चंदा सोनी जबलपुर एकेडमी कबड्डी एसो. जबलपुर ने दी।



## चांदमारी सिद्धेश्वर धाम में यज्ञशाला का हुआ भूमिपूजन

**जबलपुर।** चाँदमारी सिद्धेश्वर धाम के अध्यक्ष एड. संदीप शुक्ला ने बताया कि आध्यात्मिक कार्यक्रमों की पवित्र श्रृंखला में संस्कारधानी के चांदमारी क्षेत्र स्थित सिद्धेश्वर धाम में आगामी 07 फरवरी से 14 फरवरी तक रुद्र महायज्ञ का आयोजना होना निश्चित है, जिसके परिप्रेक्ष्य में 04 दिसम्बर को प्रदेश के महान पूज्य संतों के सान्निध्य में यज्ञशाला का भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम में सिद्धेश्वर धाम के संरक्षक पू.सं. रामेश्वरानंद के नेतृत्व में महंत चंद्रशेखरानंद, ज.गु. रामानुजाचार्य स्वामी राजा रामाचार्य महाराज, महंत रामजी शरण, रामानंद पुरी, साध्वी सुमनदास, स्वामी नारायणदास, राजेश्वरानंद, रामेश्वरानंद, साध्वी संगीतानंद, महंत कालीनंद महाराज, राजेशदास महाराज, पवनदास, आरएसएस महाराज, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, संदीप शुक्ला, बृजेश पांडे, मनोज शुक्ला, राजेश दुबे, श्रीधर मिश्रा, सुरेश पांडे सहित अन्य उपस्थित रहे।

## आधारताल तालाब तट पर स्थित हनुमानजी एवं शनिदेव मंदिर का मनाया गया स्थापना दिवस

### भक्तों ने अर्जित किया धर्मलाभ

**जबलपुर।** अधारताल तालाब तट पर गुरुवार, 4 दिसंबर 2025 को श्री हनुमान जी एवं श्री शनिदेव महाराज जी के मंदिर स्थापना दिवस पर भव्य धार्मिक आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ती रही। भक्तों ने पूजा-अर्चना कर परिवार एवं समाज की मंगलकामनाओं हेतु प्रार्थना की। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 7 बजे हवन एवं पूजन-पाठ के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लेकर आध्यात्मिक वातावरण को और पावन बना दिया। इसके बाद दोपहर 12 से 5 बजे तक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। छप्पन भोग कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। रात्रि को भजन संध्या की धुनों से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। शाम महाआरती का आयोजन किया गया। आरती के समय दीपों की ज्योति और जयकारों की गूंज से वातावरण दिव्य और मनोहारी हो गया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने तिरुपति बालाजी मंदिर स्वरूप दर्शन का भी लाभ लिया। आयोजन को सफल बनाने में आप व हम और जय हो अधारताल विकास समिति सहित स्थानीय भक्तों एवं कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।



## कायस्थ महासभा ने अधिवक्ताओं का किया सम्मान

**जबलपुर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा आयोजित अधिवक्ता अभिनंदन समारोह में कायस्थ समाज के अधिवक्ताओं के समर्पण एवं न्याय क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में म.प्र. उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष एड. अनिल खरे उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने की। समारोह का शुभारंभ भगवान श्री चित्रगुप्त जी की पूजा-अर्चना तथा डॉ. राजेंद्र प्रसाद एवं खुदीराम बोस के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। इस अवसर पर चमन श्रीवास्तव द्वारा लिखित 'भगवान श्री चित्रगुप्त कथा कृति' का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अखिलेश गुमास्ता को स्वास्थ्य सेवा अलंकरण तथा संदीप जैन को सामाजिक समरसता अलंकरण से सम्मानित किया गया। दूसरे चरण में म.प्र. उच्च न्यायालय में सेवाएँ दे रहे समाज के लगभग 70 अधिवक्ताओं का स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया गया। समारोह का संचालन नवनीत श्रीवास्तव एवं अक्षांश श्रीवास्तव ने किया तथा आभार प्रदर्शन संयोजक सुनील श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन एवं अधिवक्ता उपस्थित रहे।



## महात्मा गांधी ग्रुप इंस्टीट्यूशंस का रजत जयंती समारोह 12 को



**जबलपुर।** महात्मा गांधी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस जबलपुर की चेयरपर्सन डॉ. झूमा वर्मा, डायरेक्टर एड. कृतिका वर्मा एवं मैनेजिंग डायरेक्टर शैलेन्द्र वर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि महात्मा गांधी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस जबलपुर का नेशनल सेमिनार 11 दिसम्बर को आयोजित है, जो शिक्षा, कानून, होम्योपैथी, नर्सिंग एवं हेल्थकेयर में टेक्नोलॉजी की बदलती भूमिका पर केन्द्रित है। साथ ही महात्मा गांधी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस का रजत जयंती समारोह 25 वर्षों की उपलब्धियों को मनाने 12 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे से मानस भवन ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। रजत जयंती समारोह के मुख्य अतिथि राजेन्द्र शुक्ल, मप्र उपमुख्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री तथा विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. झूमा वर्मा करेंगी।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी: प्रमुख स्थानों से हटाए गए अवैध कब्जे



**जबलपुर।** नगर निगम के नेतृत्व में शहर के विभिन्न हिस्सों में सघन अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर अतिक्रमण शाखा ने राँझी दर्शन तिराहा, सगड़ा, कछपुरा ब्रिज, सिविक सेंटर, बड़ा फुहारा, साउथ एवेन्यू मॉल और गौरीघाट सहित कई क्षेत्रों से अवैध अतिक्रमण हटाया। अपर आयुक्त अरविंद शाह के नेतृत्व में हुई कार्रवाई में ठेलों, दुकानों और अन्य अवैध कब्जों को हटाकर आवागमन सुगम बनाया गया। साथ ही, आई.टी.आई. से चुंगी नाका, कटंगी रोड, नक्षत्र नगर और कलेक्ट्रेट से हाई कोर्ट एवं घमापुर चौक में मुनादी कराई गई ताकि लोग भविष्य में अतिक्रमण न करें। अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से ने बताया कि अभियान के दौरान सी.एम. हेल्पलाइन पर 15 शिकायतों का निराकरण भी किया गया। निगमायुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखें, अन्यथा सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/181
दिनांक :- 04/12/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती निधी सिंह पति श्री सचिन सिंह ने मकान नं. 1205/FF-109 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती प्रथम तल 747 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/180
दिनांक :- 04/12/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्री मोहम्मद नासिर अंसारी पिता स्व. श्री मोहम्मद रसूल अंसारी (2)श्रीमती तसलीमा बेगम पति श्री मोहम्मद नासिर अंसारी ने मकान नं. 2630SF-A-2 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती द्वितीय तल 1200 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/179
दिनांक :- 04/12/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शंकर लाल खत्री पिता स्व. श्री संभाग चंद खत्री ने मकान नं. 8/44 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 240+180 व.फु. मृत्यू प्रमाण पत्र/लीज/रिलीजडीड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर



# सूर्य की रोशनी कम होने से धरती पर आएगी तबाही, जीवन हो जाएगा नष्ट!

**वॉशिंगटन।** अगर सूर्य धीरे-धीरे मंद पड़ने लगे तो इसका धरती पर क्या असर होगा? क्या हमारा ग्रह इससे बच जाएगा या फिर यह घटना मजह एक अंत की शुरुआत होगी? इससे और भी सवाल आते हैं कि अगर सूर्य का प्रकाश अचानक गायब हो जाए तो धरती सौरमंडल से बाहर हो जाएगी या फिर सारा जीवन नष्ट हो जाएगा। हमारा सूर्य ही धरती पर जीवन का आधार है। अगर सूर्य की चमक जरा भी कम हो जाए तो यह हमारे ग्रह के लिए बहुत ही विनाशकारी साबित होगा। सौरमंडल में मौजूद सभी ग्रह सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाते हैं जिससे उनका समय और जीवन की संभावना तय होती है।

### क्या होगा इसका असर?

वैज्ञानिकों का कहना है कि सूर्य की चमक में बहुत छोटा बदलाव भी धरती पर रहने वाले ज्यादातर जीवों को मार सकता है। हालांकि, सब कुछ रातोंरात खत्म नहीं होगा क्योंकि कुछ ऐसे जीव हैं, जो समुद्र के सबसे गहरे हिस्सों में रहते हैं और बिना सनलाइट के जिंदा रहते हैं।



### सबसे पहला नुकसान किसे होगा?

अगर ऐसा होता है तो मानव जाति सबसे आगे होगी और उस पर विलुप्त होने का सबसे बड़ा खतरा होगा। सूर्य के कमजोर पड़ने से हमारा ग्रह पूरी तरह ठंडा हो जाएगा, मौसम बदल जाएंगे और दिन बहुत ठंडे होंगे।

### अचानक गायब हुआ तो क्या होगा?

यह धरती के लिए सबसे खराब कंडिशन होगी। सूर्य के गायब होते ही 8 मिनट बाद धरती पर अंधेरा छा जाएगा। इस पर ग्रैविटी का असर भी पड़ेगा और धरती अपनी जगह से दूर जा सकती है। तापमान बहुत तेजी से नीचे गिरेगा और महासागर जम जाएंगे, जिसके बाद सारा जीवन लगभग जल्दी खत्म हो जाएगा।

# अब स्कूल में पढ़ाएगी एआई रोबोट टीचर 17 साल के लड़के ने कर दिखाया कमाल

**लखनऊ।** जरा सोचिए आप क्लास में बैठे हों और अचानक टीचर की जगह एक ह्यूमनॉइड रोबोट अंदर आए...मुस्कुराए, अपना नाम बताए और पढ़ाना शुरू कर दे। बच्चों को समझ आए या न आए, इतना तो पक्का है कि मोबाइल उठाकर वीडियो बनाना भूल जाएंगे। यही नजारा इन दिनों उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के एक स्कूल में सच में देखने को मिल रहा है, जहां 17 साल के आदित्य कुमार ने ऐसा कमाल किया है, जिसने पूरे देश का ध्यान खींच लिया है।

### सोफी क्या-क्या कर सकती है?

- क्लास में बोलकर पढ़ाती है।
- बच्चों के सवाल समझकर जवाब देती है।
- बेसिक मैथमेटिक्स हल करती है।
- दुनिया की सबसे ऊंची इमारत जैसे सामान्य जीके सवालों के जवाब देती है।
- हिन्दी में बातचीत करती है।
- जल्द ही लिखकर जवाब देने की क्षमता भी जोड़ दी जाएगी।

### बच्चों की प्रतिक्रिया 'मैडम की जगह मशीन'



स्कूल में जब पहली बार सोफी को छात्रों के बीच लाया गया तो बच्चे पहले तो डर गए, फिर हंस पड़े और आखिर में वीडियो बनाते हुए बोल उठे, 'मैडम तो फुल एआई निकली.'स्टाफ भी हैरान हैं कि एक 17 वर्षीय छात्र ने इतनी सीमित संसाधनों में इतना उन्नत एआई टीचर बना दिया।

### आदित्य ने कैसे किया यह कमाल?

17 साल के आदित्य बताते हैं कि उन्होंने सोफी को तैयार करने में उन्हीं बड़ा भाषा मॉडल (एलएलएम) चिपसेट्स का उपयोग किया है, जिनका इस्तेमाल बड़ी कंपनियां हाई-टेक रोबोट्स में करती हैं। सोफी अभी सिर्फ वॉयस आउटपुट देती है, लेकिन आदित्य का दावा है कि वह जल्द ही लिखने की क्षमता भी जोड़ देंगे। आदित्य कहते हैं, 'हम इसे लगातार ट्रेन कर रहे हैं। अभी सोफी सिर्फ बोलती है, लेकिन जल्द ही लिख भी सकेगी।'

### कौन है सोफी? स्कूल की नई 'एआई मैडम'

बुलंदशहर के शिवचरण इंटर कॉलेज में अब सिर्फ इंसानी टीचर नहीं, बल्कि एक स्मार्ट एआई टीचर भी पढ़ाती है।..सोफी. सोफी कोई साधारण पुतला नहीं, बल्कि बड़ा भाषा मॉडल चिपसेट पर आधारित एक एडवांस्ड एआई रोबोट है, जिसे आदित्य ने सिर्फ 25,000 रुपए में तैयार किया है। वीडियो में सोफी बड़े आत्मविश्वास से अपना परिचय देती है, 'मैं एक एआई टीचर रोबोट हूं. मेरा नाम सोफी है और मेरा निर्माण आदित्य ने किया है।' यानी साफ है कि ये 'मैडम' काफी गर्व के साथ अपना नाम बताती हैं।

### कैसे काम करती है ये आई टीचर

एआई की दुनिया में एलएलएम वही तकनीक है, जिस पर दुनिया की टॉप कंपनियां अपने चैटबॉट्स और रोबोट्स तैयार करती हैं। आदित्य ने इसी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके सोफी को ट्रेन किया है।

# 100 साल बाद इंसान कैसे दिखेंगे?

## भविष्य पर रिसर्च ने खोले चौंकाने वाले राज

**एजेंसी ▶▶ लंदन**

कल्पना कीजिए, यदि आपकी हड्डियां टूटने की बजाय रबर की तरह मुड़ने लगें और आपके दांत मजबूत चोंच जैसे बन जाएं। यह सुनने में साइंस फिक्शन जैसा लगता है, लेकिन हालिया वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार अगले 100 वर्षों में इंसान आज की तुलना में काफी अलग दिखाई दे सकते हैं। बदलता जलवायु, बढ़ती टेक्नोलॉजी और लगातार जारी इवोल्यूशन मानव शरीर में बड़े परिवर्तन ला सकता है।



### दांतों का आकार बदलकर चोंच जैसा

शेफील्ड यूनिवर्सिटी के डॉक्टर के अनुसार मानव दांतों में भी बड़ा बदलाव संभव है। पफरफिश से प्रेरित होकर भविष्य के इंसान चोंच जैसी मजबूत संरचना वाले दांत विकसित कर सकते हैं। 2023 में स्तनधारियों की दंत विविधता और पुनर्जीवित दांतों पर हुई शोध से संकेत मिलता है ।

### रबर जैसी हो सकती हैं हड्डियां

वैज्ञानिकों को ऐसे संकेत मिले हैं कि भविष्य में इंसानों की हड्डियां शार्क के कार्टिलेज जैसी मजबूत और बेहद लचीली हो सकती हैं। न्यूरोसाइंटिस्ट डीन बर्नेट का कहना है कि आने वाले समय में हड्डियां शॉक को बेहतर तरीके से झेल पाएंगी, जिससे चोट और फ्रैक्चर कम होंगे। 2023 में किए गए 31,000 स्केलेटल एक्स-रे के एआई आधारित विश्लेषण में ऐसे जीन पहचाने गए हैं जो हड्डियों को फ्लेक्सिबल बनाते हैं। साथ ही, 2025 की जेनेटिक रिपोर्ट बताती है कि कुछ जीन वेरिएंट कंधों की चौड़ाई और पैरों की लंबाई तक बदल सकते हैं।

### दिमाग बनेगा सुपर कंप्यूटर

मानव मस्तिष्क शरीर के अन्य हिस्सों की तुलना में तेज गति से विकसित हो रहा है। 2023 की एक स्टडी बताती है कि इवोल्यूशन दिमाग को सुपरकंप्यूटर जैसी क्षमताएं देने की दिशा में ले जा रहा है। फ्यूचरिस्ट इयान पियर्सन के अनुसार 2050 तक ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस तकनीक इंसानों की न्यूरल एक्टिविटी को मशीनों से जोड़ देगी, जिससे अधिक तेज सीखने की क्षमता, बेहतर मेमोरी और जटिल समस्याओं को तुरंत हल करने की क्षमता संभव होगी। एमआईटी और ब्राउन यूनिवर्सिटी में हुए प्रयोगों से चूहों में मेमोरी ट्रांसफर और नॉन-न्यूरल सेल्स में मेमोरी स्टोर करने की संभावनाएं पहले ही दिख चुकी हैं। 2024 और 2025 की स्टडीज़ बताती हैं कि आने वाले समय में इंसान वर्किंग मेमोरी को न सिर्फ तेज कर सकेंगे, बल्कि इसे बाहरी माध्यमों पर भी स्टोर कर पाएंगे।

# सपने सच होते हैं: जबलपुर के अभिनेता-निर्देशक सचिन खन्ना की फिल्म को अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार



**जबलपुर।** शहर के युवा अभिनेता और फिल्म निर्देशक कैप्टन सचिन खन्ना की फिल्म "द सोसाइटी ऑफ गुड ह्यूमेंस" को न्यूयॉर्क और सैन फ्रांसिस्को में दो अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा गया। फिल्म को इजिप्शियन अमेरिकन फिल्म फेस्टिवल में "शॉर्ट नोवेल फिल्म" और सन फ्रांसिस्को इंटरनेशनल न्यू कॉन्सेप्ट फिल्म फेस्टिवल 2025 में "बेस्ट नरेटिव शॉर्ट फिल्म" के रूप में चुना गया। सचिन खन्ना ने इस फिल्म का निर्माण, निर्देशन, स्क्रीनप्ले और डायलॉग राइटिंग भी स्वयं किया। फिल्म एक साधारण कहानी के माध्यम से शिक्षा और मानवता का संदेश देती है कि एक अच्छा इंसान ही बेहतर समाज और राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। सचिन बताते हैं कि उनका फिल्मी सफर 2007 से जारी है। अब तक उन्होंने 150+ कॉरपोरेट, इंडसट्रियल और कमर्शियल फिल्में बनाई हैं। उनका प्रोडक्शन हाउस बंजारा सिनेमा और फिल्म फेस्टिवल बंजारा इंटरनेशनल टूरिंग फिल्म फेस्टिवल दुनिया भर के स्वतंत्र फिल्म निर्माताओं को मंच प्रदान करता है। जबलपुर के मॉडल स्कूल से शिक्षा प्राप्त करने वाले सचिन खन्ना ने मर्चेंट नेवी में कैप्टन बनने के बाद अभिनय और निर्देशन की दुनिया में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने बताया, "मेरी जड़ें जबलपुर की हैं और यही मेरी कहानियों की आत्मा में झलकती हैं। सचिन खन्ना की यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत सपनों की सफलता है बल्कि जबलपुर को अंतरराष्ट्रीय फिल्म जगत में पहचान दिलाने का भी गर्व है।

# लंबे समय तक पड़े सूखे से तबाह हुई थी सिंधु घाटी की सभ्यता

**लंदन।** सिंधु घाटी सभ्यता के धीरे-धीरे खत्म होने का एक बड़ा कारण लगातार पड़े भयंकर सूखे की एक श्रृंखला हो सकती है जो 85 साल से भी ज्यादा समय तक चली। यह एक चौंकाने वाली लेकिन वैज्ञानिकों द्वारा खोजी गई बात है। यह खोज कम्युनिकेशंस अर्थ एंड एनवायरनमेंट नाम की पत्रिका में छपे एक रिसर्च में सामने आई है। इस रिसर्च ने अब तक का सबसे मजबूत सबूत दिया है कि यह महान सभ्यता अचानक खत्म नहीं हुई ,बल्कि यह सदियों तक धीरे-धीरे कमजोर होती गई और लुप्त हो गई।



### कैसे हुआ सभ्यता का अंत?

लेखकों ने बताया कि सिंधु घाटी सभ्यता का अंत किसी एक बड़ी और अचानक घटना से नहीं, बल्कि यह सभ्यता धीरे-धीरे कमजोर होती गई और इसी धीमी गिरावट के कारण अंत हुआ। इस गिरावट में लंबे समय तक पड़े सूखे ने सबसे अहम भूमिका निभाई। ये नतीजे बताते हैं कि पर्यावरण में बदलाव सबसे मजबूत समाजों को भी बदल सकता है। लेकिन यह बगलाव अचानक तबाही से नहीं बल्कि धीरे-धीरे उन चीजों को खत्म करके होता है जो समाज को सहारा देती हैं।

### क्या थी ये स्टडी?

5,000 से 3,000 साल पहले इस इलाके में मौसम कैसा था यह जानने के लिए उन्होंने कंप्यूटर मॉडल का इस्तेमाल किया। उन्होंने इस मॉडल को असली सबूतों के साथ मिलाया जिसमें भारत की 2 गुफाओं से मिले स्टैलेक्टाइट्स और स्टैलेग्माइट्स की जांच की। उत्तर-पश्चिम भारत की 4 झीलों में पानी का स्तर समय के साथ कैसे बदला इसका रिकॉर्ड देखा।

### अध्ययन में क्या बताया गया?

इस अध्ययन में बताया गया कि इन लंबे सूखे के कारण लोगों के रहने की जगह पर क्या असर पड़ा। सिंधु घाटी के सभ्यता के लोग ज्यादा बारिश वाले इलाकों में रहते थे। सूखे के कारण लोगों ने अपनी जगह बदलनी शुरू कर दी। समुदाय सिंधु नदी के और करीब जाने लगे।
ऐसा इसलिए, क्योंकि बारिश पर आधारित पानी के सोर्स अब भरोसेमंद नहीं रहे।

### कितनी पुरानी है ये सभ्यता?

सिंधु घाटी सभ्यता आज के उत्तर-पश्चिम भारत और पाकिस्तान में 5,000 से 3,500 साल पहले थी. इस सभ्यता को मुख्य रूप से इसके शहरों को व्यवस्थित बनाने और जल प्रबंधन के एडवांस तरीके के लिए जाना जाता है। पहले की रिपोर्टों में बताया गया है कि इनके शहरों में पानी की सप्लाई के लिए शानदार नालियां और पानी के बड़े भंडार बने हुए थे।

### एसरी ने की भारत ईएनवीआई की घोषणा

**नई दिल्ली।** जियोस्पैटियल इमेज प्रोसेसिंग एवं एनालिसिस सॉफ्टवेयर भारत ईएनवीआई लांच करने की घोषणा की। भारत ईएनवीआई की लांचिंग से इंडो आर्कजीआईएस यूजर्स को विश्वस्तरीय रिमोट सेंसिंग और एनालिटिक्स क्षमता हासिल होगी।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

# राशिफल

**मेष** - किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेगी।

**वृष** - मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** - पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** - आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट

**सिंह** - व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** - पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** - मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** - परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** - मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** - क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** - रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** - पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## 'हमारी लाइफ जितनी परफेक्ट दिखती है, उतनी होती नहीं'

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर इन दिनों अचानक एक वीडियो वायरल होने लगा। वीडियो में एक महिला 'जो एक आईएएस अधिकारी की पत्नी हैं' बड़ी सहजता से अपनी जिंदगी का सच बताती नजर आती हैं। हम अक्सर मान लेते हैं कि अफसरों के परिवारों की लाइफ ग्लैमरस, सुकूनभरी और परेशानी-रहित होती है, लेकिन इस महिला की बातों ने लोगों की वह सोच एक झटके में बदल दी। उनकी सादगी ने ही वीडियो को इतना रिलेटेबल बना दिया कि देखते-देखते लाखों लोग इसे शेयर करने लगे। वायरल वीडियो में वह कहती हैं कि आईएएस अधिकारी की पत्नी होना जिंदगी को आसान नहीं बना देता। उन्होंने साफ शब्दों में कहा, 'हमारी लाइफ बाहर से जितनी आसान दिखती है, असल में उतनी नहीं होती। कई बार बोरियत, खालीपन और खुद की पहचान खो देने का डर भी होता है।' यही वजह थी कि उन्होंने कुछ 'अपने लिए' करने का फैसला किया और इसी सोच से शुरू हुई उनकी सोशल मीडिया जर्नी...एक छोटा-सा कदम, जो अब लाखों दिलों तक पहुंच चुका है।

## शब्द पहेली - 6068



**बाएँ से दाए**
1. सरदार, अगुआ-4
5. जनमत, एक राय-4
9. पुराना जुकाम-3
10. चिंता, परवाह-3
12. पैंदा, तल्ला-2
14. ताल, सुर, आलाप-2
15. महोदय (अंग्रेजी-2)
16. लाडला, दुलारा-2
17. निवास करना-3
19. डोली उठाने वाले-3
21. नसीरुद्दीन शाह की फिल्म-3
22. तड़फाना-4
24. जल में रहनेवाला-4
25. दरियादिल, करुण-5
26. इराक की राजधानी-4
29. भेंट, पुरस्कार-4
33. पासों से भविष्य देखना-3
34. अश्ववाहक, घुड़सवार-3
36. चौकसी, रखवाली-3
37. हलक, कंठ-2
38. सदैव-2
39. लार -2
42. निश्चित-2
42. कालीन-3
43. बंदर, मर्कट-3
45. किसान-4
46. इस्लामी कैलेंडर का एक महीना -4

**ऊपर से नीचे**
2. क्रिकेट में बनते हैं-2
3. नगमा, गीत (उर्दू-3)
4. जो लायक न हो-4
5. अधिकारी, अफसर-4
6. राशिचक्र की एक राशि -3
7. झगड़ा, बैर-2
8. आदत, व्यवहार-4
11. शमशीर-4
13. तरंग, हिलोर-3
16. तृष्णा, लोभ-3
18. अमेरिका स्थित वेधशाला-2
20. जितेंद्र इस फिल्म में सात सवाल हल करते हैं -5
21. नीर, पानी-2
23. देवर्षि-3
24. ईर्ष्या, डाह-3
26. वटवृक्ष-4
27. जिसमें पौधे लगाते हैं-3
28. दलहन-2
30. मंत्र जाप-2
31. तसल्ली, आराम-3
32. भगवान विष्णु-4
34. धर्मशीलता-4
35. पैजामा-4
38. तमीज-3
40. साजन, प्रेमपात्र-3
42. पहरा, चौकसी-2
44. अवकाश-2

**शब्द पहेली- 6067 का हल**



## सूडोकू नवताल- 6078

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

MANGAL SEMACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल- 6077 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

आज है इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे



# वॉलंटियर बनकर दुनिया बनाओ खूबसूरत

बच्चो, अपनी इच्छा से निस्वार्थ भाव से किसी की मदद करने वाले लोगों को वॉलंटियर्स कहते हैं। ये वॉलंटियर्स इंसानों की ही नहीं, पशु-पक्षियों और नेचर की केयर करने में भी पीछे नहीं रहते। इस दुनिया को सुंदर-प्यारा बनाए रखने में वॉलंटियर्स का बहुत बड़ा योगदान होता है। बच्चो, तुम भी एक अच्छे वॉलंटियर बनकर अपने समाज-देश और पूरी दुनिया को खूबसूरत बनाओ।

अवेयरनेस
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, किसी की मदद करने का भाव तो हम सबके मन में होता है लेकिन इसे व्यवहार में उतारना आसान नहीं होता। अपने डेली रूटीन से किसी अच्छे काम के लिए, समय निकालना मुश्किल होता है। किसी से मिलकर उसकी जरूरत या परेशानी के बारे में पूछने का काम भी सब नहीं कर पाते। सेवा-सहायता के इन प्यारे भावों को प्रैक्टिकली कर दिखाने का काम वॉलंटियर्स करते हैं। कैसे बिना किसी फायदे की चाह के अपनी छोटी-छोटी कोशिशों से किसी का मददगार बना जाए? कैसे अच्छी बातों को बर्ताव में उतारा जाए? किस तरह बिना दिखावे के किसी का साथ दिया जाए? किस तरह मोर्चे पर डटकर प्रकृति का ख्याल रखा जाए? पूरे तन-मन से कैसे किसी का मनोबल बढ़ाया जाए? ये सब कुछ ऐसे सेवाभावी लोगों यानी वॉलंटियर्स से सीखा जा सकता है।

**छोटे-छोटे कदम भी अहम**

प्यारे बच्चो, किसी की सहायता करने या उसे संबल देने का काम हर कोई कर सकता है। बच्चे भी कर सकते हैं। वॉलंटियर के रूप में जरूरी नहीं कि बड़े स्तर पर ही कुछ किया जाए। अपने घर, आस-पड़ोस, सड़क, स्कूल, पार्क हर जगह सहयोगी की भूमिका निभाई जा सकती है। मुसीबत में मददगार बनने या फिर दुःख तकलीफ में किसी का साथ देने के लिए बस इच्छा शक्ति की दरकार होती है। असल में कंसर्न की सोच अपना लें तो पॉजिटिव भागीदारी का रास्ता मिल ही जाता है। इस सरोकारी समझ से हमारा छोटा सा कदम भी किसी की बहुत बड़ी मदद कर सकता है। हेल्प करने, साथ देने की इस सोच से पूरी दुनिया सुंदर बन सकती है। सबका जीवन सहज-सरल हो सकता है।

**यूं बनो मददगार**

बच्चो, बड़ा दिल, खुली सोच और किसी की तकलीफ को समझने वाला हर इंसान वॉलंटियरिंग कर सकता है। जैसे किसी बुजुर्ग की मदद करना, पार्क में पेड़-पौधे लगाना, स्कूल में किसी साथी को चोट लगने या बीमार होने पर उसका बैग उठाना, ऐसे सभी काम सहायता का सुंदर भाव ही तो हैं। अपने एरिया में साफ-सफाई करते लोगों का साथ देने से लेकर घर में काम करने वाले सहायकों का बेवजह काम ना बढ़ाना भी, सेवा करने जैसा ही है। बच्चो, सिंपैथी और साथ देने की यह सोच बहुत से लाइफ स्किल्स भी सिखाती है। किसी तरह की कठिनाई या जरूरत में दूसरों का सहयोग करना अपने जीवन को संभालना भी सिखाता है। औरों का जीवन सहज बनाने के लिए किया गया छोटे से छोटा काम जिंदगी का सुंदर पाठ पढ़ाता है। इसीलिए न केवल खुद किसी की मदद करने की सोच रखनी चाहिए बल्कि वॉलंटियर्स का खूब सम्मान भी करना चाहिए। बच्चो, तुम्हें ऐसे पॉजिटिव काम करते देखकर दूसरे साथी भी प्रोत्साहित होते हैं। दुनिया को बेहतर बनाने के लिए तुम जैसे नन्हे वॉलंटियर्स की भूमिका भी बहुत अहम है। *








## इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे

**बच्चो, हर** साल 5 दिसंबर को मनाया जाने वाला इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे असल में प्यार, परवाह और साझे जीवन का ही संदेश लिए है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1985 में शुरू किया गया यह खास दिन हर वर्ष एक विशेष संदेश देने वाले विषय यानी थीम को लेकर मनाया जाता है। साल 2025 में इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे की थीम है 'हर योगदान मायने रखता है'। इस थीम का मैसेज भी यही है कि बिना स्वार्थ की गई सेवा का हर छोटा या बड़ा कदम मायने रखता है। जितना संभव हो हम सबको यह सेवाभाव रखना चाहिए। समय, सेवा, धन या मान-मनोबल को उन लोगों तक पहुंचाना चाहिए, जो किसी तरह की परेशानी में हैं। इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे सभी को अपनी इच्छा से औरों के लिए हेल्पफुल बनने का संदेश भी देता है। साथ ही यह दिन दुनिया भर में उन लोगों को धन्यवाद देने का मौका भी है, जो अपना अनमोल वक्त स्वैच्छिक सेवा देने में लगाते हैं। सही मायने में मदद करने की भावनाओं को धरातल पर उतारते हैं। अपने आस-पास देखोगे तो तुम्हें भी ऐसे बहुत से संवेदनशील लोग मिल जाएंगे, जो किसी का सहयोग करने में आगे रहते हैं। बच्चो, इस वर्ष इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे की थीम 'एवरी कॉन्ट्रिब्यूशन मैटर्स' को याद रखते हुए तुम भी सहजता से किसी जरूरतमंद के लिए जो कुछ किया जा सके, वह जरूर करो।

बच्चो, अपने देश में एक ऐसी जगह है, जो 'मिनी स्विटजरलैंड' के नाम से दुनिया भर में मशहूर है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, मनोरम घाटियों, झीलों और हरे-भरे चारागाहों को देखने देश-दुनिया से पर्यटक आते हैं। जानो, भारत के 'मिनी स्विटजरलैंड' खज्जियार के बारे में।

# भारत का मिनी स्विटजरलैंड खज्जियार

अमेजिंग प्लेस
नयनतारा



बच्चो, अपने देश में प्राकृतिक सुंदरता और विविधता की भरमार है। यहां हिमालय की बर्फीली चोटियों से लेकर धूप में खिलते समुद्री तटों तक कई मोहक नजारे देखे जा सकते हैं। हमारे देश के कुछ स्थानों की तुलना अकसर विश्वविख्यात अंतरराष्ट्रीय डेस्टिनेशंस से भी की जाती है। भारत में एक जगह ऐसी भी है, जिसकी तुलना स्विटजरलैंड देश से की जाती है, इसे 'मिनी स्विटजरलैंड' भी कहा जाता है। इसका नाम है-खज्जियार।

**स्विटजरलैंड जैसा खूबसूरत:** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में, डलहौजी से लगभग 24 किमी दूर धौलाधार पर्वत श्रृंखला के नीचे स्थित है खज्जियार। यहां दूर तक फैले हुए हरे घास के मैदान, विशाल पहाड़, गहरी घाटियां, क्रिस्टल की तरह साफ झीलें और हर तरफ प्राकृतिक सुंदरता छाई रहती है। किसी खूबसूरत पेंटिंग जैसा सुंदर दिखने वाला यह मनोरम स्थल कई मायने में यूरोपीय देश स्विटजरलैंड जैसा है।



**'मिनी स्विटजरलैंड' नाम कैसे-कब पड़ा:** बच्चो, खज्जियार को यूं ही मिनी स्विटजरलैंड नहीं कहा जाता, बल्कि आधिकारिक रूप से इसे यह नाम दिया गया है। दरअसल, भारत में स्विटजरलैंड के तत्कालीन राजदूत विल्ली पी. ब्लेजर ने 7 जुलाई 1992 को खज्जियार को आधिकारिक तौर पर विश्व के उन 160 स्थानों में शामिल किया, जो 'मिनी स्विटजरलैंड' कहे जाते हैं। उन्होंने खज्जियार में एक साइनबोर्ड भी लगवाया, जिसमें स्विस राजधानी बर्न से खज्जियार की दूरी 6,194 किमी दर्शाई गई है। मतलब यह कि स्विस सरकार भी खज्जियार को आधिकारिक तौर पर मिनी स्विटजरलैंड मानती है। यह बात स्विटजरलैंड की राजधानी बर्न में स्विस संसद के पास एक शिलालेख पर भी दर्ज है।

**प्राकृतिक आपदाओं का रहता है खतरा:** खज्जियार की गिनती निश्चित तौर पर भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के सबसे खूबसूरत स्थानों में होती है। लेकिन यहां भूकंप एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं का खतरा बना रहता है। यह स्थान समुद्र तल से लगभग 1,920 मी. या 6,300 फीट की ऊंचाई पर स्थित है, जो इसके क्लाइमेट और वनस्पति जगत को प्रभावित करता है। खज्जियार को भूकंप जोन 5 के अंतर्गत रखा गया है, जिसका अर्थ है कि यहां अधिक तीव्रता के भूकंप का खतरा बना रहता है। *



कविता / दिनेश विजयवर्गीय

## सर्दी की धूप

रेशम-सी मुलायम लगती
सर्दी की अलसाई धूप।
देर से आकर जल्दी जाती
भागम-भाग मचाती धूप।
बूढ़े-बच्चे धूप सेंकते
तन को बहुत सुहाती धूप।
दादा जी पढ़ते अखबार
जब आ जाती छत पर धूप।
धुंध कोहरा जब छा जाता
नजर न आती सोनल धूप।
शीत लहर के आतंक से
बेबस-सी हो जाती धूप।
सरसों के पीले खेतों में
गीत खुशी के गाती धूप।





कहानी
अखिलेश श्रीवास्तव चमन

# बंटी बेवकूफ है!

बंटी ने जब-जब किसी के साथ गलत-बुरा होते देखा, उसने उसकी मदद करनी चाही। लेकिन पापा ने उसे यह कहकर रोका, 'काहे दूसरों के मामले में अपनी टांग अड़ाते हो, यह बेवकूफी है।' फिर भी बंटी ने दूसरों की मदद करना नहीं छोड़ा। एक दिन तो बंटी की बुरी तरह पिटाई हो गई। क्या इसके बाद बंटी ने लोगों की मदद करना छोड़ दिया?



पा...पापा वो देखो।' बालकनी में खड़े बंटी ने तेज आवाज में कहा और सीढ़ियों की तरफ दौड़ पड़ा। कमरे में बैठे पापा बालकनी में आए, देखा कि सामने सड़क पर एक लड़का गिरा पड़ा था, तीन लड़के उसकी पिटाई कर रहे थे।

'अरे बंटी! रुक...रुक...रुक बेटा!' आवाज देते पापा बंटी के पीछे दौड़े। सीढ़ियों से उतर कर बंटी घर से बाहर निकलने ही वाला था कि पापा ने उसकी बांह पकड़ ली। पापा ने डांटते हुए पूछा, 'तू कहां जा रहा है?'

'उस भैया की मदद करने। देखा नहीं आपने, तीन लड़के अकेले भैया की कैसी पिटाई कर रहे हैं?' बंटी अपनी बांह छुड़ाने की कोशिश करते हुए बोला।

'तुमसे क्या मतलब? चल अंदर..।' पापा ने गुस्से में कहा और दरवाजा बंद कर बंटी को ऊपर खींच लाए। बंटी मन मसोस कर रह गया।

ऐसे ही एक दिन बंटी अपने पापा के साथ स्कूटर पर बाजार जा रहा था। रास्ते में उसके बगल से एक मोटर साइकिल निकली, जिस पर दो नौजवान लड़के बैठे हुए थे। अचानक मोटर साइकिल सड़क के किनारे पैदल जा रही एक महिला के बगल में रुकी और पीछे बैठे लड़के ने झपट्टा मार कर उस महिला के गले से चेन खींच ली। महिला सड़क पर गिर गई। वह चिल्लाती रही और मोटर साइकिल सवार लड़के तेजी से भाग गए।

'पापा...वो देखो उस मोटर साइकिल पर जा रहे लड़के आंटी के गले से चेन खींच कर भाग गए। आंटी जमीन पर गिर गईं हैं।' बंटी ने पापा से कहा।

'तू चुप कर...!' पापा ने कहा और स्कूटर की स्पीड तेज कर दी।

'पापा...मैंने मोटर साइकिल का नंबर पढ़ लिया है। उसके आखिर में बी. एन. सिक्स श्री नाइन टू लिखा था। हमें पुलिस को बता देना चाहिए।' बंटी बोला।

'तुमने कुछ नहीं देखा है। बस अपने काम से काम रखा करो। और सुनो, किसी से यह कहने की जरूरत नहीं कि तुमने मोटर साइकिल का नंबर देखा था।' पापा बोले।

'आखिर क्यों पापा? पुलिस को बता देने से शायद बदमाश पकड़ लिए जाएं, आंटी की चेन मिल जाए।' बंटी बोला। 'बेवकूफी की बात मत कर। मैं जितना कह रहा हूं, बस उतना ही सुन।' पापा ने जोर से डांटा। बंटी अपना मन मारकर बैठ गया।

उस दिन स्कूल में छुट्टी के बाद कक्षा सात और कक्षा आठ की क्रिकेट टीमों के बीच मैच था। अपनी कक्षा सात की टीम का एक खिलाड़ी बंटी भी था। मैच खत्म होने के बाद स्कूल से लौटने में देर हो गई थी। शाम का हल्का अंधेरा हो गया था। रास्ते में अचानक एक सुनसान गली से किसी लड़की के चीखने की आवाज सुनाई पड़ी। बंटी ने रुक कर इधर-उधर देखा, सामने दो बदमाश लड़के एक लड़की का रास्ता रोके खड़े थे। एक लड़के ने लड़की का हाथ पकड़ रखा था। लड़की रो रही थी। वह बार-बार 'प्लीज मुझे छोड़ दीजिए...प्लीज मुझे जाने दीजिए..' बोल रही थी, लेकिन वे बदमाश लड़के उसको जाने नहीं दे रहे थे।

सड़क पर जा रहे लोग लड़की की आवाज सुन कर गली की तरफ एक नजर देखते थे और आगे बढ़ जाते थे। किसी ने भी बचाने की कोशिश नहीं की। बंटी से रहा नहीं गया। वह तेजी से बदमाश लड़कों की ओर बढ़ा और अपना बैट पीछे से एक बदमाश के कंधे पर पूरी ताकत से दे मारा। इस अचानक हुए हमले से बदमाश घबरा गए। वे लड़की को छोड़ बंटी से भिड़ गए। इतने में लड़की को मौका मिल गया। वह भाग कर सड़क पर आई और 'बचाओ...बचाओ...बचाओ...बचाओ' चिल्लाने लगी। जब तक लोग जुटे तब तक वे बदमाश लड़के बंटी को पीटकर वहां से भाग गए थे। खबर मिली तो बंटी के पापा-मम्मी भागे-भागे वहां पहुंचे। उसे तुरंत घर ले आए फिर फर्स्ट एड करने के बाद पापा ने बंटी से कहा, 'बार-बार समझाया है मैंने, दूसरों के टंटे में मत पड़ा करो, लेकिन तुम सुनते ही नहीं। तुम्हें ऐसी बेवकूफी करने की क्या जरूरत थी, जो लड़की को बचाने चले गए। तुम क्या शक्तिमान हो?' मम्मी भी बोलीं, 'बंटी, तुम इस तरह की बेवकूफी क्यों करते हो, जो दूसरों की वजह से पिटो।'

लेकिन बंटी को अपनी बेवकूफी पर कोई पश्चाताप नहीं था। वह मन ही मन सोच रहा था, किसी के साथ कुछ बुरा हो रहा हो तो उसकी मदद करना, विरोध करना कैसे बेवकूफी कही जाएगी? इस तरह लोग चुप रहेंगे तो बदमाशों का चारों तरफ बोलबाला हो जाएगा। सभी को मिलकर इसका विरोध करना चाहिए। *

छोटी कहानी / मुग्धा

## आलस्य का त्याग

एक चील थी। उसके दो नन्हे-नन्हे बच्चे थे। बच्चों के पंख आने में अभी काफी समय था, लेकिन वे अपनी मां से बाहर घुमाने की जिद करते। मां उन्हें अपनी पीठ पर बैठाकर घुमा देती थी। असल में चील अपने बच्चों से बहुत प्यार करती थी। उनकी सभी इच्छाएं पूरी करती थी। बच्चों को सब कुछ बैठे-बिठाए मिल जाने की वजह से बच्चे आलसी हो गए। यहां तक कि वे खुद उड़ने से कतराने लगे। चील ने कितना समझाया कि वे उड़ना सीखें, जरूरी है। लेकिन आलसी बच्चे उड़ने की जरा-सी भी कोशिश नहीं करते। चील अपने बच्चों के इस आलसीपन से बहुत दुखी थी।



एक दिन सुबह-सुबह चील ने बच्चों को अपनी पीठ पर बैठाकर ऊंची उड़ान भरी। ऊंचाई पर पहुंचकर चील ने पीठ पर बैठे दोनों बच्चों को गिरा दिया। वे करते तो क्या करते, मजबूरी में दोनों बच्चों ने अपने पंख फड़फड़ाना शुरू कर दिए, वे किसी तरह उड़े। जैसे-तैसे उन बच्चों ने अपनी जान बचाई। वापस आकर दोनों बच्चे अपनी मां पर बिगड़े, बोले, 'मां, आज तो आपने हमें मरवा ही दिया था। अगर हमने कोशिश कर अपने यह पंख न फड़फड़ाए होते, तो सोचो हमारे साथ क्या हो जाता?' चील ने हंसकर अपने बच्चों से कहा, 'जो लोग अपने आप नहीं सीखते हैं, आलस्य नहीं छोड़ते हैं, उन्हें सिखाने का यही नियम है। बच्चो, हमारी पहचान ऊंची उड़ान से है, यही हमारी विशेषता है। इसे बढ़ाने के लिए हमें निरंतर अभ्यास करते रहना चाहिए।' चील के बच्चों को अपनी मां की बातें समझ आ गईं। इसके बाद उन्होंने आलस्य छोड़कर उड़ना शुरू कर दिया। लगातार अभ्यास से वे भी काफी ऊंचाई पर उड़ने लगे। अब वह उड़ने के लिए अपनी मां पर निर्भर नहीं थे। *

## हंसगुल्ले

**हिंदी टीचर :** 'दांत खट्टे करना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करो।
**आनंद :** मैंने रोहन को इमली खिलाकर उसके दांत खट्टे कर दिए।
-तुषार, रायपुर

**टीचर :** तुम 18वीं सदी के वैज्ञानिकों के बारे में क्या जानते हो?
**रोहन :** सर, यही कि वे सब अब इस दुनिया में नहीं हैं।
-केशव, बिलासपुर



**पापा (सौरभ से) :** अगर तुम महान काम करोगे, तो तुम्हारा नाम अमर हो जाएगा।
**सौरभ :** लेकिन पापा, मेरे पुराने नाम का क्या होगा?
-सुमन, भोपाल

## जीके क्विज-182

1. हाल ही में पीएम मोदी ने किस सिख गुरु के सम्मान में एक विशेष सिक्का और स्मारक डाक टिकट जारी किए?
2. बैडमिंटन में ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 पुरुष एकल का खिताब किसने जीता है?
3. बिहार के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
4. केरल की राजधानी कहां है?
5. 'मधुशाला' किस लेखक की प्रसिद्ध रचना है?
6. एलपीजी सिलिंडर में मुख्य रूप से कौन-सी गैस भरी होती है?
7. किस विटामिन को सोलर विटामिन कहा जाता है?
8. काठमांडू किस देश की राजधानी है?
9. कंगारू किस देश में पाया जाता है?
10. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन-सा है?



**बच्चों, जीके क्विज-182 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-181 का उत्तर :** 1.मीनाक्षी हूडा, 2.फातिमा बॉश, 3.फिलीपींस, 4.तैराकी, 5.हरा, 6. एंटनी वान ल्यूवेनहॉक, 7.सिक्किम, 8.जयप्रकाश नारायण, 9.न्यूटन, 10.इंदिरा प्वॉइंट

**जीके क्विज-181 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ओमदेव-मुंगेली, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, सूरज-रायपुर, कोमल-दुर्ग, साकेत-बिलासपुर, अंकित-रोहतक, अंश-भोपाल, शेखर-महासमुंद, हर्ष-बालोद

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां रेंडियर के साथ खड़ी लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये छह अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी छह अंतर खोजो।



**उत्तर:** 1. लड़की के मफलर के आगे लटक रहे हिस्से में एक फोल्ड अधिक खुला हुआ है। 2.लड़की की बाईं चोटी में रेड की बजाय व्हाइट हेयर-बैंड लगा हुआ है। 3.लड़की के हाथ में पहने ग्लव में अंगूठा नहीं दिख रहा है। 4.रेंडियर की बाईं हॉर्न (सींग) में तीन ब्रांचेस हैं। 5.रेंडियर की पूंछ के ठीक ऊपर एक स्टार दिखाई दे रहा है। 6.रेंडियर के पिछले दाएं पैर में हूफ (खुर) नहीं है।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## अपनों से बिछड़े अली की कहानी



बड़े और पूरे-पूरे पृष्ठों पर फैले हुए चित्रों वाली एक कहानी की किताब है-मैं अली। मूल रूप से अंग्रेजी में लिखी गई इस कहानी की किताब का हिंदी अनुवाद अभी छपकर आया है। देश की सीमा पर बसे एक छोटे से गांव की इस कहानी में एक परिवार की बात है। एक बार युद्ध होता है। इससे अफरा-तफरी मच जाती है। इसका परिणाम यह होता है कि उस परिवार का गांव नदी के आर-पार दो हिस्सों में बंट जाता है। परिवार के जो लोग अपने मवेशी चराने जंगल की तरफ जाते हैं, वह एक अलग देश बन जाता है। एक हिस्से में रहने वाले लोगों को दूसरे हिस्से में आने-जाने पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है। इस वजह से परिवार का एक बच्चा अली, अपने मां, पिता और बहन से बिछड़कर एक बुजुर्ग के पास रह जाता है। यह बच्चा बड़े होने पर जब यह सब जानता है, तब क्या सोचता है और उसके मन में कैसी बातें आती हैं, यह इस किताब में पढ़ा जा सकता है। यह किताब युद्ध और उससे होने वाले बंटवारे से उपजी तकलीफों को प्रकट करती है। *

**किताब :** मैं–अली, **लेखन :** सुजाता पद्मनाभन, **अनुवाद :** विनता विश्वनाथन, **मूल्य** : 70 रुपए, **प्रकाशक :** एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

# आईपीएल में 71 स्लॉट भरने नीलामी 16 को, 1300 से ज्यादा रजिस्ट्रेशन, कई दिग्गजों ने किया किनारा

एजेंसी ▶▶| अबूधाबी

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के लिए होने वाली नीलामी के लिए 1,300 से अधिक खिलाड़ियों ने अपना नाम दर्ज कराया है। दिलचस्प रूप से 14 देश के विदेशी खिलाड़ियों ने अपने नाम दर्ज कराए हैं। एक तरफ कई नामी सितारे आईपीएल नीलामी में इस बार नजर आएंगे तो दूसरी तरफ ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल सहित कई अन्य दिग्गजों ने अपना नाम दर्ज नहीं कराया है। बता दें कि 16 दिसंबर को अबू धाबी में छोटी नीलामी का आयोजन होना है जिसके जरिए 71 स्लाट भरे जाना हैं।

### स्मिथ समेत ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के नाम दर्ज

खबर के मुताबिक, कुल 1,355 खिलाड़ियों की सूची है, जिसमें कैमरून ग्रीन, मैथ्यू शॉर्ट और स्टीव स्मिथ उन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें खरीदार मिलने की उम्मीद है। जोश इंग्लिस, जिनकी शादी की वजह से उपलब्धता तय नहीं है, उन्होंने भी नीलामी के लिए नाम दर्ज कराया है। इस पूरी सूची में इंग्लैंड के जेमी स्मिथ और जॉनी बेयरस्टो, न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र, श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा और मथीशा पथिराना जैसे खिलाड़ी भी हैं।

### इन खिलाड़ियों ने बेस प्राइस रखा 2 करोड़


रवि बिश्नोई


वेंकटेश अय्यर


मुजीब उर रहमान


लियाम लिविंगस्टोन

रवि बिश्नोई और वेंकटेश अय्यर के रूप में सिर्फ 2 भारतीय खिलाड़ियों ने अपना बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये रखा है। वहीं, ग्रीन, स्मिथ, जेमी स्मिथ, मुजीब उर रहमान, नवीन उल हक, सीन एबॉट, एस्टन एगर, कूपर कोनोली, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, इंग्लिस, मुस्तफ़िज़ुर रहमान, गस एटकिंसन, टॉम बैंटन, टॉम कर्रन, लियाम डॉसन, बेन डकेट, डेनियल लॉरेंस, लियाम लिविंगस्टोन, डेरिल मिचेल, रचिन, और हसरंगा, वेस्टइंडीज के शाई होप, अकील होसेन और अल्जारी जोसेफ समेत कुल 43 विदेशी खिलाड़ियों ने खुद का बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये रखा है।

### नीलामी से भरे जाने हैं अधिकतम 71 स्लॉट

आईपीएल ने 30 नवंबर को रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख खत्म होने के बाद फ्रेंचाइजी के साथ सूची साझा की है। हर फ्रेंचाइजी अपनी टीम में अधिकतम 25 खिलाड़ियों के कोटे को नीलामी के जरिए पूरी कर सकती है। बता दें कि अबू धाबी में होने वाली अगली नीलामी में अधिकतम 77 स्लॉट भरे जा सकते हैं, जिसमें 31 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। ऐसे में नीलामी के दिलचस्प होने की उम्मीद है।

### 14 देशों के खिलाड़ियों ने भी दिया है अपना नाम

बांग्लादेशी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने खुद का बेस प्राइस 1 करोड़ रुपये रखा है। नीलामी के लिए अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, बांग्लादेश, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे, नीदरलैंड, स्कॉटलैंड, मलेशिया और USA के देशों के विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। मलेशिया के ऑलराउंडर वीरनदीप सिंह ने 30 लाख रुपये में अपना नाम दर्ज कराया है।

### नीलामी में ये खिलाड़ी नहीं आएंगे नजर







**आंद्रे रसेल**
पूर्व ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने हाल ही में आईपीएल से संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने आईपीएल में कुल 140 मैचों में 2,651 रन और 123 विकेट लिए हैं।

**फाफ डु प्लेसिस**
फाफ डु प्लेसिस पाकिस्तान सुपर लीग के अगले संस्करण में हिस्सा लेंगे, जिसके चलते आईपीएल के लिए उपलब्ध नहीं हो सकेंगे।

**मोईन अली**
इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर मोईन अली ने भी पीएसएल में खेलने का फैसला किया है। वह आईपीएल 2025 में सिर्फ 6 मैचों में ही खेल सके थे और चोट के कारण पूरा सीजन नहीं खेल सके थे।

## खबर संक्षेप



### पंड्या को देखने इतनी उमड़ी भीड़, दूसरे स्टेडियम में हुआ मैच

**हैदराबाद।** भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को देखने के लिए जबरदस्त भीड़ को देखते हुए आयोजकों को बृहस्पतिवार को यहां जिमखाना मैदान जैसे साधारण स्थल से सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के मैच को अधिक सुरक्षित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में स्थानांतरित करना पड़ा। यह मुकाबला उनकी टीम बड़ौदा और गुजरात के बीच खेला गया। इसमें बड़ौदा ने आठ विकेट से जीत दर्ज की। हार्दिक की मौजूदगी के कारण अप्रत्याशित भीड़ और सुरक्षा चिंताओं की वजह से यह फैसला लिया गया। भारतीय हरफनमौला का चोट से उबरने के बाद यह दूसरा प्रतिस्पर्धी मैच था। पंजाब के खिलाफ नाबाद 77 रन ठोकने के बाद हार्दिक ने गुजरात के खिलाफ 10 रन बनाए और एक विकेट हासिल किया। वह आगामी पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की जर्सी में नजर आएंगे जो नौ दिसंबर से कटक में शुरू होगी।

### श्रीलंका से टी20 श्रृंखला में नए खिलाड़ियों को मौका दे सकता है पाकिस्तान

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की चयन समिति श्रीलंका में सात से 11 जनवरी तक होने वाली तीन मैच की टी20 श्रृंखला के लिए अपनी टीम में कुछ नए चेहरे शामिल कर सकती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि पीसीबी ने ऑस्ट्रेलिया में 14 दिसंबर से जनवरी तक चलने वाली बिग बैश लीग में खेलने के लिए छह मुख्य खिलाड़ियों को एनओसी जारी कर रखी है। इसके बाद ही उसने श्रीलंका दौरे का कार्यक्रम बनाया। बीबीएल के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टीमों को पाकिस्तानी खिलाड़ियों को अनुबंधित करने की अनुमति देने से पहले यह स्पष्ट कर दिया था कि वे पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### द हंड्रेड लीग में 'एमआई लंदन' नाम से खेलेगी टीम

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने इंग्लैंड की 'द हंड्रेड' लीग की ओवल इनविंसिबल्स फ्रेंचाइजी के साथ साझेदारी डील पूरी कर ली है। इस डील के तहत, ये फ्रेंचाइजी 2026 सीजन से 'एमआई लंदन' (मुंबई इंडियंस लंदन) के नाम से जानी जाएगी। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड के अनुसार, लीग की सभी 8 टीमों के लिए अब निवेश साझेदारियां तय हो चुकी हैं। रिलायंस ने ओवल इनविंसिबल्स में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की है और बाकी 51 प्रतिशत हिस्सेदारी सरे काउंटी क्रिकेट क्लब के पास रहेगी। वहीं, केन एंड एरेस ने ट्रेंट रॉकेट्स में अपना इन्वेस्टमेंट फाइनल कर लिया है। बता दें कि रिलायंस समूह की आईपीएल और विमेंस प्रीमीयर लीग में MI की टीम हिस्सा लेती है।

## एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप में हो रहे रोमांचक मैच

# बेल्जियम के खिलाफ आज क्वार्टर फाइनल में होगी भारतीय टीम की असली परीक्षा

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारत ने अपेक्षाकृत आसान पूल में लगभग प्रत्येक विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप में उसकी असली परीक्षा बेल्जियम के खिलाफ आज शुक्रवार को यहां होने वाले क्वार्टर फाइनल मैच में होगी।

चिली, ओमान और स्विट्जरलैंड के साथ पूल बी में शामिल भारत ने शानदार प्रदर्शन करके पहले स्थान पर रहते हुए नाकआउट दौर में प्रवेश किया। क्वार्टर फ़ाइनल के अन्य मैचों में स्पेन का सामना न्यूज़ीलैंड से, फ्रांस का सामना जर्मनी से और नीदरलैंड का सामना अर्जेंटीना से होगा।



### भारतीय टीम का अभी तक सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट

भारतीय टीम ने पूल चरण में 29 गोल किए और एक भी गोल नहीं खाया, जो टूर्नामेंट में भाग ले रही सभी 24 टीमों में सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट है लेकिन पीआर श्रीजेश की कोचिंग वाली टीम यह बात अच्छी तरह जानती है कि इन परिणामों का आगे कोई महत्व नहीं होगा, क्योंकि टूर्नामेंट के अंतिम चरण में उनका सामना मजबूत टीमों से होगा। यहां से कोई भी चूक भारत के नौ साल बाद घरेलू मैदान पर खिताब जीतने के सपने को चकनाचूर कर सकती है।

### भारत ने 2016 में जीता था खिताब

भारत ने आखिरी बार 2016 में लखनऊ में खिताब जीता था। भारत पूल चरण में शानदार प्रदर्शन करके इस उपलब्धि को दोहराने की स्थिति में दिख रहा है। उसने अभी तक 18 मैदानी गोल किए हैं। इसके अलावा उसने नौ गोल पेनल्टी कॉर्नर से और दो पेनल्टी स्ट्रोक से किए हैं लेकिन यहां से भारतीय टीम की राह आसान नहीं होगी और किसी भी तरह का अति आत्मविश्वास उसे खिताब की दौड़ से बाहर कर सकता है।

### विश्व कप टूर्नामेंट आसान नहीं : कोच श्रीजेश

श्रीजेश ने कहा, "जूनियर विश्व कप कोई आसान टूर्नामेंट नहीं है। मेरा मतलब है कि इनमें से कोई भी टीम आपको आसानी से जीत हासिल नहीं करने देगी। टूर्नामेंट की असली शुरुआत तो अब होगी और कोई भी गलती भारी पड़ सकती है। उन्होंने कहा, "निश्चित रूप से कुछ क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है। अगले मैच से असली टूर्नामेंट शुरू होगा और हमारे लिए उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना बहुत महत्वपूर्ण है।

**भारतीय स्ट्राइकरों का शानदार प्रदर्शन** : भारतीय स्ट्राइकरों ने पूल चरण में शानदार प्रदर्शन किया। दिलराज सिंह (06 गोल), मनमीत (05), अर्शदीप सिंह (04), अजीत यादव और गुरजोत सिंह (दोनों दो-दो गोल) सभी ने अपना प्रभाव छोड़ा है। रोसन कुजूर, एड्रोई एक्का, अंकित पाल और इंगलेम्बा लुवांग थोउनाओजम ने मध्यपंक्ति में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उनकी असली परीक्षा अब होगी।

### इंग्लैंड ने चिली और मलेशिया को दक्षिण अफ्रीका ने हराया



**चेन्नई।** इंग्लैंड ने जूनियर पुरूष हॉकी विश्व कप के मुकाबले में गुरूवार को चिली को 3-1 से हराया। मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम पर खेले गए मैच में इंग्लैंड के लिये काडेन ड्रेसे ने तेरहवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर पहला गोल दागा। वहीं कप्तान मैक्स एंडरसन ने दूसरे क्वार्टर में फील्ड गोल करके बढत दुगुनी कर दी। इसके चार मिनट बाद चिली के लिये जेवियर वर्गास ने बेहतरीन फील्ड गोल करके अंतर कम किया। इंग्लैंड ने हालांकि जवाबी हमलों में जॉनी हिबिट स्टर्च के गोल के दम पर फिर 3-1 से बढ़त बनाकर जीत हासिल कर ली।

### ऐसा रहा दक्षिण अफ्रीका और मलेशिया का मैच

दक्षिण अफ्रीका ने जेडन बूकर के दो गोलों की मदद से मलेशिया को नौवे से 16वें स्थान के क्लासीफिकेशन मैच में 3-1 से हराया। मैच में चारों गोल पेनल्टी कॉर्नर पर हुए। बूकर ने 18वें और 39वें मिनट में गोल दागे जबकि तीसरा गोल रोस मोंटगोमेरी ने 58वें मिनट में किया। मलेशिया के लिये एकमात्र गोल मैट अकील ने 48वें मिनट में किया।

## प्रीमियर लीग फुटबॉल

# आर्सेनल ने ब्रेंटफोर्ड को 2 गोल से हराया, 5 अंक की बढ़त की हासिल



एजेंसी ▶▶| लंदन

आर्सेनल ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में पांच अंक की बढ़त हासिल कर ली है जबकि लिवरपूल का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा।

आर्सेनल ने जहां ब्रेंटफोर्ड पर 2-0 की जीत के साथ प्रीमियर लीग खिताब की ओर मजबूत कदम बढ़ाए, वहीं लिवरपूल ने एनफील्ड में अंतिम क्षणों में आत्मघाती गोल की मदद से संदरलैंड के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। मौजूदा चैंपियन लिवरपूल की टीम अब आठवें स्थान पर है। लिवरपूल के कोच आर्ने स्लॉट स्टार फारवर्ड मोहम्मद सलाह को लगातार दूसरे मैच में शुरुआती लाइनअप से बाहर रखने के कारण आलोचकों के निशाने पर हैं।

### चेल्सी को लीड्स के हाथों मिली हार

इस बीच चेल्सी को लीड्स के हाथों 3-1 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे खिताब जीतने की उसकी उम्मीदों को झटका लगा। इस हार से चेल्सी चौथे स्थान पर खिसक गई और आर्सेनल से नौ अंक पीछे हो गई, जिसने सभी प्रतियोगिताओं में अपना अजेय अभियान 18 मैचों तक बढ़ा लिया है और 2004 के बाद से पहली बार लीग खिताब जीतने की ओर अग्रसर है।

### अन्य मैचों का ऐसा रहा परिणाम

आखिरी स्थान पर चल रहे वॉल्वरहैम्प्टन को नॉटिंघम फ्रॉरेस्ट के हाथों अपने घरेलू मैदान पर 1-0 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि एस्टन विला ने ब्राइटन पर 4-3 से जीत हासिल की। इससे वह चेल्सी से ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गया। क्रिस्टल पैलेस ने एक अन्य मैच में बर्नले को 1-0 से हराया।

## टी-20 क्रिकेट

# सूर्यकुमार बने मुंबई के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज



एजेंसी ▶▶| लखनऊ

लखनऊ में खेले गए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025-26 मुकाबले में मुंबई को केरल के खिलाफ 15 रन से हार मिली। 179 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए शार्दुल ठाकुर की अगुवाई वाली मुंबई 163 पर सिमट गई। सरफराज खान ने अर्धशतक लगाया, जबकि अजिंक्य रहाणे और सूर्यकुमार यादव ने अच्छी पारियां खेलीं। इस मैच के दौरान सूर्यकुमार ने बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। वह मुंबई के टी-20 क्रिकेट इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए।

### सूर्यकुमार की पारी

केलर द्वारा दिए गए 179 रन के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई को शुरुआत में आयुष म्हात्रे (3) के रूप में जल्दी झटका लगा। इसके बाद सरफराज और रहाणे ने 80 रनों की साझेदारी कर टीम को संभाला। 100 रन से पहले दोनों के आउट होने के बाद मुंबई की उम्मीदें सूर्यकुमार ने जीवित रखीं। उन्होंने 25 गेंदों में 32 रन बनाए और अपनी पारी में 4 चौके जड़े। हालांकि, केएम आसिफ की गेंद पर आउट होकर वह पवेलियन लौट गए।

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 के नॉकआउट मैचों में खेल सकते हैं रोहित



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा इस समय दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे सीरीज खेल रहे हैं। तीन मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मैच 6 दिसंबर को खेला जाना है। इस बीच खबर है कि रोहित वनडे सीरीज के सम्पन्न होने के ठीक बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई की ओर से खेलते हुए नजर आ सकते हैं। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के नॉकआउट मैच 12 दिसंबर से खेले जाने हैं। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के सूत्र के हवाले से कहा गया कि रोहित ने मुश्ताक अली ट्रॉफी के नॉकआउट में मुंबई के लिए खेलने की इच्छा व्यक्त की है।

# अर्जुन एरिगैसी ने आनंद को हराकर जेरूशलम मास्टर्स का खिताब जीता

एजेंसी ▶▶| जेरूशलम



ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने यहां फाइनल में हमवतन और पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद को हराकर जेरूशलम मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीता। इन दोनों खिलाड़ियों ने शुरुआती रैपिड गेम ड्रॉ किए। इसके बाद एरिगैसी ने पहले ब्लिट्ज टाईब्रेक मैच में सफेद मोहरों से जीत हासिल कर निर्णायक बढ़त हासिल कर ली। इस जीत के साथ एरिगैसी को 55,000 अमेरिकी डॉलर, जबकि आनंद को 35,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली।

**सेमीफाइनल में इनको हराया था दोनों ने :** एरिगैसी ने सेमीफाइनल में रूस के ग्रैंडमास्टर पीटर स्विडलर को जबकि आनंद ने विश्व ब्लिट्ज चैंपियन इयान नेपोमनियाची को हराया था। 'चेसबेस डॉट कॉम' की रिपोर्ट के अनुसार 22 वर्षीय एरिगैसी दूसरे ब्लिट्ज मुकाबले में भी जीत हासिल करने के करीब पहुंच गए थे लेकिन आखिर में उन्हें ड्रॉ से संतोष करना पड़ा लेकिन यह मुकाबला और खिताब जीतने के लिए पर्याप्त था।

# एमबाप्पे के दो गोल से रियाल मैड्रिड की मिली आसान जीत

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

काइलियन एमबाप्पे के दो गोल और एक अन्य गोल में मदद करने की बदौलत रियाल मैड्रिड ने एथलेटिक बिलबाओ को 3-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में पिछले तीन मैच से जीत हासिल नहीं कर पाने का सिलसिला खत्म किया।

एडुआर्डो कैमाविंगा ने भी मैड्रिड के लिए गोल किया, जिससे उसकी टीम ने शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना से अंतर कम कर दिया है। बार्सिलोना अब अपने इस चिर प्रतिद्वंद्वी से केवल एक अंक आगे है। उसने मंगलवार को एटलेटिको मैड्रिड को 3-1 से हराया था। एमबाप्पे ने सभी प्रतियोगिताओं में अपने पिछले तीन मैचों में सात गोल किए हैं। उन्होंने गिरोना के खिलाफ एक गोल किया था और ओलंपियाकोस के खिलाफ चैंपियंस लीग के मैच में 4-3 की जीत में चार गोल दागे थे।



### एमबाप्पे ने इस सत्र में 30 गोल किए

इस फ्रांसीसी स्टार ने इस सत्र में अपने क्लब और देश के लिए कुल 24 मैचों में 30 गोल किए हैं। वह स्पेनिश लीग (16 गोल) और चैंपियंस लीग (नौ गोल) दोनों में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं।

## शुरुआती दो मैच विशाखापत्तनम में, बाकी के तिरुवनंतपुरम में खेले जाएंगे

# महिला टी-20 सीरीज में 21 को भारत की श्रीलंका से भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम 21 दिसंबर से 30 दिसंबर तक श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इस बारे में आधिकारिक तौर पर जानकारी दी है। सीरीज के मैच विशाखापत्तनम के एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम और तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारत ने आखिरी बार इस साल जुलाई में इंग्लैंड में टी-20 सीरीज खेली थी। भारत ने उस सीरीज को 3-2 के अंतर से जीता था। वहीं, श्रीलंका ने मार्च के बाद से कोई टी-20 सीरीज नहीं खेली है।



### पहली बार महिला टी-20 के मैच तिरुवनंतपुरम में

खास बात यह है कि यह पहला ऐसा मौका होगा, जब तिरुवनंतपुरम महिलाओं के अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी करेगा। यहां इससे पहले पुरुषों के टी-20 और वनडे मैच खेले जा चुके हैं। विशाखापत्तनम ने महिलाओं के वनडे विश्व कप 2025 के दौरान दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के लीग मैचों की मेजबानी की थी। इसके साथ-साथ 10 दिन के प्री-टूर्नामेंट कैंप की भी मेजबानी की थी।

### ऐसा है टी-20 सीरीज का कार्यक्रम

बता दें कि 21 दिसंबर को होने वाले पहले मैच के साथ श्रीलंका और भारत के बीच टी-20 सीरीज की शुरुआत हो जाएगी। इसके बाद 23 दिसंबर को दूसरा टी-20 मैच खेला जाएगा। शुरुआती 2 मुकाबले विशाखापत्तनम में खेले जाएंगे।

Nippon India Mutual Fund
Wealth sets you free

Mutual Fund Investor Awareness Program

To increase awareness about Mutual Funds, we conduct Investor Awareness Programmes (IAPs) across the country. Schedule of upcoming IAP is as mentioned below:

| Date | Time | Location |
|---|---|---|
| 06th December, 2025 | 01:00 PM | Jabalpur |

Venue: Hotel BK Castles, Jayanti Complex, Marhatal, Jabalpur MP 482001
Name: Mukesh Sahu | Mob. No.: 8828008861

Nippon Life India Asset Management Limited CIN:L65910MH1995PLC220793

Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.




# "जबलपुर में गूँजा पराक्रम": अग्निवीरों के छठे बैच की हुई भव्य पासिंग ऑउट परेड



**जबलपुर।** मध्य भारत एरिया के अंतर्गत जबलपुर मिलिट्री स्टेशन का गौरवशाली इतिहास एक और स्वर्णिम अध्याय से जुड़ गया, जब भारतीय सेना के जम्मू एवं कश्मीर राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर और 1 सिग्नल ट्रेनिंग सेंटर के अग्निवीरों का छठा बैच पास आउट हुआ। इस गरिमामय अवसर पर दोनों प्रशिक्षण केंद्रों ने सेना को कुल 1113 अग्निवीर और 441 टेरिटोरियल आर्मी (टीए) सैनिक प्रदान किए।

जम्मू एवं कश्मीर राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर से 460 अग्निवीर एवं 441 टीए सैनिक, जबकि 1 सिग्नल ट्रेनिंग सेंटर से 653 अग्निवीर पास आउट हुए। रेजिमेंटल सेंटर में पासिंग आउट परेड की समीक्षा ट्रेनिंग सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर राकेश शर्मा, तथा 1 सिग्नल ट्रेनिंग सेंटर में ब्रिगेडियर टी. सुरेश ने की। परेड में सैन्य अधिकारी, जेसीओ, सैनिक और प्रशिक्षणार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में दोनों कमांडेंट्स ने अग्निवीरों को राष्ट्रध्वज के प्रति ली गई अपनी शपथ को सदैव स्मरण रखने और रेजिमेंट व राष्ट्र की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का आह्वान किया। 31 सप्ताह के कठोर एवं अनुशासित प्रशिक्षण के पश्चात इन युवा अग्निवीरों ने उत्कृष्ट साहस, दृढ़ता और निष्ठा का परिचय दिया। प्रशिक्षण के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अग्निवीरों को समारोह में सम्मानित भी किया गया।



समारोह के दौरान अग्निवीरों ने गीता, कुरान, गुरु ग्रंथ साहिब और बाइबल पर हाथ रखकर देश की संप्रभुता एवं अखंडता की रक्षा की शपथ ली, जो भारत की धर्मनिरपेक्ष एकता का प्रतीक है। परेड में शामिल अग्निवीरों के माता-पिता ने गर्व से इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षात्कार किया। राष्ट्रनिर्माण में अपने योगदान के लिए उन्हें 'गौरव पदक' से सम्मानित किया गया।

### हाईकोर्ट का निर्देश, आपस में बैठकर करें बालक की कस्टडी का मसला

## महिला ने याचिका में कहा- दादा दादी को नहीं देगी बेटे का संरक्षण, बुजुर्ग दंपति ने कहा - अनुकम्पा नियुक्ति पाते ही बहू ने छोड़ दिया घर

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में एक महिला ने भोपाल एसडीएम के आदेश को चुनौती देते हुए कहा कि उसका बेटा अभी नाबालिग है और वह उसे दादा-दादी को नहीं सौंप सकती। वहीं, दादा दादी की ओर से कहा गया कि बेटे की मृत्यु के बाद बहू ने अनुकंपा नियुक्ति ले ली। इसके बाद वह घर छोड़कर चली गई। अपने साथ हमारे नाती को भी ले गई। उन्हें नाती की कस्टडी दी जाए। सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने दोनों पक्षों को यह सलाह दी है कि आपस में बैठकर इस मामले का निपटारा करें। कोर्ट ने मामले में अगली सुनवाई 8 जनवरी तय की है। भोपाल की प्रियंका श्रीवास्तव ने याचिका दायर कर कहा कि पति के देहांत के बाद सास-ससुर से उसका झगड़ा हो गया था। घरेलू हिंसा का मामला थाने तक पहुंच गया. इसके बाद से वह सास-ससुर के साथ नहीं रहती। इस पर गोविंदपुरा निवासी ससुर प्रमोद श्रीवास्तव और सास रंजना श्रीवास्तव ने एसडीएम कोर्ट में आवेदन दिया था। इसमें कहा गया कि बेटे के निधन के बाद बहू प्रियंका को अनुकंपा नियुक्ति मिली। अब प्रियंका रेलवे में तृतीय श्रेणी की कर्मचारी है। जैसे ही प्रियंका को नौकरी मिली तो उसने घर छोड़ दिया



और वह अलग रहने लगी। बहू के साथ नाती भी चला गया। नाती की उम्र अभी 10 साल से कम है अनुकंपा नियुक्ति मिलने के बाद से ही बहू उनकी सेवा नहीं कर रही है। उनका नाती उन्हें वापस दिलवाया जाए। एसडीएम कोर्ट ने बुजुर्ग दंपती के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा माता-पिता वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 के तहत प्रियंका को सास ससुर का ध्यान रखना होगा। नाती भी अब दादा-दादी के साथ रहेगा। एसडीएम के इसी आदेश को प्रियंका की ओर से हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। तर्क दिया गया कि एसडीएम कोर्ट को यह अधिकार नहीं है कि वह नाबालिग बच्चे की कस्टडी दादा-दादी को दें। सास-ससुर की सेवा करने में उसे कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन पहले घरेलू हिंसा का मामला हो चुका है। इसलिए ऐसी स्थिति में वह उनके साथ नहीं रह पा रही है।

## विस में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, विधायक अजय सिंह राहुल और लखन घनघोरिया को नोटिस

- एमपीएमएलए कोर्ट ने 16 जनवरी को हाजिर होने के दिए आदेश
- नेशनल हेल्थ मिशन के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजर के खिलाफ फर्जी अंकसूची के आरोप लगाने का मामला

**जबलपुर।** एमपीएमएलए की विशेष अदालत ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार , विधायक अजय सिंह राहुल और लखन घनघोरिया को नोटिस जारी किए हैं। कोर्ट ने उन्हें 16 जनवरी को हाजिर होने के आदेश दिए है। नेशनल हेल्थ मिशन के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजर विजय पांडे द्वारा दायर अपराधिक मानहानि के मामले में कोर्ट ने यह आदेश जारी किया है। नेशनल हेल्थ मिशन के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजर विजय पांडे की ओर से कोर्ट को बताया गया कि कांग्रेस नेताओं ने उनके खिलाफ फर्जी अंकसूची की मदद से नौकरी करने के आरोप लगाये थे। नेताओं ने अंक सूची को लेकर प्रेस कांफ्रेंस की थी। कांग्रेस नेताओं ने विगत 05 अगस्त को उन पर फर्जी अंकसूची का आरोप लगाते हुए विधानसभा का वॉकआउट किया था। विधानसभा में हंगामे के बाद राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की संचालक सलोनी सिडाना ने उन्हें पद से हटा दिया था। नौकरी से हटा दिए जाने के बाद कोर्ट में यह आपराधिक मानहानि का मुकदमा दायर किया था इसमें कहा गया कि उनके खिलाफ विभागीय जांच भी हुई थी जिसमें कांग्रेस दल के आरोप झूठे निकले थे। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की जांच में अंकसूची सही पाई गई थी।

## अपराध दर्ज करने से पूर्व सुनवाई का अवसर देना आवश्यक

**हाईकोर्ट ने कहा, अवसर न देने पर स्वीकार की अग्रिम जमानत अर्जी**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, बीएनएसस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध करने से पूर्व आरोपित को सुनवाई का अवसर न दिए जाने को अनुचित करार दिया। इसी आधार पर जस्टिस एके पालीवाल की सिंगल बेंच ने धोखाधड़ी के आरोपी की अग्रिम जमानत अर्जी स्वीकार कर ली। आवेदक रीवा निवासी विद्या मिश्रा सहित अन्य की ओर से अधिवक्ता आशीष त्रिवेदी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि रीवा निवासी पुष्प द्विवेदी ने अदालत में परिवाद दायर किया है। जिसमें आरोप लगाया कि उसकी जमीन आरोपितों ने धोखाधड़ी कर बेच दी है। इस पर संज्ञान लेकर अदालत ने प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दे दिए। लेकिन इससे पूर्व आरोपित पक्ष को सुना नहीं गया। इसलिए अग्रिम जमानत अपेक्षित है। हाईकोर्ट ने मांग स्वीकार कर ली।

### जनहित याचिकाकर्ता ने कहा-अगली सुनवाई में पेश कर देंगे वीडियो क्लिपिंग्स और रिकार्डिंग

## हाईकोर्ट ने पूछा-जनहित याचिका दायर करने के पहले सत्यता जानने क्या रिसर्च की

**सागर के चार पुलिस थानों में शराब बिक्री, ड्रग तस्करी, देह व्यापार को संरक्षण के आरोप का मामला**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर सागर जिले के चार पुलिस थानों में शराब बिक्री, ड्रग तस्करी, देह व्यापार को संरक्षण दिए जाने के रवैये पर कार्रवाई के दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई है। गुरुवार को मामला जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस रामकुमार चौबे की डिवीजन बेंच के समक्ष सुनवाई के लिए लगा। इस दौरान कोर्ट ने याचिकाकर्ता से सवाल किया कि जिस समाचार के आधार पर यह जनहित याचिका दायर की गई है, उसकी सत्यता जानने क्या रिसर्च की थी। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि उनके पास वीडियो क्लिपिंग्स और और रिकार्डिंग है, जिसे अगली सुनवाई के दौरान पेश कर देंगे। कोर्ट ने यह सुनने के बाद अगली सुनवाई 12 दिसंबर को नियत कर दी।

जनहित याचिकाकर्ता जबलपुर की एडवोकेट यूनियन फार डेमोक्रेसी एंड सोशल जस्टिस संस्था की ओर से अधिवक्ता पुष्पेंद्र कुमार शाह एवं वरुण ठाकुर ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि सागर जिले के पुलिस थाना गोपालगंज, मकरोनिया, मोतीनगर व बहेरिया में अपराध पर नियंत्रण के स्थान पर संरक्षण देने की उलटी कार्य अपसंस्कृति चिंताजनक है। एक लोकतांत्रिक देश में जिन पर कानून की रक्षा करने का दायित्व है उन्हीं अधिकारियों द्वारा कानून को हाथ में लेकर अवैध कार्य किया जा रहा है। जनहित याचिका में मांग की गई कि इस मामले में स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।

### एक अन्य याचिका दायर

उक्त जनहित याचिका के अलावा एक अन्य याचिका दायर की गई है, जिसके जरिए मामला उजागर करने वालों ने जान का खतरा होने की बात कही है। उन्हें आशंका है कि पुलिस द्वारा उन्हें प्रताड़ित करने और उन पर झूठे आपराधिक मामले पंजीबद्ध करने की कोशिश की जाएगी। गिरफ्तार करने पुलिस उनके पीछे पड़ी है और काल डीटेल खंगाल रही है। लिहाजा, सुरक्षा सुनश्चित की जाए।




### ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज

## हादसाः रिछाई फैक्ट्री में एक श्रमिक की मौत, 2 घायल

**जबलपुर।** अधारताल थाना क्षेत्र में रिछाई इंडसट्रियल एरिया उदयपुर वेवरेज फैक्ट्री शीतलपेय प्राईवेट लिमिटेड में गत 20 नवंबर को हुई एक दुर्घटना में एक श्रमिक की मौत होने और दो के घायल होने के मामलें में जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर लिया है।

घटना के संबंध में अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 20 नवंबर की शाम 5.15 बजे रिछाई फैक्ट्री में काम के दौरान लोहे का मटेरियल गिरने से आई चोटों के कारण रांची झारखंड निवासी 38 वर्षीय श्रमिक महादेव उरवा की मेडिकल कॉलेज



अस्पताल में मृत्यु हो गई थी। वहीं इस दुर्घटना में बिंदेश्वर साहू और धनवीर सिंह ठाकुर घायल हो गए थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामलें की विवेचना शुरु की। इस दौरान घटना के साक्षियों के बयान लिए गए जिसमें यह बात सामने आई कि सभी श्रमिक ठेकेदार भोपाल निवासी गिरवल सिंह के अंडर में काम करते थे। घटना के समय लोहे के रैक, गोदरेज इस्ट्रक्चर खड़ा करने के दौरान, इस्ट्रक्चर अचानक गिर गया, जिससे यह हादसा हुआ। जांच में यह बात भी सामने आई कि ठेकेदार गिरवल सिंह के द्वारा लोहे के रैक , गोदरेज इस्ट्रक्चर खड़ा करवाते समय कोई भी सुरक्षा का इंतजाम नहीं किया गया था, लिहाजा लापरवाही के चलते एक श्रमिक की जान गई और दो श्रमिक घायल हुए। पुलिस ने बयानों के अधार पर ठेकेदार गिरवल सिंह के खिलाफ धारा 106(1),125 (ए) बीएनएस 2023 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## गंभीर गैस पीड़ितों को अतिरिक्त मुआवज़ा देने की मांग पर जवाब के लिए मोहलत

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार को उस जनहित याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया है, जिसमें गंभीर रूप से घायल गैस पीड़ितों को एक विशेष श्रेणी के लिए अतिरिक्त मुआवज़ा देने की मांग की गई है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने मामले पर अगली सुनवाई 19 जनवरी को नियत की है।

भोपाल गैस पीड़ित महिला पुरुष संघर्ष मोर्चा, भोपाल गैस पीड़ित स्टेशनरी महिला कर्मचारी संघ, भोपाल गैस पीड़ित निराश्रित पेंशन भोगी संघर्ष मोर्चा और भोपाल ग्रुप फॉर इन्फॉर्मेशन एंड एक्शन ने एक याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि गंभीर रूप से घायल गैस पीड़ितों को अस्थायी विकलांगता और मामूली चोट के रूप में गलत तरीके से वर्गीकृत किया गया था, जिससे उन्हें वर्षों तक कम मुआवज़ा मिला। गंभीर रूप से घायल गैस पीड़ितों को अतिरिक्त मुआवज़ा दिया जाना चाहिए। इस मामले में हाईकोर्ट ने 11 अगस्त, 2025 को केंद्र और राज्य सरकार को नोटिस जारी जवाब मांगा था। मामले पर गुरूवार को सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से जवाब पेश करने अतिरिक्त मोहलत मांगी गई।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240